दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 12 | जयपुर | गुरुवार, 14 नवम्बर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# 10 राज्यों की 31 विधानसभा, वायनाड लोकसभा सीट पर वोटिंग खत्म

## बंगाल में टीएमसी नेता की मौत; राजस्थान में निर्दलीय प्रत्याशी ने एसडीएम को थप्पड़ मारा

## झारखंड में 43 सीटों पर 65% मतदान

बढ़ता राजस्थान

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में मंगलवार को 15 जिलों की 43 सीटों पर शाम पांच बजे वोटिंग हो गई। शाम 5 बजे तक 64.86% मतदान हुआ है। हालांकि, अभी फाइनल आंकड़ा नहीं आया है। वहीं, बिना बताए गायब रहने पर गुमला के पुलिस ऑब्जर्बर किशन सहाय मीणा को चुनाव आयोग ने सस्पेंड कर दिया है। खास बात ये है कि इस बार रांची जिले के तमाड़ के आरहंगा में आजादी के बाद पहली बार पोलिंग बूथ बना है।

वहां लोगों ने पहली बार भयमुक्त होकर वोट किया। पहले ये इलाका नक्सल प्रभावित था। इस कारण इसको प्रशासन रिलोकेट कर देता था। नक्सलियों के डर से लोग दूर जाकर वोट देने नहीं जाते थे। यदा-कदा कुछ लोग चोरी छिपे वोट डालते थे। झारखंड के फर्स्ट फेज में पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, उनका बेटा बाबूलाल सोरेन, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा, रघुवर दास की बहू पूर्णिमा साहू, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री रामेश्वर उरांव, रांची विधायक सीपी सिंह और जेएमएम की राज्यसभा सांसद महुआ मांझी चुनावी मैदान में हैं। राज्य की 81 विधानसभा सीटों में बाकी बची 38 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी।




## झारखंड में कांटे की टक्कर, विधायकों की बढ़ी धड़कनें

### भाजपा की जीती हुई 13 सीटों पर 2 तो इंडिया की 28 सीटों पर 3% बढ़ी वोटिंग

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले फेज का मतदान 13 नवंबर को खत्म हो गया। शाम पांच बजे तक 65त्न वोटिंग हुई। इस बार भी ग्रामीण इलाके में ज्यादा वोटिंग हुई, शहर में रफ्तार धीमी रही। हालांकि, चुनाव का फाइनल डेटा आना अभी बाकी है। खास बात रही कि आदिवासी रिजर्व 43 में से 20 सीटों पर पिछली बार (2019 विधानसभा चुनाव) से 3त्न तक ज्यादा वोटिंग हुई है। यही वोट तय करेगा कि सरकार किसकी बनेगी। वहीं, 43 में से 28 सीटों पर पिछली बार यूपीए ने जीत दर्ज की थी, उसकी सीटों पर भी वोटिंग में 3% से ज्यादा तक की बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि, भाजपा की जीती हुई 13 सीटों पर भी वोटिंग में 2 फीसदी तक की बढ़त है।

इस पर जानकारों का कहना है कि वोटिंग प्रतिशत के बढ़ना अच्छी बात है, लेकिन सीटिंग विधायकों के लिए ये खतरे की घंटी हो सकती है। उनकी धड़कने बढ़ गई होगी, क्योंकि एंटी इनकंबेंसी में वोटिंग के बढ़ने का ट्रेंड हैं।

### हर चुनाव में करीब 50% विधायकों के चुनाव हारने का है ट्रेंड

सीनियर जर्नलिस्ट ज्ञान रंजन सिंह ने बताया, 'झारखंड में यह ट्रेंड रहा है कि हर चुनाव में करीब 50% सीटिंग विधायक चुनाव हार जाते हैं। हर सीट पर वोटिंग बढ़ने का मतलब है कि स्थानीय लेवल पर एंटी इनकंबेंसी भी हावी हो सकती है।'

# देवली-उनियारा में निर्दलीय प्रत्याशी ने एसडीएम को थप्पड़ जड़ा

## नरेश मीणा जबरन मतदान केंद्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे; गुढ़ा का बूथ कैप्चरिंग का आरोप



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में 7 सीटों पर उपचुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। इससे पहले दिनभर हुई वोटिंग के दौरान कई विवाद भी सामने आए है।

देवली-उनियारा विधानसभा के समरावता में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने एसडीएम को अमित चौधरी के थप्पड़ जड़ दिया। मीणा की वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों से भी हाथापाई हुई। नरेश मीणा पर जबरन पोलिंग बूथ में घुसने का आरोप है। वहीं, नरेश मीणा का कहना है कि इस गांव के लोगों की उपखंड मुख्यालय बदलवाने की मांग है। इसलिए उन्होंने वोटिंग का बहिष्कार किया है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी जबरन लोगों को धमकाकर वोट डलवा रहे थे। इसी बात का विरोध उन्होंने किया था।

वहीं, झुंझुनूं के कलां गांव में फर्जी वोटिंग के विवाद में मारपीट हो गई। दावा किया जा रहा है कि निर्दलीय कैंडिडेट राजेंद्र गुढ़ा के एजेंट ने दूसरे प्रत्याशी के फर्जी वोटर को रोकने की कोशिश की तो दोनों में विवाद हो गया। मौके पर पहुंची पोलिंग पार्टी ने स्थिति संभाली। पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने प्रशासन पर फर्जी वोटिंग करवाने का आरोप लगाते हुए कहा- प्रशासन और पुलिस मिली हुई है। बूथ कैप्चर कर रखा है, वोट डालने नहीं दिए जा रहे हैं। इधर, खींवसर के कुचेरा में मतदान के दौरान एक बुजुर्ग कालूलाल घांची (68) को हार्टअटैक आ गया। बूथ पर मौजूद पुलिस के जवान अर्जुनलाल ने सीपीआर देकर उनकी जान बचाई। उपचुनाव की 7 सीटों पर शाम 5 बजे तक करीब 64.75 फीसदी वोटिंग हुई है।

### 23 नवंबर को आएंगे उपचुनाव के नतीजे

इनमें देवली-उनियारा सीट पर सबसे ज्यादा 3 .02 लाख वोटर्स हैं। उपचुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। सातों सीटों पर हो रहे उपचुनाव में 69 कैंडिडेट मैदान में है। उपचुनाव के नतीजे सरकार और विपक्ष दोनों के सियासी नरेटिव को तय करेगा। पांच सीट खींवसर, सलूंबर,चौरासी, देवली-उनियारा और झुंझुनूं सीट पर कांटे की टक्कर है। इन चुनावों में हनुमान बेनीवाल और किरोड़ीलाल मीणा जैसे राजनीतिक दिग्गजों की भी सियासी प्रतिष्ठा दांव पर है। क्योंकि खींवसर से हनुमान बेनीवाल की पत्नी और दौसा से किरोड़ीलाल के भाई चुनावी मैदान में हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का दावा, सातों सीटों पर जीतेगी भाजपा

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दावा किया है कि राजस्थान की सातों विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भारी मतों से चुनाव जीतेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जिस क्षेत्र में भी गए, वहां की जनता का अपार जन समर्थन भाजपा के प्रति दिखा। उन्होंने कहा कि चुनाव में लगे भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर मेहनत की और जनता ने 11 महीने की सरकार में हुए जनकल्याण के कार्यों के प्रति अपना समर्थन दिखाया है। राजस्थान की जनता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता सर्वाधिक है और इसका फायदा इन चुनावों में भाजपा को मिला है। मुख्यमंत्री ने बुधवार शाम को मतदान के लिए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।


उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने लोकतंत्र की मजबूती एवं विकास के लिए जागरूकता से मतदान कर अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। राजस्थान की जनता समझदार है और उसने सोच-समझकर मतदान किया है। जनता को पता है कि उसका विकास केवल भाजपा ही कर सकती है। इसलिए उनका वोट डबल इंजन की सरकार को और मजबूत बनाने के लिए पड़ा है। इस चुनाव में महिला, युवा, किसान, गरीब सहित हर वर्ग का समर्थन भाजपा के साथ था। भाजपा की सभाओं में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी ने इसको साबित भी किया। चौरासी की सभा तो ऐतिहासिक थी, जिसमें आदिवासी भाईयों ने हजारों की संख्या में आकर भाजपा के पक्ष में खड़े होकर विभाजनकारी ऐजेंडे को करारा जवाब दिया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने पूरे दिन मतदान पर नजर रखी। उन्होंने उपचुनाव वाली सीटों सलूम्बर, चौरासी, झुंझुनूं, खींवसर, दौसा, रामगढ़ एवं देवली-उनियारा में जिम्मेदारी निभा रही चुनावी टीमों, पार्टी पदाधिकारियों व प्रभारियों से मतदान का पल-पल फीडबैक लिया। उन्होंने प्रदेश स्तर पर चुनाव मैनेजमेंट टीम और वॉररूम की टीम को भी आवश्यक निर्देश दिए।



## चुनावी ड्यूटी छोड़कर आए राजस्थान के आईपीएस सस्पेंड:झारखंड से बिना बताए जयपुर आ गए थे; पहले भी विवादों में रह चुके किशन सहाय

**जयपुर।** चुनाव आयोग ने राजस्थान कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी किशन सहाय को सस्पेंड कर दिया। किशन सहाय मीणा आईजी मानवाधिकार के पद पर राजस्थान पुलिस मुख्यालय में तैनात थे। विधानसभा चुनाव के दौरान उनकी ड्यूटी झारखंड में लगाई गई थी। इस संबंध में चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव राजस्थान को पत्र भेजा है। शेष पेज 2 पर....

## सुप्रीम कोर्ट बोला- एनसीपी अजित अपने पैरों पर खड़ी हो : आपकी अलग पहचान, उस पर चुनाव लड़ें



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिह्न घड़ी के विवाद पर सुनवाई की। कोर्ट ने एनसीपी अजित पवार गुट से कहा कि आपकी अपनी अलग पहचान है, आप उस पर महाराष्ट्र का चुनाव लड़िए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुयन की बेंच ने केस पर सुनवाई की। एनसीपी शरद पवार की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने सोशल मीडिया पोस्ट, पोस्टर्स के फोटो दिखाए और बेंच से कहा कि एनसीपी अजित पवार ने ये सभी चीजें कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर पब्लिश की हैं।

**कोर्ट रूम में शरद गुट और अजित गुट की दलीलें**-शरद गुट का आरोप: सिंघवी ने कहा कि अजित पवार गुट के कैंडिडेट अमोल मितकारी ने वीडियो पब्लिश किए हैं, जिनमें शरद पवार दिखाई दे रहे हैं। सिंघवी ने दलील दी कि यह शरद पवार की छवि और प्रतिष्ठा का इस्तेमाल कर चुनाव लड़ रही है।

### अजित गुट का जवाब: ये सभी दस्तावेज फर्जी हैं।

**शरद गुट:** यह अमोल मितकारी के ऑफिशियल हैंडल से पोस्ट किए गए हैं।

**सुप्रीम कोर्ट :** जस्टिस सूर्यकांत ने शरद पवार गुट से पूछा, क्या आपको लगता है कि महाराष्ट्र की जनता आपके विवाद के बारे में नहीं जानती है? क्या आपको लगता है कि ग्रामीण इलाकों के लोग सोशल मीडिया पोस्ट से प्रभावित हो जाएंगे?

**शरद गुट:** सिंघवी ने कहा, ये नया भारत है। जो भी कुछ हम यहां दिल्ली में देखते हैं, उसका ज्यादातर हिस्सा ग्रामीण भारत देख चुका होता है। अगर सुप्रीम कोर्ट कोई निर्देश देता है तो दूसरा पक्ष उसका पालन करने के लिए बाध्य है।

# मोदी बोले- रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होने देंगे



## कहा : जेएमएम सरकार ने घुसपैठियों को बसाया, कोर्ट में झूठ बोला कि घुसपैठ हुई ही नहीं

बढ़ता राजस्थान




**देवघर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार (13 नवंबर) को देवघर और गोड्डा में चुनावी सभा को संबोधित किया। पीएम ने देवघर में कहा इस चुनाव में रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण मुद्दा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि भाजपा-एनडीए की सरकार संथाल और झारखंड की रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी।

मोदी ने ये भी कहा कि छ्रूरू-कांग्रेस सरकार में बाहर से आए घुसपैठियों को यहां का परमानेंट निवासी बनाने के लिए हर गलत काम किए गए। इन घुसपैठियों के लिए रातों-रात पक्के कागज बनाए गए। यहां की सरकार का रवैया देखिए। छ्रूरू सरकार ने कोर्ट में कह दिया कि झारखंड में कोई घुसपैठ हुई ही नहीं है। भाजपा-एनडीए का एक ही मंत्र है- हमने झारखंड बनाया है, हम ही संवारेंगे।

गोड्डा में पीएम ने कहा- झारखंड में सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना शुरू करेंगे। हर महीने हजारों रुपए बहनों के खाते में आना शुरू हो जाएंगे।

कांग्रेस, आरजेडी और जेएमएम जैसे दलों ने इस क्षेत्र में लंबे समय तक राज किया है। लेकिन इन्होंने संथाल परगना को सिर्फ पलायन, गरीबी और बेरोजगारी दी है। खुद मुख्यमंत्री इस क्षेत्र से चुनाव लड़ते हैं, लेकिन यहां के लोगों काम के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है।

### संथाल क्षेत्र में जेएमएम-कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय

आज झारखंड में पहले चरण का मतदान हो रहा है। रोटी-बेटी और माटी को बचाने का संकल्प आज हर बूथ पर दिख रहा है। भाजपा ने नारीशक्ति और नौजवानों के भविष्य के लिए जो गारंटियां दी हैं, उनके प्रति भारी समर्थन दिख रहा है। संथाल का ये क्षेत्र भी इस बार नया इतिहास रचने के लिए तैयार है। संथाल में इस बार जेएमएम-कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# चुनावी ड्यूटी छोड़ने पर राजस्थान के प्रमोटी आईपीएस किशन सहाय संस्पेंड

## झारखंड से बिना बताए लौट आए थे जयपुर, किशन सहाय का रहा रहा है विवादों से नाता

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** चुनावी ड्यूटी छोड़कर घर लौटकर आने के मामले में चुनाव आयोग ने राजस्थान कैडर के एक आईपीएस अधिकारी के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए सस्पेंड कर दिया। आईपीएस अधिकारी किशन सहाय मीणा आईजी मानवाधिकार के पद पर राजस्थान पुलिस मुख्यालय में तैनात थे। विधानसभा चुनाव के दौरान उनकी ड्यूटी झारखंड में लगाई गई थी। इस संबंध में चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव राजस्थान को पत्र भेजा है।

चुनाव आयोग ने पत्र में लिखा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में किशन सहाय मीणा को गुमला जिले के 67-सिसई, 68-गुमला और 69-बिशुनपुर में पुलिस ऑब्जर्वर (पर्यवेक्षक) लगाया था। आयोग की स्वीकृति के बिना 28 अक्टूबर 2024 को किशन सहाय ने ड्यूटी स्थल छोड़ दिया। पुलिस पर्यवेक्षक की नियुक्ति चुनाव आयोग भारत के संविधान के तहत करता है। किशन सहाय का नाम राजस्थान सरकार की ओर से 21 अक्टूबर को भेजा गया था। किशन सहाय के आदेश 23 अक्टूबर को किए गए थे। उन्हें नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन से एक दिन पहले 24 अक्टूबर को निर्धारित निर्वाचन क्षेत्रों में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया था।उन्हें फॉर्म 17ए की जांच और पुनर्मतदान हो तो उसके बाद निर्वाचन क्षेत्र छोड़ने के आदेश दिए हुए थे। उन्होंने 28 अक्टूबर को निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दिया था। आयोग की मंजूरी लिए बिना जयपुर चले गए थे। इसे चुनाव आयोग ने गंभीर माना। इस पर मुख्य सचिव और डीजीपी को 11 नवंबर को पत्र जारी कर सस्पेंड करने के आदेश दिए थे। आईपीएस अधिकारी किशन सहाय प्रमोटी आईपीएस अधिकारी हैं। साल 2013 में आईपीएस बने थे। अगस्त 2013 में इन्हें एसपी टोंक लगाया गया था। लेकिन 11 जनवरी 2014 को यहां से एसपी जीआरपी अजमेर लगाया गया था। यहां किशन सहाय पूरे एक साल तक रहे। इसके बाद उन्हें सरकार ने एपीओ कर दिया था। करीब 6 महीने एपीओ रहने के बाद सरकार ने किशन सहाय को सीआईडी सीबी में एसपी लगाया। किशन सहाय यहां साढ़े 4 साल तक रहे। सीआईडी सीबी के बाद जेल और फिर दोबारा सीआईडी सीबी में लगाया गया। साल 2020 में किशन सहाय को डीआईजी आर्म्ड बटालियन पुलिस मुख्यालय में लगाया गया। यहीं पर सहाय डीआईजी से आईजी बने। 2023 में किशन सहाय को ह्यूमन राइट्स में लगाया गया था। जानकारी के अनुसार आईपीएस किशन सहाय पहले भी विवादों में रहे हैं। उन्होंने धार्मिक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि धर्म ग्रंथों में जिसका भी वर्णन कर रखा है, वह कल्पना मात्र की बातें हैं।

# दुबई ट्रेड सेंट्रल में रामाज् कुर्तिस का कलेक्शन शोकेस किया






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के माने हुए ब्राण्ड रामाज् कुर्तिस ने दुबई में सीएमएआई द्वारा चल रही एक्सहिबिशन में स्टॉल लगा के हिस्सा लिया। भारतीय वस्त्र निर्माता संघ देश में परिधान निर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं का सबसे पुराना और शायद सबसे प्रतिष्ठित संघ है, जो परिधान उद्योग के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय परिधान उद्योग में कई विशिष्ट ब्रांड हैं, जिनकी ताकत रचनात्मकता, नवाचार और लचीलापन है। रामाज् कुर्तिस के डायरेक्टर महावीर टेलर का जुनून आकार के प्रति नहीं, बल्कि उत्कृष्टता के प्रति है।मेरा लक्ष्य सबसे बड़ा बनना नहीं, बल्कि सर्वश्रेष्ठ बनना है। मेरी इंडिया में गारमेंट इंड्रस्टी फ़ैक्ट्री है जहाँ गारमेंट डाईंग , प्रिंटिंग , कटिंग , स्टिचिंग , चेकिंग , पैकिंग , फ़िनिशिंग आदि कार्य के साथ लेडीज और जेंट्स गारमेंट तैयार किए जाते है। हम गारमेंट में डोमेस्टिक मार्केट , एक्सपोर्ट मार्केट , गल्फ़ कण्ट्री आदि मार्केट में सप्लाई करते है , ब्रांड लेबल के साथ । हमारे यहाँ अनारकली ड्रेस,स्टेट कुर्ता, प्लाज़ो सैट , अंगरखा स्टाइल , थ्री पीस सेट, काफ़्तन ,चूड़ीदार सेट ,लौंग गाउन आदि कॉटन , रेयोन, स्लब , सिल्क, पॉलिस्टर, नेट, हक़ोबा,ज़री, शिफ़ॉन, जोरजट कपड़े से तैयार किए जाते है और सभी साईज़ के गारमेंट बनते है - स्मॉल , मीडियम, लार्ज, एक्स्ट्रा लार्ज, डबल एक्स्ट्रा लार्ज,प्लस साइज तक के गारमेंट तैयार होते है । इस सीज़न में गारमेंट में ब्लैक, पिंक , येलो, ग्रीन, वाइट, नेवी ब्लू, गाजरी आदि कॉलर चलन में है। इस एक्सहिबिशन में दुबई ही नहीं सऊदी, आबूधाबी, कुवैट,शारजहां, यूएसए , काफ़ी ऑर्डर मिले है । रामाज् के कलेक्शन को सभी लोगो ने काफ़ी सहारा ।रामाज् कुर्तिस की सीतापुरा में गारमेंट इंड्रस्टी है और जयपुर में सरावगी मेन्शन ,जी-टी सेण्ट्रल,मानसरोवर, सीतापुरा, निवाई ,कोटा आदि जगहा स्टोर है ।

# राइजिंग राजस्थान और इनोवहर स्टार्टअप एक्सीलरेटर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर, छोटे शहरों के स्टार्टअप्स को मिलेगा नया अवसर




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के अग्रणी स्टार्टअप एक्सीलरेटर इनोवहर ने आगामी राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य राजस्थान के टियर 2 और टियर 3 शहरों से आने वाले स्टार्टअप्स को अभूतपूर्व सहायता, संसाधन और नेटवर्किंग प्लेटफार्म प्रदान करना है।

**छोटे शहरों के स्टार्टअप्स को नई उड़ान देने की दिशा में कदम :** महिला उद्यमियों की एक मजबूत टीम द्वारा संचालित इनोवहर, राजस्थान के उद्यमिता क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इनोवहर की निदेशक डॉ. श्वेता चौधरी के नेतृत्व में, एक्सीलरेटर ने अगले पांच महीनों में 15 करोड़ रुपये के निवेश के माध्यम से छोटे शहरों के स्टार्टअप्स का सहयोग करने का वादा किया है। डॉ. चौधरी ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के साथ यह एमओयू इनोवहर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य टियर 2 और टियर 3 शहरों के स्टार्टअप्स को उन संसाधनों, मार्गदर्शन और रणनीतिक सहयोग तक पहुंच प्रदान करना है जो बेंगलुरु और मुंबई जैसे बड़े हब में उपलब्ध हैं।

**मार्केट रणनीति और वित्तीय सलाह पर विशेष ध्यान :** इनोवहर देशभर के विशेषज्ञों और सलाहकारों के मजबूत नेटवर्क के साथ काम करेगा, ताकि स्टार्टअप्स को गो-टू-मार्केट रणनीति, अनुपालन आवश्यकताओं और वित्तीय सलाह में मदद मिल सके। राइजिंग राजस्थान के साथ इस साझेदारी से स्थानीय स्टार्टअप्स को उभरने और निवेश आकर्षित करने का एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र मिलेगा।

**राज्य की आर्थिक प्रगति पर प्रभाव :** यह सहयोग राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के उस दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है, जो राजस्थान को निवेश और नवाचार के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनाने का लक्ष्य रखता है। इस साझेदारी से स्थानीय उद्यमियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अवसर प्राप्त होंगे।

# जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जीबिशन 16 नवंबर से

## पहली बार जयपुर के मंदिरों का पुराना स्वरूप देख पाएंगे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जिबिशन का तीसरा सीजन आयोजन 16 नवंबर से नवंबर होटल आईटीसी राजपूताना की वेलकम आर्ट गैलेरी में भव्य एग्जिबिशन आयोजित होने जा रही हे।एग्जीबिशन 16 से 23 नवंबर तक जयपुरवासी देख सकते हे। एग्जीबिशन में पुराने और नए जयपुर की तस्वीरे देख सकते हे। तस्वीरों में जयपुर के हेरिटेज मॉन्यूमेंट, वॉल,सिटी,मंदिर,फेस्टिवल,शहर की पुरानी,गलियां,कल्चर की बेहद खूबसूरत तस्वीरे देखने को मिलेगी। एक ही मंच के माध्यम से फोटोग्रारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का सुनहरा अवसर होगा। एग्जीबिशन में कई विंटेज कैमरा का डिस्प्ले भी रखे गए है।एग्जीबिशन में सिर्फ जयपुर की ही तस्वीरों को डिसप्ले किया जायेगा। पुरानी ब्लैक एंड वाइट तस्वीरे और नए जयपुर की तस्वीरों देख सकते हे। संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया की जयपुर स्थापना दिवस पर जयपुर के कल्चर को सभी तक पहुंचाना और दिखाना हे इस एग्जीबिशन का उद्देश्य है, जयपुर की विरासत देश विदेश में काफी जानी जाती है, इसलिए आज के यूथ और आम लोगों तक जयपुर की खूबसूरत सुंदर तस्वीरों के जरिए दिखाया जाए और जयपुर के टूरिज्म को प्रमोट किया जाए।

एग्जीबिशन में आकर्षण का केंद्र जयपुर की विंटेज तस्वीरे जिन्हें लोग पहली बार मोती डूंगरी गणेश मंदिर के पुराना स्वरूप,खोले के हनुमानजी, गोविंद देव मंदिर,ताड़केश्वर मंदिर ,जयपुर शहर की पुरानी चौपड़ का स्वरूप लोगो को दिखाया जाएगा ।जो लोगों ने नहीं देखा है ऐसी अद्भुत तस्वीरे पहली बार जयपुर की जनता को देखने के लिए मिलेगी। 70 से ज्यादा फोटोग्राफर भाग ले रहे हे।इसमें जयपुर की विरासत देखने को मिलेगी। इस एग्जीबिशन को देखने के लिए सभी की एंट्री निशुल्क है,हर दिन रोज 50 विजिटर्स को गिफ्ट कूपन दिए जाएंगे।जो एग्जीबिशन में सुबह 11 बजे से आयेंगे। जिससे अधिक से अधिक लोग खूबसूरत जयपुर को एक ही जगह तस्वीरों के जरिए देख पाएंगे।

# राइजिंग राजस्थान की चमक बढ़ाने के लिए घुमंतू समाज पर लाद रहे कष्टों का बोझ

## जेडीए ने खानाबदोश घुमंतू समाज को जबरदस्ती बसाया चारागाह में



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राइजिंग राजस्थान की चमक को बढ़ाने के लिए गरीब तथा खानाबदोश घुमंतू जाति समाज के लोगों के जीवन को कष्ट से ढका जा रहा हैं। विगत सात नवंबर को तथा उसके बाद लगातार जयपुर विकास प्राधिकरण ने अक्षय-पा, सांगानेर, विद्याधर नगर और झोटवाड़ा आदि स्थानों से खानाबदोश लोगों को जबरदस्ती बुलडोजर से उनकी बस्तियों को ध्वस्त कर उन्हें उठाकर कानोता थाना क्षेत्र में स्थित सिरोली गांव की चारागाह भूमि पर लाकर पटक दिया। जहां हजारों लोग बिना पानी-बिजली तथा मूलभूत सुविधा के नारकीय जीवन जी रहे हैं। इसके चलते घुमंतू समाज उत्थान के क्षेत्र में कार्य करने वाली विभिन्न संगठनों घुमंतु अर्ध घुमंतु विमुक्त जाति परिषद, भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी, घुमंतू प्रकोष्ठ राजस्थान, घुमक्कड़ बेघर समाज सेवा संस्थान आदि कंई अन्य संगठनों के पदाधिकारीयों ने सोमवार जयपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर जितेंद्र सोनी को ज्ञापन सौंप कर इस मामले में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ जांच करने एवं चारागाह में पटक दिए गए लोगों को तुरंत स्थाई पट्टे तथा आवास तथा मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की हैं। घुमंतु अर्ध घुमंतु तथा विमुक्त जाति परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रतन नाथ कालबेलिया ने सरकार पर आरोप लगाया हैं कि जब से बीजेपी सरकार आई हैं तब से घुमंतू समाज की बस्तियां उजाड़ी जा रही हैं और घुमंतू समाज के नागरिकों को जब भी अधिकारियों का मन करता है तब कचरे की तरह उठाकर कहीं भी फेंक देते हैं। अब यह अन्याय सहन नहीं किया जाएगा। सरकार को सात दिन का अल्टीमेटम देते हैं कहा है कि अगर सात दिन में इन प्रवृत्तियों को रोक कर घुमंतू समाज को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

घुमंतू प्रकोष्ठ महासचिव बिशन लाल बावरी ने कहा कि वास्तव में सबसे पीछे अगर कोई समाज हैं तो वह घुमंतु अर्ध घुमंतु तथा विमुक्त समाज हैं और अब सरकार को इस समाज पर विशेष ध्यान देना होगा। नहीं तो हम सभी सामाजिक संगठनों को एक साथ लेकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

# जियो वर्ल्ड प्लाजा में खुला टीरा का पहला लग्जरी ब्यूटी स्टोर

## 6200 वर्ग फुट में फैला है लग्जरी ब्यूटी हब



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/मुंबई ।** रिलायंस रिटेल के ब्यूटी ब्रांड टीरा ने बुधवार को मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड प्लाजा में अपना पहला लग्जरी फ्लैगशिप स्टोर लॉन्च किया। 6200 वर्ग फुट में फैला यह भव्य स्टोर शान और सुंदरता से सजा हुआ है, जहां ग्राहक दुनिया के शीर्ष ब्यूटी ब्रांड्स का अनुभव कर सकते हैं। इसमें डियोर, एस्टी लॉडर, यवेस सेंट लॉरेंट, ला मेर, प्रादा और वैलेंटिनो जैसे वैश्विक ब्रांड्स के 15 विशेष शॉप-इन-शॉप बुटीक शामिल हैं। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने कहा, टीरा में हम एक ऐसा स्थल बना रहे हैं जो भारत में लग्जरी ब्यूटी की नई परिभाषा गढ़ेगा। हमारा फ्लैगशिप स्टोर हर ग्राहक को प्रेरित, प्रोत्साहित और आनंदित करेगा। हमें इस खास सफर पर ग्राहकों का स्वागत करने की खुशी है। टीरा ब्यूटी सूट में विशेष फेशियल सेवाएं जैसे 'सिग्नेचर ग्लो' उपलब्ध हैं, जो त्वचा में नई चमक लाती हैं। साथ ही, टीरा कैफे में स्नैक्स और पेय पदार्थों का आनंद लिया जा सकता है। यह स्टोर भारत में लग्जरी ब्यूटी का नया मानक स्थापित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# जेडीए ने 30 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त, अन्य स्थानों से भी हटाए अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने जोन-12 में 30 बीघा कृषि भूमि पर फैली छह अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा जोन-4 में सरस्वती नगर भूखंड संख्या-03 के पास सवाई गैटोर में भी सरकारी रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जेडीए के उपमहानिरीक्षक पुलिस कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में ग्राम सिरसी, जिला जयपुर में बिना स्वीकृति और बिना भू-रूपांतरण के लगभग 07 बीघा कृषि भूमि पर राजविहार प्रथम नाम से अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास किया जा रहा था। इसमें रातों-रात सड़कें, प्लॉट की बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण कार्य कर दिए गए थे। सूचना मिलते ही जेडीए की टीम ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इसी प्रकार, जोन-12 में राजविहार द्वितीय और राजविहार तृतीय नाम से अन्य अवैध कॉलोनियों का भी निर्माण प्रारंभिक स्तर पर रोक दिया गया। इन सभी स्थानों पर बिना स्वीकृति और बिना भू-रूपांतरण के बाउंड्रीवाल, सड़कें, और अन्य निर्माण किए जा रहे थे, जिन्हें प्रवर्तन दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा, सिरसी में हनुमान वाटिका नामक अवैध कॉलोनी में तीन निर्माणाधीन विला और अन्य अवैध निर्माण को भी ध्वस्त किया गया। साथ ही, गांव सिवार में शिवांचल विहार नामक अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण कार्यों को रोकने के लिए कार्रवाई की गई। ये सभी कार्रवाइयां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में जोन-04 और 12 के प्रवर्तन अधिकारियों तथा राजस्व एवं तकनीकी स्टाफ की निगरानी में की गईं। जोन-4 के क्षेत्र में सरस्वती नगर के पास आम रास्ते पर किए गए अवैध कब्जे को भी जेडीए ने हटाकर रास्ता अतिक्रमण मुक्त किया। मदर टेरेसा कॉलोनी के भूखंड संख्या-25 में अवैध रूप से बनाए गए कबाड़ के गोदाम को भी ध्वस्त कर दिया गया।

## रास्ता खोलो अभियान से गांवों, खेतों और ढाणियों की राह होगी आसान

# जिला कलक्टर के निर्देश पर 15 नवंबर से होगा 'रास्ता खोलो अभियान' का आगाज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिले में किसानों के लिए गांव-ढाणी और खेतों की ओर जाने वाली राह आसान करने के लिए जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नवाचार करते हुए 'रास्ता खोलो अभियान' शुरू करने की कार्ययोजना लागू कर दी है। जिला प्रशासन के इस अभियान से निश्चित रूप से आमजन को राहत मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त हो रहे हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने क्षेत्रों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने में सहयोग करेंगे, उपखण्ड अधिकारी सप्ताह में एक बार तहसीलदार, थानाधिकारी, विकास अधिकारी के साथ रास्तों से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा करेंगे तथा खोले जाने वाले रास्तों का चिन्हीकरण कर सप्ताह में कम से कम तीन रास्तों की समस्या का समाधान करेंगे।

# संस्थागत तंत्र विकास पर आरपीए में एक दिवसीय कार्यशाला आज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** संसाधन तंत्र विकास पर गुरुवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यालय शाला में केंद्रीय एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी फील्ड के अधिकारियों के साथ संवाद कर बेहतर समन्वय के लिए चर्चा करेंगे।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी एस सेंगाथिर ने बताया कि गुरुवार को आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य जनवरी 2024 में जयपुर में आयोजित पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक सम्मेलन के एजेण्डा बिन्दु संख्या 36 की पालना में केन्द्रीय पुलिस संगठनों एवं राज्य पुलिस के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना हैं। इस कार्यशाला में केन्द्रीय एजेन्सीज के वरिष्ठ अधिकारी फील्ड के अधिकारियों के साथ संवाद करेंगें। जिसमे एक दूसरे के समन्वय के साथ बेहतर कार्य करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# गुरुवार को पंचायत समिति स्तर पर आयोजित होंगे अटल जन सेवा शिविर

## प्रतिमाह दूसरे गुरुवार को अटल जन सेवा शिविरों का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आमजन की परिवेदनाओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार पंचायत समिति स्तर पर प्रतिमाह के दूसरे गुरुवार को अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन होगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले के सभी नागरिकों को अधिकाधिक संख्या में अटल जन सेवा शिविर का लाभ लेने की अपील की है। गुरुवार, 14 नवंबर को पंचायत समिति परिसर में उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ सुबह 10 बजे से सांय 4:30 बजे अथवा जनसुनवाई पूर्ण होने तक निरंतर ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन किया जाएगा।




# टिम्बर पर कृषि मण्डी शुल्क लगने से कारोबारियों में रोष

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर टिम्बर एंड प्लाइवुड मर्जेंट वेलफेयर सोसाइटी ने राज्य सरकार द्वारा टिम्बर पर कृषि मंडी शुल्क लगाए जाने के निर्णय का विरोध किया है। इससे व्यापारियों में भारी रोष है। व्यापारी इस निर्णय का विरोध कर रहे हैं और इसके विरुद्ध अपनी आवाज उठा रहे हैं। उनका मानना है कि यह निर्णय उनके व्यवसाय को प्रभावित करेगा और उनकी आय पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा। व्यापारियों के विरोध के कारणों में शामिल है। आगे की रणनीति बनानें हेतु रोटरी बजाज भवन मेंएक बैठक आयोजित की गई।

अध्यक्ष रविंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अतिरिक्त वित्तीय भार: शुल्क के कारण व्यापारियों को अतिरिक्त वित्तीय भार सहन करना पड़ेगा। व्यवसाय पर प्रभाव: यह निर्णय उनके व्यवसाय को प्रभावित करेगा और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को कम करेगा। व्यापारियों का मानना है कि यह निर्णय अन्यायपूर्ण है और कृषि मंडी शुल्क टिम्बर जैसे उत्पादों पर नहीं लगाया जाना चाहिए। टिम्बर व्यापारी सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

टिम्बर और प्लाईवुड मार्चेंट वेल्फेयर सोसाइटी उदयपुर के पदाधिकारियों ने राज्य सरकार द्वारा टिम्बर पर कृषि मंडी शुल्क लगाए जाने के निर्णय का विरोध किया है। अध्यक्ष रविंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया कि टिम्बर पर कृषि मंडी शुल्क का कोई तर्कसंगत आधार नहीं है, इसलिए व्यापारी इसे स्वीकार नहीं करेंगे। व्यापारियों का मानना है कि टिम्बर का कृषि से कोई संबंध नहीं है, बल्कि इसका संबंध वन से है, और यह एक वन उत्पाद है। इसलिए, टिम्बर पर कृषि मंडी शुल्क लगाना अनुचित है। उनका यह भी कहना है कि टिम्बर का कृषि मंडी से कोई संबंध नहीं है, इसलिए इस शुल्क को लागू करने का कोई औचित्य नहीं है। राजस्थान सरकार ने कृषि उपज मंडी में इमारती लकड़ी पर मंडी एवं कृषक कल्याण शुल्क लगाने का निर्णय लिया है, लेकिन व्यापारी इस से असहमत हैं।

उदयपुर टिम्बर एंड प्लाइवुड मर्जेंट वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष रविंद्र सिंह चौहान और सचिव कीर्ति सोनी सहित अन्य व्यापारियों ने राज्य सरकार से अपील की है कि टिम्बर पर कृषि मंडी शुल्क लगाए जाने के फैसले को नए सिरे से लागू करने का कोई प्रयास नहीं किया जाए। उनका मानना है कि यह शुल्क पूरी तरह से अनुचित है।

राजस्थान कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक, 2022 के तहत यह शुल्क लगाया गया है, परंतु व्यापारी इस निर्णय से असहमत हैं। व्यापारियों का विरोध पूरे प्रदेश में हो रहा है, और वे सरकार से इस आदेश को रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

# एनआईसीसी उदयपुर द्वारा 15 को लॉन्च होगा लिक्विड सैंचुअरी उदयपुर

## यह राजस्थान का पहला फ्लोटेशन टैंक थेरेपी सेंटर होगा

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** एनआईसीसी की डॉ. दृष्टि छाबड़ा और जसजीव भसीन ने उदयपुर में लिक्विड सैंचुअरी की शुरुआत की है, जिससे फ्लोटेशन टैंक थेरेपी का क्रांतिकारी कांसेप्ट अब झीलों की नगरी में उपलब्ध है। यह राजस्थान का पहला फ्लोटेशन टेंक थैरेपी सेन्टर बना गया। 15 नवम्बर को इसका उद्घाटन इन्दिरा आईवीएफ सेन्टर के डॉ. अजय मुर्डिया द्वारा शाम को 5 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर डॉ. दृष्टि छाबड़ा ने बताया कि लिक्विड सैंचुअरी उदयपुर एक अनूठा सेंसरी डेप्राइवेशन अनुभव प्रदान करता है, जो तनाव को कम करने, आराम को बढ़ाने और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आज के तेज़-तर्रार जीवन में, फ्लोटेशन थेरेपी उन लोगों के लिए एक बेहतरीन उपाय बनकर उभर रही है जो शांति और संपूर्ण स्वास्थ्य की खोज में हैं। इस थेरेपी में एप्सम सॉल्ट मिश्रित पानी से भरे विशेष टैंक में फ्लोट करने का अनुभव होता है, जिससे शून्य गुरुत्वाकर्षण जैसा वातावरण बनता है। बाहरी उत्तेजनाओं की अनुपस्थिति शरीर और मन को गहन शांति प्रदान करती है। लिक्विड सैंचुअरी उदयपुर की संस्थापक डॉ. दृष्टि छाबड़ा ने उदयपुर में इस आधुनिक वेलनेस समाधान की शुरुआत के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारा मिशन हमेशा से उदयपुर के लोगों के लिए नवाचार और प्रभावी वेलनेस थेरेपीज़ लाना रहा है। फ्लोटेशन टैंक थेरेपी एक प्राकृतिक तरीका है खुद को तनावमुक्त, स्वस्थ और आत्म-संवाद करने का। हमें गर्व है कि हम इसे इस शहर में पहली बार पेश कर रहे हैं और हमें विश्वास है कि यह लोगों के सेल्फ-केयर और वेलनेस के दृष्टिकोण को पूरी तरह बदल देगा। इस अवसर पर फ्लोटेशन टैंक थेरेपी का लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष अनुभव किया। इसके बाद तनाव कम करने, मांसपेशियों की रिकवरी, बेहतर नींद और रचनात्मकता बढ़ाने जैसे स्वास्थ्य लाभों पर एक जानकारी पूर्ण प्रस्तुति दी गई।

**लिक्विड सैंक्चुअरी उदयपुर की प्रमुख विशेषताएँ**- अत्याधुनिक फ्लोटेशन टैंक जो उच्चतम स्वच्छता और सुरक्षा मानकों के अनुसार हैं। आरामदायक वातावरण जो थेरेपी अनुभव को बढ़ाता है। व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार अनुकूलित थेरेपी सत्र है।

# डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी, एसएसपी, एनपीके को उपयोग में लेने हेतु कृषकों को करे जागरूक : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आदान विक्रेताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आईपीएल इफ्को व एमएसपी निर्माता कंपनी के प्रतिनिधि, सहकारी/निजी थोक विक्रेता एवं विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। जिला कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में डीएपी की उपलब्धता कम है इसलिए काश्तकार डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी, एसएसपी, एनपीके को उपयोग में ले सकते हैं। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को फ्लेक्स, बैनर, पंपलेट,सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों द्वारा काश्तकारों को डीएपी के विकल्प के रूप में उपलब्ध अन्य खाद के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए । उन्होंने एसएसपी निर्माता कंपनी को जिले में अपने रिटेल काउंटर शीघ्र चालू करने हेतु पाबंद किया व कृषि विभाग के अधिकारियों को उर्वरक वितरण की समुचित व्यवस्था करने एवं नकली खाद की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि खाद विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण कर खाद की जांच करें एवं नकली पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई करें । जिला कलेक्टर द्वारा जिले की प्रत्येक जीएसएस पर 10 एमटी व केवीएमएस पर 20 एमटी पर एमएमपी की उपलब्धता हेतु उप रजिस्ट्रार को निर्देश दिए साथ ही निजी विक्रेताओं को भी 10 एमटी एमएमपी रखने के निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक कृषि (वि.)। रमेश चन्द जैन ने उर्वरक की उपलब्धता एवं मांग के बारे में बताया जिसमे डीएपी की कम आपूर्ति की मध्यनजर जिले में एसएसपी एवं एनपीके उपयोग का बढ़ावा दिया जा रहा है एवं जिले में यूरिया की पर्याप्त मात्रा है। बैठक में उप निदेशक उधान के पी सिंह राजावत, उप रजिस्ट्रार हीरालाल, सहायक निदेशक कृषि विस्तार संतोष कुमार तंवर व कृषि अधिकारी मौजूद रहे ।

# 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का जिला स्तरीय कार्यक्रम 15 नवंबर को

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने अधिकारियों को कार्यक्रम को लेकर दिए निर्देश, जिले के राजगढ़ ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम, अभियान में जिले के राजगढ़ ब्लॉक के 19 गांव सम्मिलित

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में 15 नवंबर को जिले के राजगढ़ ब्लॉक मुख्यालय पर भारत सरकार के 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर ने आदेश जारी कर जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए हैं।

सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि पंचायती राज मंत्रालय तथा प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के निर्देशानुसार आदिवासी नेता, भारतीय स्वतंत्रता सेनानी व महान व्यक्तित्व बिरसा मुंडा की 150 की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' अंतर्गत 15 नवंबर को सम्पूर्ण देश में राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि संबंधित ग्राम पंचायत में 15 नवंबर को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान में जिले के राजगढ़ पंचायत समिति के 19 गांव सम्मिलित किए गए हैं। इन गांवों में 15 नवंबर से 26 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। कोचर ने बताया कि अभियान अंतर्गत जिले के राजगढ़ ब्लॉक की लीलकी ग्राम पंचायत के लीलकी, ढंढाल लेखू ग्राम पंचायत के किशनपुरा, गुलपुरा ग्राम पंचायत के लुटाना सदासुख, लंबोर बड़ी ग्राम पंचायत के लंबोर बड़ी, हरपालू कुबड़ी ग्राम पंचायत के लंबोर छिंपीयान, डोकवा ग्राम पंचायत के डोकवा, सांखू ग्राम पंचायत के सांखू, हरपालू कुशाला ग्राम पंचायत के हरपालू सांवल, गुगलवा ग्राम पंचायत के किरतान, रामपुरा ग्राम पंचायत के रामपुरा, नीमां ग्राम पंचायत के नीमां, नावां ग्राम पंचायत के बास किरतान, जसवंतपुरा ग्राम पंचायत के जणाऊ मीठी, सांखण ताल ग्राम पंचायत के नया बास व सांखण ताल, सुलखनिया छोटा ग्राम पंचायत के सुलखनिया बड़ा, थिरपाली बड़ी ग्राम पंचायत के थिरपाली बड़ी व थिरपाली छोटी, नूहंद ग्राम पंचायत के नूहंद गांव को सम्मिलित किया गया है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य वाले गांवों में आशान्वित जिले में 17 विभागों के 25 इन्टरवेन्शन्स का क्रियान्वयन करते हुए देशभर के कुल 63 हजार से भी अधिक गांवों में जनजाति परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान करना तथा इन गांवों को 17 विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित करते हुए समस्त 17 विभागों के आपसी समन्वय से समस्त जनजाति बाहुल्य गांवों का सम्पूर्ण व समन्वित विकास करना है।

# विशेष योग्यजन व्यक्तियों को कृत्रिम अंग वितरण के लिए हुआ चिन्हीकरण शिविर



बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** विशेष योग्यजन व्यक्तियों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित करने के क्रम में पात्र व्यक्तियों के चिन्हीकरण के लिए बुधवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जिला मुख्यालय स्थित पंचायत समिति परिसर में चिन्हीकरण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विशेष योग्यजन व्यक्तियों को सहायक अंग उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए ऑफलाईन आवेदन प्राप्त किये गये। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विशेष योग्यजन व्यक्तियों ने सहायक अंग उपकरण वितरण के लिए अपने आवेदन जमा करवाये। उप निदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 15 नवंबर को संपूर्ण राजस्थान राज्य में जिला मुख्यालयों पर दस हजार विशेष योग्यजन व्यक्तियों को कृत्रिम अंग/उपकरण वितरण किए जाएंगे। शिविर प्रभारी (ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी) रघुवीर सिंह ने बताया कि शिविर में लगभग 40 से अधिक विशेष योग्यजन व्यक्तियों द्वारा कृत्रिम अंग, उपकरण यथा - ट्राई साईकिल, बैशाखी, श्रवण यंत्र, व्हील चेयर, कैलिपर्स इत्यादि के लिए आवेदन किया गया है। शिविर में उपखण्ड अधिकारी बिजेन्द्र सिंह, विकास अधिकारी महेन्द्र सिंह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ. नेहा चौधरी, डॉ. विकास देवड़ा, डॉ. प्रशान्त कुमार, डॉ. प्रशान्त गढ़वाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक प्रोग्रामर छोटूलाल प्रजापत, वरिष्ठ सहायक मनीष जाखड़, छात्रावास अधीक्षक नरेश कुमार व संदीप झाझड़िया इत्यादि उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति पर कार्यशाला आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** ऐश्वर्या कॉलेज, उदयपुर में प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत आरोग्य सेवा संस्थान द्वारा नशा मुक्ति पर एक सत्र आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। ऐश्वर्या पीजी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ऋतु पालीवाल द्वारा नशे के खतरों और इसके समाज और परिवार पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा से हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आरोग्य सेवा संस्थान की ओर से श्री सुनील पंचोली और उनकी टीम मौजूद रहीं। विशेषज्ञों ने बताया कि नशा न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन को भी बुरी तरह प्रभावित करता है, और इससे युवा अपनी शिक्षा और करियर को भी खतरे में डाल सकते हैं। सत्र में नशा मुक्ति के विभिन्न उपायों पर भी चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ और सफल जीवन जी सकते हैं। कुछ छात्रों ने नशा मुक्ति की प्रक्रिया के बारें में सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया। इस दौरान नशा छोड़ने की इच्छाशक्ति और सकारात्मक आदतें विकसित करने के महत्व पर जोर दिया गया। आरोग्य सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि वे युवाओं को नशामुक्त बनाने के लिए कई जागरूकता कार्यक्रम चलाते हैं। उनका उद्देश्य युवाओं में सकारात्मक सोच का विकास करना और समाज को नशामुक्त बनाना है। कार्यक्रम के अंत में सुनील पंचोली और उनकी टीम को महाविद्यालय की तरफ से स्मृति चिह्न भेट किया गया।

# बच्चों को भिक्षा नहीं शिक्षा दे : एडीएम

## बाल भिक्षावृति उन्मूलन के लिए अभियान उमंग अभियान-4 प्रारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** कोटपूतली में भिक्षावृति पर रोक लगाने के लिये महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, श्रम विभाग, बाल सरंक्षण समिति, चाईल्ड लाईन तथा पुलिस विभाग की ओर से संयुक्त रूप से उमंग अभियान-4 प्रारम्भ किया गया है। बुधवार को एडीएम ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में उमंग अभियान को लेकर जिला कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित हुई। जिसमें बस स्टैंड व कस्बे के मुख्य चौराहे पर बच्चों का भीख मांगना बंद करने के लिये 30 दिन तक उमंग अभियान-4 चलाने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक चलाया जायेगा। जिसमें भीख मांगते पकड़े गये बच्चों को उनके सरंक्षण और पुनर्वास के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग की बाल कल्याण समिति के पास पेश किया जायेगा।

बाल भिक्षावृति को रोकने के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान में प्रत्येक थाने से पुलिस अधिकारियों/पुलिसकर्मियों की टीम गठित की गई है। इस दौरान डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक़, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सतपाल यादव, समाज कल्याण विभाग के गजराज यादव, श्रम विभाग के निरीक्षक अरविंद दीक्षित समेत अन्य मौजूद रहे।

# चिकित्सा विभाग की प्री-समिट गुरूवार को

## स्वास्थ्य सेवा, फार्मा, मेडिकल डिवाइस सहित अन्य क्षेत्रों में होंगे एमओयू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार प्रात: 11 बजे से होटल आईटीसी राजपूताना में राइजिंग राजस्थान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से हैल्थ प्री-समिट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर सहित चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े उद्यमी एवं निवेशक तथा अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत 'इन्वेस्ट इन हैल्थ, इनोवेट फॉर हॉलिस्टिक फ्यूचर' थीम पर आयोजित इस प्री-समिट में स्वास्थ्य सेवा, फार्मा, एवं मेडिकल डिवाइस निर्माण से जुड़ी कंपनियों के एंटरप्रेन्योर्स एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान में हैल्थ सेक्टर में निवेश के लिए निवेशकों में खासा उत्साह है। राजनिवेश पोर्टल पर बड़ी संख्या में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष विभाग से संबंधित निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। हैल्थ प्री-समिट के उद्घाटन सत्र में आयुर्वेद विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा स्वागत उद्बोधन देंगे।

इंडो यूरोपियन सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल प्रोजेक्ट के चेयरमैन प्रो. विवेक गुप्ता, आंध्रप्रदेश मेडटेक लिमिटेड के सीईओ अतुल कोटवाल निवेश के अवसरों पर प्रजेंटेशन प्रस्तुत करेंगे। साथ ही केन्द्रीय आयुष सचिव वैद्य श्री राजेश कोटेचा भी उद्बोधन देंगे। इसके बाद हैल्थ सेक्टर में निवेश के विभिन्न कंपनियों के साथ एमओयू किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, विकास एवं विस्तार की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कदम उठाए जा रहे हैं।

# नाबालिग के अपहरण के मामले में पांच माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जालूपुरा थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में पांच महीने से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी इलाके में रहने वाली नाबालिग को अपनी बातों में फंसाकर ले गया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि 22 मई को पीड़ित ने थाने में शिकायत दी की 19 मई को उनके नाबालिग बेटी को एक युवक अपने साथ ले गया। इस पर थाना पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। बदमाश युवक की तलाश के लिए टीमें बनाई गई। टीम सूचना एकत्रित कर नाबालिग लड़की को तीन जून को ढूंढ लिया। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी फरार हो गया।

# कॉलेज का प्रबंध संचालक एवं व्याख्याता दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की पाली-द्वितीय टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए उज्वल विक्रम बीएसटीसी कॉलेज बोमादड़ा रोड़ पाली के प्रबन्ध संचालक गणेश रावल एवं व्याख्याता विजय को परिवादी से दस हजार रुपये रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की पाली-द्वितीय टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी उपस्थिति पूरी करने एवं नम्बर दिलवाने की एवज में प्रबन्ध संचालक गणेश रावल एवं व्याख्याता विजय की ओर से दस हजार रुपये रिश्वत राशि मांग रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खींव सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए प्रबंध संचालक गणेश रावल एवं व्याख्याता विजय को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।



## सम्पादकीय

# मणिपुर में गहरे होते जख्म

मणिपुर जिसका अर्थ है रत्नों की भूमि। पर्वत शृंखलाओं से घिरी एक ऐसी घाटी जिसमें 39 जातीय समुदाय रहते हैं जो हिन्दू, ईसाई और इस्लाम धर्म सहित विभिन्न धर्मों का पालन करते हैं, साथ ही सनमाही जैसी स्वदेशी धार्मिक परम्पराएं भी हैं। मणिपुर भारत के लिए कितना महत्वपूर्ण है, इस बात का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि स्वतंत्र भारत का झंडा सबसे पहले राष्ट्रवादी मुक्ति सेना ने मणिपुर में ही फहराया था। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने 14 अप्रैल, 1944 को इम्फाल से 45 किलोमीटर दूर मोइरंग में ध्वज फहराया था। तब उसे दिल्ली का दरवाजा माना जाता था। आज मणिपुर दिल्ली की ओर देख रहा है। पिछले 2 सालों से मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। जिरिबाम जिले में सीआरपीएफ कैम्प पर हमला करने वाले संदिग्ध उग्रवादियों में से 11 को ढेर कर दिया गया। राज्य में कई जगह बमों से सुरक्षा बलों के जवानों पर हमला किया गया। एक सप्ताह के भीतर हमार जनजाति की एक महिला से मैतेई विद्रोहियों ने सामूहिक बलात्कार कर जिन्दा जला दिया। मैतेई समुदाय की एक और महिला को कुकी विद्रोहियों ने गोली मार दी। राज्य में लगातार हो रही हिंसा से गृहयुद्ध जैसे हालात नजर आ रहे हैं। हर जगह हिंसा के निशान देखे जा सकते हैं। बम के टुकड़े, धरती पर काली और सफेद राख, जले हुए घर, टिन की छतें और जल चुकी गाड़ियां।

मैतेई और कुकी समुदाय में खाई इतनी गहरी हो चुकी है कि दोनों समुदाय अपने-अपने गांव में हमलों और गोलीबारी से बचने के लिए बंकर बनाए हुए हैं। ड्रोन और रॉकेट हमलों से बचने के लिए दूरबीनों से नजर रखी जा रही है। पाइपों के जरिये पम्पगन बनाकर रॉकेट दागे जा रहे है। पिछले 2 वर्षों से जारी हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि राज्य में हिंसा थम क्यों नहीं रही? दोनों समुदायों के पास अब ऐसे हथियार हैं जिनका इस्तेमाल आमतौर पर युद्ध में किया जाता है। सवाल यह भी है कि आखिर दोनों ही समुदायों के पास इतनी बड़ी संख्या में हथियार कहां से आए। हिंसा की शुरूआत तब हुई थी जब मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मैतेई समुदाय के लिए अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का विचार करने को कहा, जो मणिपुर में बहुसंख्यक आबादी है। हाईकोर्ट के फैसले से कुकी और नगा स्वदेशी समुदाय में आक्रोश फैल गया, जिसके बाद हिंसा की शुरूआत हो गई। हालांकि विरोध-प्रदर्शनों को मणिपुर में हिंसा के सबसे तात्कालिक कारण के रूप में पहचाना जा सकता है लेकिन राज्य में कई वर्षों से स्वदेशी समुदाय के बीच तनाव बढ़ रहा है। उदाहरण के लिए, वर्तमान राज्य सरकार द्वारा स्वदेशी भूमि अधिकारों के मुद्दों को संभालने के तरीके को मुख्य रूप से राजधानी घाटी के आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले कुकी समुदायों को लक्षित करने के रूप में देखा गया है। पहाड़ी क्षेत्रों में आरक्षित वनों का सर्वेक्षण करने के प्रयासों को अफीम की खेती को कम करने का प्रयास बताया गया था लेकिन इसके परिणामस्वरूप कुकी गांवों में बेदखली हुई है। इस बीच, विवाद का एक अन्य मुद्दा स्वदेशी समुदायों के बीच वर्तमान भूमि असंतुलन है। मैतेई लोग पहले उल्लेखित पहाड़ी क्षेत्रों में भूमि नहीं खरीद सकते हैं लेकिन कुकी और अन्य जनजातीय समुदाय घाटी में भूमि खरीद सकते हैं।

# नेहरू को जानना नहीं, समझना भी जरूरी

**नेहरू दार्शनिक और व्यावहारिक राजनीतिज्ञ थे। राष्ट्रवाद, समाजवाद, संस्कृति, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता और संसदीय लोकतंत्र पर उनके विचार सुविचारित और स्पष्ट थे। वैचारिक विविधता, वैज्ञानिक मानवतावाद और साम्यवादी चिंतन उनके लिए देश के नवनिर्माण के मानक थे। वह सभी विचारधाराओं और धर्म को साथ लेकर चलते थे। 19वीं-20वीं सदी के उनके इतिहास बोध ने ही पूर्ण स्वराज्य और भारत के भविष्य की अधारभूत कल्पना की थी। स्वतंत्रता के लिए संघर्ष के समय अशिक्षा, गरीबी, जाति-धर्म के आधार पर विभाजन और असमानता के बीच महाशक्तियों में शीत युद्ध की समस्याएं भी थीं।**

प्रदीप मिश्र



प्रसिद्ध तंत्रिकाविज्ञानी सिगमंड फ्रायड की मान्यता थी कि एक दिन वर्षों का संघर्ष बहुत खूबसूरत तरीके से तुमसे टकराएगा। यह मनोविश्लेषण, तर्क और विवेचना आजादी के अमृतकाल में अकाट्य सिद्ध हो रही है। इसमें पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के प्रति बदनीयती, विद्रूपता, विद्वेष और वैचारिक बदसूरती छिप नहीं रही है। नवनिर्माण के एक कालखंड की सूचनाओं, परंपराओं, घटनाओं और उपायों पर अभिमान के बजाय इन्हें झुठलाने की साजिश अभियान के रूप में हो रही है। इतिहास को विस्मृत कर स्वयं की सर्वश्रेष्ठता का अहम जताने-इठलाने की कोशिश जारी है। ऐसे में संसदीय लोकतंत्र, आर्थिक सहभागिता, आंतरिक और बाह्य समन्वय, वैश्विक संतुलन और सामाजिक समरसता समझने के लिए नेहरू और उनके कार्यकाल की वास्तविकता जानना प्रासंगिक हो गया है। वाद, विवाद और संवाद से समाज को समझने का मंतव्य, पराकाष्ठा के स्तर के प्रयत्न, प्रबंधन और परिश्रम के बूते ही भारत की पृथक पहचान है। स्वातंर्त्य योद्धाओं का त्याग-बलिदान, स्वाधीन भारत के सीमित संसाधनों में सतत साधना और शांति प्रयासों का योगदान है।

आजादी के बाद नेहरू ने विश्व के राजनयिक परिदृश्य के मुताबिक बातचीत कर विकास को गति दी। पंचवर्षीय योजनाएं उनका ही विचार थीं। सोचिए, भाखड़ा नागल और रिहंद बांध उनकी आलोचना का आधार है? आईआईटी और आईआईएम किसके लिए बने? गुट निरपेक्ष आंदोलन की ताकत क्या जी-20 और ब्रिक्स से ही नहीं, नाटो और मौजूदा यूरोपीय यूनियन से कम थी? गुट निरपेक्ष आंदोलन को नेहरू ने उसी दौर में सकरात्मक शक्ति और संतुलन का केंद्र बनाया था, जब किसी सबल देश का अनुसरण दासत्व के भाव से किया जाता था। नेहरू का नजरिया आयातित नहीं था। वह संकल्प और संघर्ष से हासिल स्वाधीनता के स्वप्निल आकार को धरातल पर आकार देना चाहते थे। इसीलिए उनके लिए समाजवादी, वामपंथी और भारतीय भावनाओं के साथ परंपरागत दर्शन और विचारों को समझना और उसे मध्यमार्ग में राष्ट्रहित-जनहित के लिए ढालना आसान रहा। वह पूंजीवाद के विरोधी नहीं थे लेकिन अच्छी तरह जानते थे कि इसे अधिक प्रोत्साहन से गरीब और मध्य वर्ग की देश की तरक्की में हिस्सेदार होने की आकांक्षा को आघात लगेगा। सार्वजनिक उद्यम, जिन्हें विनिवेश के बहाने आज भी टुकड़ों-टुकड़ों में बेचा जा रहा है, नेहरू के औद्योगिकीकरण और जनभागीदारी की सोच का ही प्रतिबिंब हैं। उन्होंने सबके सहयोग से इनकी संरचना की थी। इसका बड़ा भाग अब भी भारत की सशक्त आर्थिकता का आधार है। महारत्न, नवरत्न और मिनी रत्न के इतिहास की भूमिका को पढ़ेंगे तो जानेंगे। नेहरू साम्राज्यवाद और फासीवाद दोनों को पतनोन्मुख पूंजीवाद के दो चेहरे मानते थे। उन्होंने दोनों के खिलाफ संघर्ष को राष्ट्रीय आंदोलन का बुनियादी लक्ष्य बताया। नेहरू के कई समकालीन नेता उनसे बेहतर दृष्टि रखते थे लेकिन नेतृत्व क्षमता सिर्फ नेहरू में थी, इसलिए वह ज्यादातर समस्याओं के संधान में सफल होते थे। 1919 से 1921 तक उत्तर प्रदेश के अवध में किसान आंदोलन के नेतृत्व से उनकी नैतिकता और निपुणता सिद्ध हो चुकी थी। हालांकि 1950 में बतौर प्रधानमंत्री उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली खां के साथ अल्पसंख्यकों का पलायन रोकने और अधिकारों के संरक्षण का समझौता किया किंतु 1952 में लियाकत अली की हत्या के कारण उस पर अमल नहीं हो सका। उलटे पाकिस्तान ने इसी दौरान जम्मू-कश्मीर के मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण कर दिया। 1954 में चीन के साथ तिब्बत के सवाल पर पंचशील समझौता भी असफल रहा, जबकि 1960 में चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई के साथ उनकी बातचीत अपने ही सहयोगियों के दबाव और आलोचना के कारण आगे नहीं बढ़ पाई। दरअसल, दोनों

पड़ोसियों से दोस्ती के पीछे उनकी सोच थी कि भौगोलिक रूप से निकट निवासियों के साथ रहने की अनिवार्यता नहीं बदली जा सकती, इसलिए उनके साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व बनाए रखना ही समझदारी है। इतिहास बताता है कि मानमर्दन उनका होता है, जो स्वयं के संघर्ष को ही सर्वोपरि मानते हैं। समाज को संशय में डाल कर अल्पकाल के लिए तो यह सुविधा हासिल की जा सकती है पर समय की कसौटी पर मार्गदर्शक माने जाने वालों की विश्वसनीयता का ह्रास भी होता है। व्यक्तिगत आक्रमण उसी अवस्था में किए जाते हैं, जब व्यवस्थागत और बुनियादी तंत्र में सुधार के मार्ग में व्यवधानों और बाधाओं की सम्यक समझ का सीमांकन हो जाता है। अनुभव और अभ्यास से अनुमान सहज-स्वाभाविक होते हैं।

राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सामरिक और वैचारिक परिप्रेक्ष्य में क्रियान्वयन के लिए दृष्टि विकसित होती है। यही दिशा देती है। आत्मकथा में उन्होंने लिखा हैं-मुझे राष्ट्रवाद बहुत ही संकीर्ण और अपर्याप्त सिध्दांत लगता था। राजनीतिक आजादी, स्वाधीनता निस्संदेह आवश्यक है परंतु वे सिर्फ सही दिशा में उठाए गए कदम हैं। सामाजिक आजादी और समाज तथा राज्य की समाजवादी संरचना के बिना देश और व्यक्ति पर्याप्त प्रगति नहीं कर सकता है।

विश्व मंचों पर भारत के अपेक्षित मान की आधारशिला रखने वाले नेहरू पर अथाह लिखा गया है। अब इसे एक बार फिर पढ़ने और समझने की जरूरत है। इसलिए भी, क्योंकि अध्ययन और अनुभव से ऊर्जान्वित अधिकार आधुनिकता के लिए अत्यावश्यक हैं। आधारभूत परिवर्तन के लिए इन्हीं मूल्यों और आधारों को आत्मसात करना आवश्यक होता है। इसी क्रम में अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का विचार उल्लेखनीय है। वह कहते थे-'एक राष्ट्र जो अपने नायकों का सम्मान नहीं करता है, वह लंबे समय तक नहीं टिकेगा।'

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**वृष**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो, इसका खास ध्यान रखें।

**मिथुन**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**कर्क**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा। धन लाभ होगा और अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

**सिंह**
सरकार से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दुख होगा।

**कन्या**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। आज आपको यात्रा ना करने की सलाह दी जाती है।

**तुला**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

**वृश्चिक**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

**धनु**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

**मकर**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

**कुंभ**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

**मीन**
आज धन का व्यय अधिक होगा। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं। पानी वाली जगहों से दूर रहें।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार है राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी जितेन्द्र सिंह जी। जी हां गांव गिलाकोर जोधपुर के मूल निवासी हैं और सन 1992 में जन्में जितेन्द्र सिंह अपनी चौथी पीढ़ी में बैल्ट सर्विस में सेना/पुलिस में सेवाए दे रहे हैं। इससे पूर्व इनके पड़दादा बिट्रिश आर्मी में रहे उसके बाद इनके दादाजी इंडियन आर्मी में और बाद में पुलिस में रहे और डीएसपी पद से सेवानिवृत हुए इसके बाद इनके चाचा साब पुलिस में रहे और एडिशनल एसपी पद से सेवानिवृत हुए। वर्तमान में ये डिप्टी एसपी (सीओ )सुमेरपुर पाली लगे हुए हैं। 2019 से राजस्थान पुलिस की सेवा में आए शिक्षा दीक्षा जोधपुर से हुई हैं। 2019 से 2020 आरपीए प्रशिक्षण में रहे इसके बाद 2021 उदयपुर प्रशिक्षण, 2022-2023 सीओ झाड़ोल उदयपुर में सेवाए दी और पुलिस के कैप्श्न आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय को चरितार्थ किया। 2024 से वर्तमान सीओ पाली पद को सुशोभित किए हुए हैं। जहां भी रहे वहां के अपने अधिनस्थ कर्मचारी व अधिकारी और अपने उच्चाधिकारियों के साथ बेहतरीन तालमेल से लोगों की सेवा करने का प्रयास किया। शख्सियत कॉलम के माध्यम से ये युवाओं को नशे से दूर रहने व अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यो में संपादित करने और लोगों को मोबाईल का दुरूप्रयोग नहीं बल्कि सदुप्रयोग करने का संदेश दे रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



जितेन्द्र सिंह
( डिप्टी एसपी )

रूपक शर्मा

## विशेष आलेख

# विश्व मधुमेह दिवस पर विशेष : बढ़ते मधुमेह को नियंत्रित करने की वैश्विक चुनौती

ललित गर्ग

डायबिटीज यानी मधुमेह दुनियाभर में तेजी से बढ़ती ऐसी बीमारी है जो अन्य अनेक बीमारियों एवं शरीर की जर्जरता का कारण बनती है, जिसका शिकार हर उम्र के लोगों को देखा जा रहा है। जिन लोगों का शुगर लेवल अक्सर बढ़ा हुआ रहता है उनमें आंखों, किडनी, तंत्रिकाओं, शरीर की सुस्ती और हृदय से संबंधित कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। वैश्विक स्तर पर बढ़ती इस गंभीर और क्रोनिक बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने, इससे बचाव को लेकर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। आंकड़ों से पता चलता है कि डायबिटीज के मरीज साल-दर साल बढ़ते जा रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में 53 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी के शिकार हैं और अगले दो दशकों में रोगियों की संख्या 80 करोड़ के आंकड़े को छू सकती है। विश्व मधुमेह दिवस दुनिया की गंभीरतम बीमारियों में से एक होने की वजह से 160 से अधिक देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है और अपने जागरूकता अभियानों, उपचार तक बेहतर पहुंच की वकालत और मधुमेह से निपटने के लिए गुणवत्तापूर्ण सूचनात्मक सामग्री के माध्यम से 100 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। इस वर्ष, इस दिवस की थीम है 'बाधाओं को तोड़ना, अंतरालों को पाटना'। यह थीम लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर मधुमेह के प्रभाव पर प्रकाश डालती है और मधुमेह प्रबंधन-नियंत्रण-जागरूकता के महत्व पर भी जोर देती है और यह बताती है कि इसके लिये संतुलित, योगमय एवं गुणवत्ता जीवन कैसे इस बीमारी से लड़ने की शक्ति देती है। दरअसल, विश्व मधुमेह दिवस को 14 नवंबर को मनाने का मुख्य उद्देश्य सर फ्रेडरिक बैंटिंग को याद करना था। 1992 में सर फ्रेडरिक बैंटिंग ने चार्ल्स बेस्ट के साथ मिलकर इंसुलिन की खोज की थी। अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह फाउंडेशन (आईडीएफ) के अनुसार, 2021 में मधुमेह के कारण 67 लाख लोगों की मृत्यु हुई और अनुमान है कि उसी वर्ष 53.7 करोड़ (10 में से 1) लोग इस बीमारी के साथ जी रहे थे और अनुमान है कि यह संख्या 2030 में बढ़कर 64.3 करोड़ और 2045 तक 78.3 करोड़ हो जाएगी। यह तथ्य सामने आया है कि मधुमेह से प्रभावित 2 वयस्कों में से 1 यानी 44 प्रतिशत, लगभग 24 करोड़ लोग, अभी तक निदान नहीं करा पाये हैं, उनमें से अधिकांश टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित हैं, जिसे कुछ जीवनशैली में बदलाव, इच्छाशक्ति, योग-साधना और स्वस्थ आहार आदतों से रोका जा सकता है। असंतुलित जीवनशैली के कारण लगभग 54.1 करोड़ वयस्कों को टाइप 2 मधुमेह विकसित होने का खतरा है। डायबिटीज के होने एवं पनपने के अनेक कारण हैं, जिनमें सबसे बड़ा कारक फैमिली हिस्ट्री को माना जाता है। यानी कि यदि माता-पिता या भाई-बहन को टाइप-2 डायबिटीज है तो आपको भी मधुमेह होने का खतरा बढ़ जाता है। अधिक वजन या मोटापा डायबिटीज रोग के लिए एक मुख्य जोखिम है। अध्ययनों से पता चलता है कि मुख्यरूप से पेट पर फैट जमा होने से आपमें डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययकर्ताओं ने पाया कि जो लोग अधिक मीठा खाते हैं उनमें पेट की चर्बी बढ़ने का खतरा रहता है। मोटापा से ग्रस्त लोगों में डायबिटीज की स्थिति हृदय रोग और अन्य जटिलताओं को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। विशेषज्ञ का मानना है कि शारीरिक निष्क्रियता भी डायबिटीज की जोखिम को बढ़ा देती है। शारीरिक गतिविधि जैसे नियमित रूप से योग-व्यायाम वजन और खेलकूद से वजन को नियंत्रित करने में मदद करती है और



इससे ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल में रखा जा सकता है। मधुमेह से बचे रहने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट तक व्यायाम जरूर करें। टाइप-2 डायबिटीज होने का जोखिम उन लोगों में अधिक होता है, जिन्हें गर्भावस्था के दौरान मधुमेह का पता चलता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस अवधि में शुगर के स्तर को कंट्रोल में रखने की सलाह देते हैं। गर्भावधि में मधुमेह के कारण ब्लड शुगर का स्तर बढ़ा रहता है जिसका असर गर्भवती और बच्चे दोनों की सेहत पर देखा जाता है। डॉक्टर बताते हैं, भले ही दुनियाभर में सबसे ज्यादा मरीज टाइप-2 डायबिटीज के देखे जाते रहे हैं पर मधुमेह चार प्रकार का होता है। इसे उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी समझना या युवावस्था में शुगर की समस्या को अनदेखा करना आपके लिए दिक्कतें बढ़ाने वाला हो सकती है। बढ़े रहने वाले शुगर लेवल का असर हृदय और आंखों की सेहत पर भी पड़ सकता है, इसलिए डायबिटीज को हल्के में लेने की भूल नहीं की जानी चाहिए। डायबिटीज के मरीजों को अपने खाने पीने के अलावा नींद का भी ध्यान रखने की जरूरत होती है। कम नींद के कारण ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव हो सकता है। भोजन और एक्सरसाइज के अलावा नींद भी शरीर के लिए उतनी ही जरूरी होती है। नींद पूरी न होने से शरीर सुस्त हो जाता है और तनाव भी बढ़ता है। ऐसे में कार्टिसोल हार्मोन बढ़ने लगता है जो ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा देता है। शरीर में जब शुगर का लेवल बढ़ता या घटता है तो नींद से जुड़ी समस्याएं होने लगती है। खासतौर पर टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों को हमेशा पर्याप्त नींद लेनी चाहिए। यदि आपको देर रात तक जागने की आदत है या फिर आप देर रात तक जागकर काम करते हैं तो आपकी यह आदत आप पर भारी पड़ सकती है। अनियंत्रित मधुमेह हृदय संबंधी समस्याओं, तंत्रिका क्षति, गुर्दे की क्षति, पैर की क्षति, त्वचा संक्रमण, स्तंभन दोष, अवसाद, दंत समस्याओं जैसी घातक जटिलताओं को जन्म दे सकता है। चिकित्सा-विज्ञान की अपूर्व प्रगति के बावजूद मधुमेह जैसी जटिल एवं असाध्य बीमारी का राक्षसी-पंजा नियंत्रण से बाहर है, इसलिये व्यक्ति को खुद को खुद के प्रति जागरूक होना होगा। मधुमेह का नियंत्रित करने के लिये योग-ध्यान-साधना-प्रात:भ्रमण की महत्वपूर्ण भूमिका है। वैज्ञानिक डॉ. घियोपोर ने बहुत पहले अपने अनुसंधान में बताया कि ध्यान एवं योग करने वाले व्यक्तियों की साइकोलॉजी में असाधारण रूप से परिवर्तन होता है। ऐसे व्यक्तियों में घबराहट, उत्तेजना, मानसिक तनाव, उग्रता, मनोकायिक बीमारियां, स्वार्थपरता और विकारों में कमी पाई गयी हैं तथा आत्मविश्वास, सहनशक्ति, स्थिरता, कार्यदक्षता, विनोदप्रियता, एकाग्रता आदि गुणों में वृद्धि देखी गयी है। ये ध्यान-साधना एवं योग में प्रत्यक्ष लाभ अनुभूत किये गये हैं। इसीलिये मधुमेह को परास्त करने के लिये इन गुणों युक्त जीवनशैली को अपनाया जाना चाहिए। सम्पूर्ण आस्था एवं विश्वास के साथ जीवनरूपी प्रयोगशाला में इसे प्रायोगिक रूप देकर जीवन में मधुमेह रूपी-राक्षस को निस्तेज करके जीवन में आनन्द का अवतरण किया जा सकता है।

# आधुनिक युवा पीढ़ी पर सिनेमा के दुष्प्रभाव

बढ़ता राजस्थान



आधुनिक युवा पीढ़ी पर फिल्मों का दुष्प्रभाव एक गंभीर विषय है, जो उनके मानसिक और सामाजिक विकास को प्रभावित कर सकता है। फिल्मों का उद्देश्य मनोरंजन प्रदान करना है, लेकिन कई बार फिल्मों में प्रस्तुत की गई हिंसा, अपराध, असामाजिक व्यवहार, और अनुचित जीवनशैली का प्रभाव युवा पीढ़ी पर नकारात्मक रूप से पड़ता है। यहाँ कुछ मुख्य दुष्प्रभावों का उल्लेख किया गया है

### हिंसक व्यवहार-

फिल्मों में बार-बार दिखाई जाने वाली हिंसा से युवा पीढ़ी इसे सामान्य समझने लगती है और कभी-कभी इस प्रकार के व्यवहार को अपना लेती है। यह उनके स्वभाव में आक्रामकता को जन्म देता है।

### असामाजिक और अनैतिक कार्यों की ओर आकर्षण-

फिल्मों में अपराध, चोरी, धोखा, और अन्य अनैतिक कार्यों को कभी-कभी ग्लैमरस तरीके से दिखाया जाता है। इसके चलते युवा इन्हें रोमांचक और सही मान सकते हैं और इस दिशा में आकर्षित हो सकते हैं।

### सपनों की दुनिया में जीना-

फिल्मों में दिखाए गए आदर्श जीवन, धन, सफलता और प्रेम कहानियों के कारण युवा वास्तविकता से दूर होकर एक काल्पनिक जीवन जीने लगते हैं। वे वास्तविकता को स्वीकारने में कठिनाई महसूस करते हैं और इससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

### अनुचित जीवनशैली और स्वास्थ्य समस्याएं-

फिल्मों में धूम्रपान, शराब, और नशीली दवाओं का प्रयोग ग्लैमरस तरीके से प्रस्तुत किया जाता है। युवा पीढ़ी इसे देखकर




प्रेरित हो सकती है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।

### सामाजिक मूल्यों का क्षरण -

आधुनिक फिल्मों में अक्सर परिवार और समाज के मूल्यों की उपेक्षा की जाती है, जो युवाओं को समाज और परिवार के प्रति असंवेदनशील बना सकता है। इससे रिश्तों में दूरी आ सकती है और सामाजिक ढांचे में अस्थिरता आ सकती है।

### शैक्षिक प्रदर्शन में गिरावट-

फिल्में देखकर मनोरंजन में ज्यादा समय बिताने के कारण युवाओं का पढ़ाई में ध्यान कम हो सकता है। इससे उनके शैक्षिक प्रदर्शन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। फिल्में, अगर सकारात्मक रूप से बनाई जाएँ और उनका संदेश उचित हो, तो वे समाज पर अच्छा प्रभाव भी डाल सकती हैं। युवा पीढ़ी पर फिल्मों का प्रभाव नियंत्रित करने के लिए माता-पिता और शिक्षकों को भी आवश्यक मार्गदर्शन देना चाहिए, ताकि वे स्वस्थ मानसिकता विकसित कर सकें।

अनिल माथुर
जोधपुर ( राजस्थान )

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# देवली उनियारा के उपचुनाव का मतदान 65.14 प्रतिशत पर संपन्न हुआ





बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** यहां बुधवार को मतदान दिवस की प्रक्रिया सुबह 7.00 बजे से ही प्रारंभ प्रारंभ हो गई लेकिन मतदान के प्रति मतदाताओं की रुचि पूर्व के भांति बहुत कम रही। देवली उनियारा विधानसभा के उपचुनाव मतदान दिवस पर मैदान में उतरे सभी प्रत्याशियों के समर्थकों ने मतदाताओं को घर से बाहर निकालने के लिए कड़ी मेहनत की तब कहीं जाकर देवली उनियारा का मतदान प्रतिशत 65.14 संपन्न हुआ । यहां उप चुनाव के मतदान दिवस पर युवा मतदाताओं के साथ बुजुर्ग और दूल्हा दुल्हन मतदाता भी मतदान करने के लिए बूथ केंद्र पर पहुंचे और मतदान दिवस पर मतदान करते हुए दिखाई दिए। हालांकि मतदान दिवस पर सुबह से ही बूथ केंदो पर एक आध मतदाताओं के साथ मतदान प्रक्रिया शुरू हुई । लेकिन अधिकांश बूथ केंद्र कुछ एक मतदाताओं के साथ खाली बन रहे। ऐसे हालातो को देखकर प्रत्याशियों सहित समर्थको के माथे पर भी चिंता की लकीर दिखाई दी। वही देवली उनियारा उपखंड के बीसलपुर गांव और समरावात में चुनाव का बहिष्कार किया गया । बुधवार को उपचुनाव तो हुए लेकिन सुबह 7.00 बजे से लेकर शाम को 6.00 बजे तक मतदाता धीमी गति से मतदान केदो पर पहुंचते रहे। आखिर शाम होते होते 6.00 बजे तक देवली उनियारा का मतदान 65.14 प्रतिशत पर संपन्न हो ही गया।

## जिले में अटल जन सेवा शिविर जनसुनवाई व कुस्तला में होगी रात्रि चौपाल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिले के समस्त उपखंड मुख्यालयों पर स्थित पंचायत समितियों में 14 नवंबर, गुरुवार को प्रात: 10 बजे से अटल जन सेवा शिविर एवं जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर धारा सिंह मीणा ने बताया की अटल जन सेवा शिविर के दौरान आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया जाएगा।

साथ ही 14 नवंबर को सांय 7 बजे जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत कुस्तला में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

### नार्को कोर्डिनेशन सेन्टर जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित

# युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति सभी के लिए घातक : शुभम



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** नार्को कोर्डिनेशन सेन्टर जिला स्तरीय कमेटी की बैठक जिला मजिस्ट्रेट एवं कलक्टर शुभम चौधरी व पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति देश एवं मानव समाज के लिए घातक है। इस नशे की प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वाद-विवाद, पोस्टर, चित्रकला, निबंध जैसी प्रतियोगिताओं तथा प्रभात फेरी के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ इस प्रकार की नशे की सामग्री के रैकेट चलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की आवश्यकता है। इसी प्रकार बोर्डर, राज्य के नाकों से आने वाले वाहनों पर भी सघन जांच की कार्यवाही की जाने की आवश्यकता है। जो व्यक्ति नशे का आदी हो और नशे की प्रवृति से छुटकारा पाना चाहते है उनके लिए विशेष रूप से नशा मुक्ति केन्द्र का संचालन भी किया जाए।

जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस एनडीपीएस सामग्री के सीजर की कार्यवाही करने के साथ-साथ इस प्रकार के रैकेट चलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सूचना मिलने पर एनडीपीएस के 23 प्रकरण दर्ज कर उन पर कार्यवाही की है। उन्होंने बताया कि मुम्बई-बड़ौदरा एक्सप्रेस-वे पर भी पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर गांजा पकड़ने की बड़ी कार्यवाही की है।

बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रामराज मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, एसएचओ आबकारी सुरेश कुमार यादव, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता गौरी शंकर मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी एजाज अली, डॉ. गौरव चन्द्रवंशी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जल वितरण समितियो की बैठक आज व कल

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षैत्र के गणवर ग्राम स्थित जल संसाधन विभाग के सिंचाई स्त्रोत राम सागर बांध की जल वितरण समिति की बैठक उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में 14 नवम्बर गुरूवार को दोपहर बाद 3 बजे पंचायत के सेवा केन्द्र में आयोजित होगी। जल संसाधन विभाग के कनिष्ठ अभियन्ता जयदेव सिंह सोलंकी ने बताया कि इसके अलावा भैंरूसागर चांदसेन बंधे की जल वितरण समिति की बैठक 15 नवम्बर शुक्रवार को प्रात: 11 बजे सिंचाई विभाग के चांदसेन स्थित विश्राम गृह में उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित होगी। इन दोनो बैठको में दोनो बांधो के सिंचित क्षैत्र के किसानो की मांग के अनुसार सर्वसम्मति व सहमति के अनुसार बांधो की नहरो में सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने का निर्णय लिया जाएगा।

## धरती जतन व धरती पूजन यात्राऐं 17 से 23 नवम्बर को मुख्य समारोह नगर में

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** ग्राम विकास नवयुवक ममंडल लापोड़िया के तत्वावधान में आम जन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्धेश्य से निकाली जाने वाली धरती जतन व धरती पूजन यात्राऐं 17 से 22 तक निकाली जाएगी। वहीं 23 नवम्बर को क्षैत्र के नगर ग्राम स्थित संस्था के मुख्यालय पर समापन समारोह का आयोजन होगा। सचिव लक्ष्मण सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले 37 सालो से इस प्रकार की यात्राएं निकाली जा रही है। इस वर्ष संस्था की ेर से 38वीं पदयात्राऐं निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 17 नवम्बर को संस्था के कार्यकर्ताओं की चार टोलिया अलग अलग स्थानो से रवाना होगी। गांव ढाणी पहुंच कर टोलिया ग्रामीणो को साथ लेकर तालाब व पेड़ पूजन कर रक्षा सूत्र बांध कर रक्षा का संकल्प दिलाया जाएगा। साथ ही तालाब पूजन के समय पवित्र पुष्कर सरोवर का पवित्र जल तालाबो में प्रवाहित किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणो को जल स्त्रोतो एवं पेड़ पौधो की रक्षा करने का संकल्प दिलाया जाएगा। ये यात्राऐं 22 नवम्बर को पूर्ण होगी। वहीं 23 नवम्बर को संस्था के ग्राम नगर स्थित परिसर में समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में टोलियो में शामिल कार्यकर्ता अपने अपने अनुभव साझा करेगें। साथ ही समारोह में पर्यावरण क्षैत्र में श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को इस समारोह में सम्मानित भी किया जाएगा।

## जिला स्तरीय कार्यक्रम 15 को,जनजातीय समुदाय को लाभान्वित करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर धारा सिंह मीणा ने अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विभागवार सभी विभागों के अधिकारियों को जनजातीय समुदाय के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अभियान में 500 एवं अधिक जनसंख्या तथा 50 प्रतिशत जनजातीय आबादी वाले ग्रामों को लाभान्वित किया जाएगा। अभियान में जनजातीय आबादी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम 15 नवंबर शुक्रवार को श्री बिरसा मुण्डा जी की जयंती पर जनजाति गौरव दिवस के रूप में रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में आयोजित होगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी व विकास अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पात्र परिवारों के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पक्के मकानों के लिए सर्वे, जल जीवन मिशन के तहत नल कनैक्शन, रोड़ कनेक्टिविटी सुदृढ़ करने, बिजली आपूर्ति, आयुष्मान भारत कार्ड, उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## चैनपुरा विद्यालय में बालिकाओं को आत्मरक्षा का नियमित करवाया जा रहा है अभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चैनपुरा में प्रधानाध्यापक इंद्रा मीणा के निर्देशन में बालिकाओं को नियमित आत्मरक्षा का अभ्यास करवाया जा रहा है। शारीरिक शिक्षक सुवालाल मीणा ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रभारी रितुसिंह यादव द्वारा विद्यालय परिसर मे नियमित बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम वार्मअप, नेक रोटेशन, हैंड रोटेशन, स्ट्रेचिंग, प्राणायाम व शोल्डर रोटेशन आदि गतिविधिया प्रतिदिन करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा के लिए बालिकाओं को स्वयं की रक्षा हेतु तौर तरीके बताए गए। प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया जाता है।

### भजन संध्या एवं भव्य आतिशबाजी का हुआ आयोजन

# कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणों है श्याम जन्मोत्सव मनाया धूमधाम से



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** इन्दिरा कॉलोनी में स्थित श्याम मन्दिर में देवउठनी एकादशी पर श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्याम मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया की जन्मोत्सव पर बाबा श्याम का पन्चामृत से अभिषेक किया गया एवं चंदन का लेप कर कलकत्ता के फूलों से भव्य शृंगार कर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। एकादशी पर भक्तों को मन्दिर में कथा सुनाई। दिनभर मन्दिर में दर्शनों के लिए भक्तों तांता लगा रहा। इस दौरान झिलाय, बनस्थली, पहाडी, सिरस व जयसिंहपुरा सहित आस पास के गांवों से पदयात्रियों ने बाबा श्याम के दर्शन किए। बाबा श्याम के जयकारों से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। मंगलवार की शाम सात बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें जयपुर के गायक लक्ष्मीकांत खंडेलवाल, सोमेश जैन व महेश दरगड सहित स्थानीय गायकों ने चलो बुलावा आया है श्याम ने बुलाया है, दरबार तेरा सांवरिया किसने सजाया है, वो किस्मत वाले होते है जिन्हे श्याम बुलाते है, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणों है, कर दो कर दो बेडा पार राधे अलबेली सरकार, राधे-राधे जपो चले आएंगे बिहारी, रात श्याम सपने में आए, थाली भरकर ल्याई र खीचडो ऊपर सूं डाली घी की बाटकी, जिमो जी म्हारा श्याम धणी जिमाव बेटी जाट की, देना हो तो दिजिए जनम जनम का साथ, एक बार चले आवो सांवरे, धुम मची है श्याम के दरबार में



एवं मेरा एक साथी है बडा ही भोला भाला है सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजन संध्या के बाद महाआरती कर केक काटकर भव्य आतिशबाजी के साथ बाबा श्याम का जन्मोत्सव मनाया एवं भक्तों को प्रसादी वितरित की। इस दौरान श्याम मन्दिर को भव्य लाइटिंग से सजाया गया।

## देवली-उनियारा : निर्दलीय प्रत्याशी ने एसडीएम पर लगाया पक्षपात का आरोप, थप्पड़ मारकर जताया विरोध

### नरेश मीणा बोले- बीजेपी के एजेंट की तरह कर रहा काम

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** बुधवार को उपचुनाव के मतदान के बीच निर्दलीय प्रत्याशी द्वारा मालपुरा उपखंड अधिकारी, निर्वाचन पीठासीन अधिकारी के साथ की गई मारपीट का मामला दिन भर यहां चर्चाओं में बना रहा । देवली उनियारा विधानसभा के उपचुनाव में मतदान दिवस पर अचानक से हुई इस घटना ने लोगों को अचंबे में डाल दिया। यहां इस मामले को लेकर अलग-अलग चर्चाएं होती रही कि आखिरकार नरेश मीणा इतने आवेश में क्यों और किस लिए आ गए। जबकि यहां मुकाबला त्रिकोणीय बना हुआ था। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के इस मामले में यहां लोगों के बीच दिन भर अलग-अलग चर्चाएं होती चली जा रही थीं कोई तो इसे इस घटनाक्रम को राजनीतिक षड्यंत्र का रूप देता रहा। तो कोई इसे नरेश मीणा की दबंगई बताते रहे । और कोई नरेश मीणा को राजनीति का शिकार होने की बात कहते रहे ।

आपको बता दें कि सोशल मीडिया के वायरल वीडियो अनुसार यह विवाद इसलिए खड़ा हुआ कि उनियारा उपखंड के समरावता गांव को उनियारा उपखंड से हटाकर देवली उपखंड में जोड़ दिया गया। इसको लेकर ग्रामीण समरावता मतदान केंद्र के बाहर धरना प्रदर्शन पर बैठे गए थे। इस बात की सूचना पर निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा वहां पहुंचे और सुरक्षा कर्मियों को धक्का मुक्की करते हुए मतदान केंद्र कक्ष के अंदर चले गए वापस लौटते समय क्या हुआ कि अचानक मालपुरा उपखंड अधिकारी अमित चौधरी और नरेश मीणा के बीच पहले तो कहा सुनी हुई तभी वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने नरेश मीणा को पकड़ लिया इसी बीच निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने उपखंड अधिकारी को थप्पड़ जड़ दिया। इस दौरान वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उपखंड अधिकारी का बचाव करते हुए नरेश मीणा को अलग किया। और मतदान केंद्र के बाहर छोड़ दिया इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता चला गया। और देखते ही देखते उक्त घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं के बीच अलग-अलग अटकलें उभर कर सामने आती रही ।

चर्चा यह रही की प्रशासन ने आखिरकार इस घटना के बाद भी नरेश मीणा गिरफ्तार क्यों नहीं किया। और वही धरना दे रहे ग्रामीणों के साथ धरना स्थल पर बैठ गए। यहां इस बात को लेकर चर्चाएं गर्म रही कि क्या नरेश मीणा को राजनीति साजिश का शिकार बनाया गया । या नरेश मीणा ग्रामीणों को धरना स्थल पर बैठा देख अपना आपा खो बैठे । सोशल मीडिया पर मामला यह भी सामने आए की नरेश मीणा ने उपखंड अधिकारी अमित चौधरी पर आरोप यह लगाया कि उन्होंने मतदान केंद्र कक्ष में तीन मतदान अपने तरीके से डलवा दिए जिससे नरेश मीणा आक्रोशित हो उठे और उक्त घटनाक्रम को अंजाम दे डाला। आखिरकार नरेश मीणा इस विवाद को मतदान की शुरुआत में ही क्यों खड़ा कर दिया यह सोचनीय विषय बना हुआ है । तो वही यहां सैकड़ो बुद्धिजीवों का ऐसा मानना है कि मतदान दिवस पर इस तरह की निंदनीय घटना नहीं होनी चाहिए थी।

## ज्यादती करने के आरोपी को 5 वर्ष का कठोर कारावास

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** विशिष्ठ न्यायाधीश पॉक्सो न्यायालय मधुसदन शर्मा ने 17 वर्षीय नाबालिग पीड़िता से ज्यादती के मामले में अभियुक्त शाहिल पठान पुत्र निसार पठान निवासी झिलाय को 5 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया है। विशिष्ठ लोक अभियोजक पोक्सो टोंक मोहम्मद मियां गुलजार ने बताया कि अक्टूबर 2023 में नाबालिक पीड़िता ने अभियुक्त पर ज्यादती करने का मामला दर्ज करवाया



था। जिस पर निवाई थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध 4 मार्च 2024 को न्यायालय में चालान पेश किया था।

## आज 11 बजे से प्रारंभ होगा चार दिवसीय पुस्तक महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** अज़ीम प्रेमजी फाउण्डेशन टोंक द्वारा पढ़ने की साझी संस्कृति को प्रोत्साहित करने हेतु दिनांक 14 नवम्बर से 17 नवम्बर तक पुस्तक महोत्सव टोंक आयोजन किया जायेगा। पुस्तकों के प्रति जागरूकता प्रात॰ 7 बजे से 9 बजे तक प्रभात फेरी का आयोजन होगा। ये फेरी जिला स्टेडियम से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग (घंटाघर, सुभाष बाजार, पांच बत्ती, नौशे मिया का पुल,बड़ा कुआं) होते हुये विवेकानंद सर्किल पहुंचेगी जहाँ इसका समापन हो जाएगा। इस महोत्सव में हर उम्र के बच्चों के लिए पुस्तकें उपलब्ध रहेगी राजकमल,लोकायत प्रकाशन,वाणी प्रकाशन,प्रथम बुक्स,बोधि प्रकाशन,ज्ञानपीठ प्रकाशन,इकतारा,यात्रा बुक्स,नेशनल बुक ट्रस्ट (NBT),चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट(CBT) आदि कई प्रकाशकों की पुस्तकें उपलब्ध होगी। महोत्सव में बच्चों के लिए विज्ञान के प्रयोग,गणित को कार्नर,इतिहास,चित्रकाला,ओरिगामी के कार्नर,वाद—विवाद प्रतियोगिता,लेखक से मिलिए आदि कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। पुस्तक महोत्सव में राजकमल,लोकायत प्रकाशन,वाणी प्रकाशन,प्रथम बुक्स,बोधि प्रकाशन,ज्ञानपीठ प्रकाशन,इकतारा,यात्रा बुक्स,नेशनल बुक ट्रस्टचिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट आदि कई प्रकाशकों की पुस्तकें उपलब्ध होगी।

## जिला परिषद सीईओ ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक सरकारी योजनाओं से आमजन को लाभांवित करने के दिए निर्देश

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परिषद सभागार में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं सरकार द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजनाओ की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समय पर योजनाओ के क्रियान्वयन एवं कुशल पर्यवेक्षण के साथ योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने के निर्देश दिए। इस दौरान



उन्होंने नरेगा योजना की समीक्षा करते हुए नरेगा कार्यो पर श्रमिक बढ़ाने, समय पर भुगतान करने, अपूर्ण कार्यों को समय पर पूर्ण करने सहित कार्यो का गहनता से निरीक्षण करने की बात कहीं। उन्होंने एरिया ऑफिसर एप पर टारगेट पूर्ण करने, आवास योजना की किश्ते समय पर जारी करने, लाभार्थियों के आवास की जियो टैगिंग करने, सांसद/विधायक स्थानीय क्षेत्रीय योजना के कार्यो को समय पर पूरा करने, स्वामित्व योजना के पट्टे समय पर जारी करने, समय पर विभिन्न स्तर से प्राप्त परिवादों का निस्तारण करने के निर्देश संबंधित को प्रदान किए है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, अधिशाषी अभियंता गोपाल मंगल, पंचायत समिति के विकास अधिकारी, सहायक अभियंता सीमा शर्मा, राधेश्याम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन व वार्षिक आम सभा 17 को डिग्गी में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी होगें मुख्य अतिथि

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड की धार्मिक नगरी डिग्गी स्थित जाट धर्मशाला में अखिल भारतीय श्री टाक क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में 17 नवम्बर रविवार को 49वां वार्षिक विवाह सम्मेलन एवं केन्द्रीय साधारण सभा का आयोजन होगा। कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार टांक डिग्गी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व समाजसेवी उमराव सिंह टांक विजयकुमार टांक -बैंकांक होगें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय अध्यक्ष कंवरलाल टांक करेगें तथा समारोह के विशिष्ट अतिथि उद्योगपति चिरंजीलाल टांक व ताराचन्द टांक किशनगढ़ होगें। कार्यक्रम के



बारे में जानकारी देते हुए टांक ने बताया कि 17 नवम्बर रविवार को प्रात: 8 बज्रे तक पंजीयन होने के बाद 9 बजे दीप प्रज्जलवन कर समारोह का शुभारम्भ किया जाएगा। वहीं निवासी 9.15 बजे, स्वागत उद्बोघन 10 बजे, महामंत्री द्वारा प्रगति प्रतिवेदन 10.30 बजे, तोरण वरमाला 11 बजे व पाणिग्रहण संस्कार 11.30 बजे होगें। सामूहिक विवाह सम्मेलन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई। समारोह के सभी कार्यक्रम आयोजन स्थल जाट धर्मशाला में सम्पन्न होगें। टांक ने बताया कि आयोजन समिति के सदस्यो का प्रतिनिधिमंडल जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से मुलाकात कर आमन्त्रण पत्र सौंपा जिसे चौधरी ने स्वीकार समारोह में शामिल होने की सहमति प्रदान की।

# पर्यावरण सबसे बड़ी चुनौती : रामकिशन बाणगंगा नदी में पानी लाये सरकार

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( नि.स. )।** दुनिया के समक्ष आज सबसे बड़ा खतरा है युद्ध और पर्यावरण जिसका समाधान हमारे महापुरुषों के बताये रास्ते पर चलकर ही निकल सकता है। वायुमण्डल में और मौसम के हिसाब से बड़े परिवर्तन हो रहे है प्रदूषण की बजह से लोग परेशान है , शहरों से वापिस गाँवों की और फिर पलायन होगा । हर व्यक्ति को गाँवों में पैड ज्यादा सेज्यादा लगाने चाहिये। उन्होंने कहा कि पोलोथिन हानीकारक है इसका बहिस्कार करना चाहिये ।यह कहना है समाजवादी विचारक और भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन मंगलवार को समीपवर्ती ग्राम इरनिया में पानी आन्दोलन की तैयारियों को लेकर संघर्ष समिति से जुड़े लोगों की आयोजित नुक्कड़ बैठक में बोल रहे थें । उन्होंने कहा कि वर्तमान में विकास का जो माँडल चल रहा है उसमें अनेक विषगतिया है , जिसमें घटते रोजगार के अवसर और बढ़ते प्रदूषण को रोकना बड़ी चुनौती हैं । सरकार को बढ़ते वाहनों की संस्था और कई कई मकानों को बनाने बाले धनवान लोगों पर भी कुछ कड़ी पावंदिया और सीमा तय करनी चाहिये ताकी पर्यावरण को शुद्ध रखा जा सकें।

**एनसीआर से लाभ नहीं नुकसान हुआ :** पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि एनसीआर से भरतपुर को कोई लाभ नहीं मिला बल्कि नुकसान हुआ है। एनसीआर का व्यापक प्रचार किया गया था इसे जनता के हित में बताया गया था लेकिन इससे लाभ नहीं मिला पुराने कारखाने भी बन्द हो गये। एनसीआर का फायदा लेने के लिये भाजपा और कांग्रेस के लोगों ने कभी भी कोई कोशिश और प्रयास नहीं किया।

**बाणगंगा नदी को गम्भीर नदी व पांचना बांध से जोड़े :** किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने कहा कि बाणगंगा नदी को गम्भीर और पाँचना बाँध से जोड़ा जाना चाहिये तथा इआरसीपी के तहत प्रथम चरण के दौरान ही यहाँ के लोगों को पानी मिलना चाहिये। कई दशक से वाणगंगा नही में पानी नहीं आने के कारण किसानो के ट्यूबबैल पानी छोड़ चुके है और खेती बर्बाद हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पाँचना बाँध के पानी का शीघ बँटबारा होना चाहिये। कार्यक्रम में हाकिम सिंह गुर्जर इरनिया , रामभरोसी पटेल ' कप्तान सिंह ' विजन सिंह ' भोवल न्यौठा ' धर्मवीर सैनी झारकई ' जगन सिंह तालिमपुर , अंशूमान सिंह विष्णु मित्तल हीरा सिंह ने भी अपने विचार प्रकट किये और सरकार से बाणगंगा नदी में पानी लाने की माँग रखी तथा पानी के लिये चल रहे आन्दोलन में पूरा सहयोग देने का वायदा किया ।

# आई.एम.ए.अलवर के स्पोर्ट्स IMA EUPHORIA 2024 का आगाज 15 नवम्बर से



बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** IMA अध्यक्ष डॉ एस सी मित्तल की अध्यक्षता में IMA EUPHORIA – 2024 खेलो का आयोजन दिनांक 15 से 18 नवम्बर 2024 तक किया जा रहा है जिसमे बैडमिंटन, क्रिकेट, एथलेटिक्स, शतरंज, टेबल टेनिस एवं योगा की विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है । बैडमिंटन, शतरंज एवं योगा का आयोजन जय कृष्णा क्लब परिसर में किया जायेगा । टेबल टेनिस का आयोजन फ़ोर्स टेबल टेनिस एकेडमी बिजली घर सर्किल पर किया जाएगा । क्रिकेट का आयोजन NIET तथा LIET कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में किया जाएगा । बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन आई.एम.ए. अध्यक्ष डॉ.एस.सी.मित्तल के छोटे भाई स्व. डॉ राजीव मित्तल की स्मृति में किया जा रहा है। टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन स्व. श्रीमती राजवन्ती गर्ग की स्मृति में किया जा रहा है। अब तक सभी खेलो में लगभग 250 से ज्यादा प्रतियोगी अपना नामांकन करा चुके है । जिसमे एथलेटिक्स में 75, बैडमिंटन में 50, क्रिकेट में 50, शतरंज में 40, टेबल टेनिस में 40 एवं योगा में 25 प्रतियोगी भाग ले रहे है । बैडमिंटन मैचो के मुख्य रैफरी कपिल सैनी रहेंगे। टेबल टेनिस मैचो के मुख्य रैफरी आशीष रहेंगे , शतरंज मैचो के मुख्य रैफरी हरिओम वदाना रहेंगे । एथलेटिक्स मैचो की सभी प्रतियोगिता आर.आर.कॉलेज के स्टेडियम वाले ग्राउंड में सिर्फ रविवार , दिनांक 17 नवम्बर 2024 को प्रात: 06.30 बजे से आयोजित की जायेगी मुख्य रैफरी श्री उमराव सैनी जी रहेंगे तथा पुरूस्कार वितरण भी वही किया जाएगा । योगा में मुख्य निर्णायक डॉ.उत्तरा अग्रवाल एवं हिना रहेंगी। IMA EUPHORIA 2024 गेम्स का उद्घाटन सांय 6.30 बजे जय कृष्णा क्लब, अलवर के बैडमिंटन हॉल में आई.एम.ए. राजस्थान उपाध्यक्ष डॉ रूपसिंह जी करेंगे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व IMA राजस्थान अध्यक्ष डॉ एम.एन. थरेजा करेंगे । आई.एम.ए. अलवर सचिव विजय चौधरी जी ने बताया कि इसमें 8 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक के प्रतियोगी भाग ले रहे है । इसमें सभी खेलो का आयोजन खेल सचिव डॉ विजेंद्र गर्ग, आयोजन सचिव डॉ राकेश गुप्ता संभालेंगे एवं कार्यक्रम संयोजक गिरीश गुप्ता रहेंगे । अलवर के जाने माने विभिन्न हॉस्पिटल इन खेलो को प्रायोजित करेंगे। प्रेस कांफ्रेंस में डॉ एस सी मित्तल, डॉ विजय चौधरी,डॉ दीपक श्रीवास्तव,डॉ राकेश गुप्ता एवं गिरीश गुप्ता उपस्थित थे।

# बजरिया पुलिस टाउन चौकी के महज 100 मीटर की दूरी पर चोरों ने परचून दुकान के पीछे से लगाई सेंध

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे की बजरिया टा-उन चौकी के पास यानी 100 मीटर की दूरी पर चोरों ने एक परचून की दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने दुकान के पीछे की दीवाल को तोड़कर अंदर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दुकान मालिक नीरज जैन ने बताया की मैं कल यानी 12 नवंबर 2024 को अपनी भतीजी की शादी में हिण्डोन गया था जैसे ही मैंने आज दुकान की शटर खोली अंदर गया तो मैंने देखा दुकान के पीछे की दीवार टूटी हुई पड़ी है तो मैं एकदम हक्का वक्का रह गया। दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था और ड्राई फ्रूट के सभी आइटम दुकान से गायब थे। चोर मेरी दुकान से लगभग 25000 से ज्यादा का सामान व नगद चोरी कर ले गए। दुकान मालिक नीरज जैन ने परचून संघ अध्यक्ष सौरभ गर्ग को घटना की जानकारी दी। सौरभ गर्ग को घटना की जानकारी मिलते ही चोरी की वारदात दुकान पर पहुंच कर डीएसपी कृष्ण राज को घटना की सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान का आगे से पीछे से यहां से चोरों ने दीवाल को तोड़ा है मौका मुआयन किया। परचून किराना संघ अध्यक्ष सौरभ ने बताया कि चोर अधिकांश परचून की दुकानों को ही टारगेट क्यों बना रहे हैं। अगर चोरी का खुलासा जल्द नहीं हुआ तो पूरा व्यापार संघ मिलकर आए दिन चोरी की घटनाओं को लेकर अपनी अपनी दुकानें बंद रखकर बड़ा आंदोलन चलाएगा। बयाना कोतवाल बाबूलाल गुर्जर ने आए दिन चोरी की घटना को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा और चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर उनको सजा दिलाई जाएगी।

# सीआरपीएफ जवान की सैनिक सम्मान से हुई अन्तेष्ठी क्षेत्र के गणमान्य लोग रहे मौजूद, दी भावभीनी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बालावास की जानकीदास ढाणी निवासी सीआरपीएफ के जवान सुरेन्द्र यादव की ड्यूटी के दौरान सोमवार को नागालैंड में मौत हो गई। जवान का बुधवार को दोपहर बाद उनका पार्थिव शरीर उनके गांव पहुंचा! जहां उनका सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सैनिक के पार्थिक शरीर के बानसूर पहुँचने पर बानसूर थाने से उनके गांव ढाणी जानकी दास वाली तक करीब 5 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा के दौरान सुरेन्द्र यादव अमर रहे के जयकारों की गूंज रही।

जवान की पार्थिव देह बालावास के जानकी दास ढाणी में पहुंची तो परिजन बेसुध हो गए और मौजूद लोगो की आँखें नम हो गई। ग्रामीणों द्वारा सैनिक का सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

सुरेन्द्र यादव के एक बेटा और एक बेटी है। जवान की सम्मान यात्रा में हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान विधायक देवीसिंह शेखावत, एसडीएम अनुराग हरित, तहसीलदार गजेन्द्र सिंह राठौड़, प्रधान सुमन यादव सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। जवान सुरेन्द्र यादव की पार्थिव देह के साथ आए नागालैंड के जुगजा हैड क्वाटर के ईएसआई जनरल ड्यूटी ऑफिसर दिगंबर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को सैनिक सुरेन्द्र यादव की तबियत ड्यूटी के दौरान अचानक खराब हो गई। जिसके चलते उन्हें सैनिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। जिनका आज सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया है, और हमारी यूनिट हिसाब से उन्हें सलामी भी दी गई हैं।

# वोटिंग प्रभावित करने के आरोप में चार लोग हिरासत में, हरियाणा नंबर की गाड़ी में आए थे, ग्रामीणों ने धमकाने का लगाया आरोप

बढ़ता राजस्थान

**गोविन्दगढ़ ( नि.स. )।** अलवर के गोविन्दगढ़ के रामबास गांव स्थित महात्मा गांधी विद्यालय मतदान केंद्र बूथ संख्या 240, 242, 243 पर एसयूवी गाड़ी में आए चार लोगों को मतदान प्रभावित करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ये लोग उन्हें धमका रहे थे। पुलिस को गाड़ी से प्रचार सामग्री भी मिली है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चार लड़के काले रंग की एसयूवी में 12.30 बजे गांव पहुंचे। गाड़ी में एक पार्टी का दुपट्टा रखा हुआ था। ये लोग मतदान को प्रभावित करने के लिए मतदाताओं को धमका रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना अधिकारी नेकीराम मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहां से चारों लड़कों को डिटेन किया। साथ ही गाड़ी को भी जब्त किया गया। थानाधिकारी नेकी राम ने बताया कि हमने बाहर से आए चार लोगों को डिटेन है। वोटर है या नहीं है, हम इनका सत्यापन कर रहे हैं। सूचना मिली थी कि यह लोग यहां पर मतदान को प्रभावित कर रहे थे। वहीं बारोली मे बूथ संख्या 260 शाकीपुर पर भी तीन लोगों को फर्जी मतदान करने के आरोप में डिटेन किया गया है।

# सड़क हादसे में रेलवे कर्मचारी के बेटे की मौत: कॉम्पिटिशन एग्जाम की कर रहा था तैयारी; शादी अटेंड कर गांव लौट रहा था

बढ़ता राजस्थान

अलवर । अलवर में हुए एक सड़क हादसे में 29 साल के युवक की मौत हो गई। मृतक रवि कुमार के पिता हीरू मीणा रेलवे में कर्मचारी है। घटना जिले के मालाखेड़ा थाना क्षेत्र के महुआ टोल के पास की है। जानकारी के अनुसार दौसा के सुरेर पाडली गांव निवासी रवि मंगलवार को अलवर के रूपवास स्थित अपनी बहन के घर से अपने दोस्त की शादी में शामिल होने गया था। शादी से वह अटेंड कर वह बाइक से ही गांव लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे रवि की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मालाखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को स्थानीय सरकारी हॉस्पिटल में रखवाया। बुधवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। रवि के परिजनों ने बताया कि वह कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रहा था। उसकी शादी भी नहीं हुई थी। इस हादसे के बाद घर में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने भी अज्ञात वाहन चालक की तलाशी शुरू कर दी है।

# जिला कलेक्टर की जनसुनवाई भुसावर में

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( नि.स. )।** राज्य सरकार की आमजन को राहत पहुंचने के उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला मुख्यालय तक प्रत्येक माह में गुरुवार के दिन अलग-अलग साप्ताहिक जनसुनवाई के क्रम में जिला कलेक्टर भरतपुर द्वारा भुसावर उपखंड मुख्यालय पर गुरुवार 14 नवंबर 2024 को जनसुनवाई की जाएगी उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा के अनुसार उपखंड स्तरीय जनसुनवाई उपखंड कार्यालय के सभागार में सुबह 11.00 होगी।

# बयाना में श्याम बाबा के भक्तों ने गोपेश्वर शिवालय में मनाया जन्मोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** में देवोत्थान एकादशी के अवसर पर कस्बे की नगला स्टोर कॉलोनी में स्थित गोपेश्वर शिवालय मंदिर में श्याम बाबा के भक्तों की ओर से श्याम बाबा जन्मोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया।

श्याम प्रेमी ललित मोहन (लवली) ने बताया इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव पार्वती व उनके परिवार की देव प्रतिमाओं सहित श्याम बाबा के चित्रों के बाबा श्याम की दीप प्रज्वलित कर बाबा श्याम के गुणगान करें इसके बाद बाबा श्याम की पूजा अर्चना कर मावे का केक काटकर व सामूहिक आरती करते हुए सभी की सुख समृद्धि और अच्छे दिनों की कामनाएं की। इस दौरान बीच-बीच में बाबा श्याम के दीवाने बाबा के जयकारे लगाते दिखाई दे रहे थे। कार्यक्रम के समापन पर श्याम भक्तों ने सभी भक्तों को प्रसादी वितरण की। वहीं इस मौके पर महिलाओं की ओर से श्याम बाबा के भजन कीर्तन के कार्यक्रम भी हुए। इस मौके पर मनोज अग्रवाल, राजू अरोड़ा, दीपक सामरी, राहुल करवाड़ी, संजय अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल, व काफी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# भारतवर्ष विश्व का जगतगुरु बनेगा : रमेश बाबा

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** गह्वरवन बरसाना के सन्त शिरोमणि रमेश बाबा का दीपदान महाउत्सव में कामवन आगमन हुआ। कामवन विराजित तीर्थराज विमलकुण्ड पर इस 40 वां दीपदान महाउत्सव धूमधाम व पूर्ण श्रद्धा से आयोजित किया गया। जिसमें एक लाख दीपक प्रज्जवलित किये गये। तीर्थराज को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया तथा विमलकुण्ड में तैरता सुसज्जित डोला आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहा। सन्त शिरोमणि रमेश बाबा ने दीपदान की मुख्य आरती में भाग लिया तथा अपने शिष्यों के साथ मन्दिर विमल बिहारी के दर्शन किये। मन्दिर के सेवाअधिकारियों ,सेवायतों व भक्तों ने बाबा का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। सभी को सम्बोधित करते हुए बाबा ने कहा कि भारतवर्ष आगामी समय में विश्व का जगतगुरु अवश्य बनेगा। हजारों स्थानीय ,देशी व विदेशी श्रद्धालुओं ने दीपदान दर्शन करने आये। कामवन के निजी व सरकारी विद्यालयों के छात्र - छात्राओं ने दीप प्रज्ज्वलन में सहयोग किया।

# डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी नेशनल एजुकेशनिस्ट अवार्ड 2024 से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** वरिष्ठ भाजपा नेता, साहित्यकार, समाजसेवी तथा सेवा निवृत्त प्रोफेसर डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को नेशनल एजुकेशनिस्ट अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। गोल्डन इरा बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकार्ड्स द्वारा देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर आयोजित किए गए एक समारोह में डॉ. चतुर्वेदी को शिक्षा, संस्कृति, हिंदी साहित्य सेवा, शोध तथा समाज सेवा आदि क्षेत्रों में विशेष योगदान हेतु संस्था के संस्थापक मनीष शर्मा द्वारा नेशनल एजुकेशनिस्ट अवार्ड 2024 प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को संगठनात्मक कार्यों का एक लंबा अनुभव है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा विविध सामाजिक संगठनों में वे पिछले पैंतीस वर्षों से निरंतर सक्रिय हैं। शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में वे अपनी एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। डॉ. चतुर्वेदी को भारत के विभिन्न प्रांतों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 102 बार सम्मानित किया जा चुका है।

# "पुत्र ने किये अपनी माता जी के नेत्रदान'

बढ़ता राजस्थान



**अलवर( का.स. )।** शहर मे योग नगर कुटिया के पास दाउदपुर,अलवर निवासी ाांति देवी पत्नी स्वर्गीय श्री किशन चंद पपड़ेजा के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के शाखा अध्यक्ष आरण्एसण्वर्मा ने बताया कि श्रीमति शांति देवी के निधन के पश्चात उनके पुत्र सतीश पपड़ेजा ने अपनी माता जी के नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया। तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफहॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र सतीश पपड़ेजा ने अपनी माता जी की अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी। उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

# पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित, 11 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** कस्बे के आदर्श नगर शिव मंदिर ढ़ाणी दीपावली में आदर्श सैनी समाज द्वारा सैनी विकास संस्था (संगठन) के तत्वाधान में देवउठनी एकादशी मंगलवार को 11 जोड़ों का विवाह सम्पन्न करवाया गया। मुख्य अतिथि थानागाजी चैयरमैन चौथमल सैनी रहे। जबकि अध्यक्षता उद्योगपति अशोक सैनी नीमराना ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में रामेश्वर ठेकेदार बहरोड़, सुरेश सैनी, बानसूर अध्यक्ष सुरेश सैनी, सैनी समाज शाहपुरा अध्यक्ष साधुराम सैनी, रामसिंह सैनी ने शिरकत की। सर्व समाज द्वारा नव विवाहित 11 जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। संचालन कुलदीप सैनी बानसूर ने किया। इस मौके पर पं. विजय शास्त्री, राजकुमार पंडित, संगठन अध्यक्ष बबलू बबेरवाल, संयोजक बाबूलाल सैनी, रामरतन सैनी, रामचंद्र सैनी, पूरणमल भगतजी, गंगाराम सैनी, गिरिराज सैनी, रामस्वरूप सैनी, रामावतार मिस्त्री, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता सैनी, जिला उपाध्यक्ष संतोष सैनी, रेखा देवी सैनी, सुभाष जमालपुरिया, पत्रकार बिल्लूराम सैनी, रामकुमार सैनी रसनाली, विजय सैनी, संजय दैया, आनद सैनी, सुगन सैनी, दिल्ली से गायक कलाकार रीटा समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कोटा एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किया विद्यार्थियों से संवाद

# असफलताओं से हारें नहीं, जीवन के जिस भी मार्ग पर चलेंगे वहां सफलता आपका इंतजार कर रही है : डॉ. मोहन यादव

बढ़ता राजस्थान





**कोटा ( का.स. )।** स्टूडेंट्स को कभी निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि हर पल नया जीवन है और नई संभावनाएं हैं। अपनी राह तय करें और ईमानदारी से मेहनत करते रहें। आप जिस मार्ग पर चलेंगे सफलता आपका इंतजार कर रही है। विद्यार्थियों को नींद पर्याप्त लेनी चाहिए, व्यायाम करना चाहिए और टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करना चाहिए। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने ये बात कोटा के एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कही। यहां जवाहर नगर स्थित एलन सत्यार्थ कैम्पस में हुए इस संवाद में उन्होंने विद्यार्थियों को धर्म, अध्यात्म और इसके वैज्ञानिक पहलुओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में एलन के निदेशक राजेश माहेश्वरी व डॉ.नवीन माहेश्वरी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कोटा शिक्षा की धरती है और विद्यार्थियों के बीच आकर बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। ऐसा लग रहा है मेरे पुराने दिन लौट आए। यहां ऊर्जा का अनुभव हो रहा है। विद्यार्थियों को सीख देते हुए डॉ.यादव ने कहा कि मैं स्वयं एक उदाहरण हूं। मेरा चयन प्री मेडिकल टेस्ट में हो गया था। इंदौर मेडिकल कॉलेज में एडमिशन मिल गया था लेकिन मैंने बीएससी की, फिर राजनीति क्षेत्र चुना। खूब मेहनत की। आज आप सभी के सामने मुख्यमंत्री के रूप में हूं। जीवन के जिस भी मार्ग पर चलें, आत्मविश्वास रखें वहां सफलता आपका इंतजार कर रही है। जब भी आपको लगे कि असफल हुए हैं, निराश नहीं हों, एक राजनीतिक व्यक्ति की तरफ देखें। उनके जीवन में कितने उतार-चढ़ाव आते हैं। डॉ.यादव ने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान का अध्ययन करते हैं, ऐसे में उन्हें ग्रह-नक्षत्र के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भी जानकारी रखनी चाहिए। उन्होंने श्रीकृष्ण जैसे विद्यार्थी बनने की बात कही, जिन्होंने शिक्षा के लम्बे अंतराल के बाद महाभारत के युद्ध में गीता उपदेश दिए, जिसमें सभी वेदों का सार है। यदि विद्यार्थी पूरे मनोयोग से सीख रहा है तो जो ग्रहण करेगा वो जीवनभर साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि दोस्त भी कृष्ण सुदामा की तरह होने चाहिए, जिसमें विश्वास हो। बरसों बाद मिलें लेकिन एक दूसरे में अटूट विश्वास रखते हुए साथ रहें। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कार्यक्रम में मौजूद मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों से भी संवाद किया। उन्होंने राजस्थान और मध्यप्रदेश के मध्य में पर्यटन विकास को लेकर हो रहे समझौतों के बारे में बताया। इससे पूर्व एलन के विद्यार्थियों ने बड़ा पुष्पाहार पहनाकर मुख्यमंत्री डॉ.यादव का स्वागत किया। कार्यक्रम में राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा भी मौजूद रहे। निदेशक राजेश माहेश्वरी व डॉ.नवीन माहेश्वरी ने मुख्यमंत्री को रामलला की तस्वीर भेंट कर आभार व्यक्त किया।

#### मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट पहुंचने पर हुआ स्वागत

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बुधवार को कोटा एयरपोर्ट पहुंचने पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, पूर्व विधायक चन्द्रकांता मेघवाल, जनप्रतिनिधि राकेश जैन, प्रेम गोचर, जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. अमृता दुहन सहित अधिकारियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. यादव का स्वागत किया। एयरपोर्ट पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ आर्नर भी दिया गया।

## बूंदी में महोत्सव में अधिकाधिक हो जन सहभागिता : उपखण्ड अधिकारी



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. )।** जिले में आगामी 18 से 20 नवंबर को आयोजित होने वाले बूंदी महोत्सव-2024 के आयोजन में अधिकाधिक जन सहभागिता बढाने के लिए मंगलवार को उपखंड अधिकारी एचडी सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न समाजों के प्रमुखों की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें बूंदी महोत्सव आयोजन को लेकर व्यापक विचार विमर्श किया गया।

**बूंदी उत्सव में महिलाओं को जोड़ने की बात कही एसडीएम ने, मगर एक भी महिला पदाधिकारी मीटिंग में नहीं बुलाई :** बैठक में उपखंड अधिकारी ने कहा कि महोत्सव में महिलाओं की भी अधिक से अधिक भागदारी हो, इसके लिए विभिन्न समाजों के प्रमुख प्रयास करें। मगर देखने वाली बात यह रही की महिलाओं की भागीदारी तो प्रशासन चाहता है मगर एक भी महिला पदाधिकारी को मीटिंग में नहीं बुलाया गया। जब तक प्रशासन का जुड़ाव आम जनता नहीं होगा तो बूंदी महोत्सव को किस तरह ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। हर बार गिने चुने लोगों के बीच ही बंदी महोत्सव मनाया जाता है और आमजन का बूंदी उत्सव कोसों दूर रहता है। उन्होंने सहायक पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि होटल व्यवसायियों से समन्वय बनाकर होटलों पर तीन दिन तक विशेष साज सज्जा के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सभी समाजों के प्रमुख अपने सोशल मीडिया पर महोत्सव में समाज की अधिकाधिक उपस्थिति के लिए आव्हान करें। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा में सभी समाजों की शत प्रतिशत सहभागिता हो। उन्होंने कहा पर्यटन विभाग की ओर से सभी धर्म सम्प्रदाय के प्रमुख व्यक्तियों को बूंदी महोत्सव के आमंत्रण पत्र वितरित करें।

उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से बूंदी महोत्सव की शोभायात्रा को भव्य एवं आकर्षक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी धर्म सम्प्रदाय, समाज के व्यक्ति अपनी पारम्परिक वेशभूषा में शामिल हों। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के भव्य आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। बैठक में समाज प्रमुखों की ओर से महोत्सव को भव्य बनाने के लिए अपने अपने सुझाव दिए गए।

बैठक में सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेम शंकर सैनी, इंटेक सयोजक राजकुमार दाधीच, रेडक्रास सचिव अशोक विजय, शहर काजी अब्दुल शकूर कादरी, राजेन्द्र रावका, बलराज सिंह, पुरूषोत्तम पारीक, एलेक्स सेम, सुरेन्द्र भारद्वाज, लोकेश सुखवाल, भारत विकास परिषद अध्यक्ष भगवान बाहेती, मुकेश श्रंगी, चन्द्र सिंह राजपुरोहित, सुखविजंदर सिंह, मौलाना असलम, मेहमूद अली, उमंग संस्थान से केके राठौर सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख मौजूद रहे।

## अधिक बकाया राशि वालों पर पालिका मेहरबान, कम बकाया वालों को नोटिस

### बिना पंजीकरण के कस्बे में चल रहे अवैध मैरिज गार्डन करोड़ों रुपए दबाए बैठे है

बढ़ता राजस्थान






**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता नगर पालिका में नगरीय विकास कर वसूली की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। वर्षों से यहां जो भी अधिकारी आए, उन्होंने या तो काम चलाऊ रवैया अपनाया या फिर राजनीतिक दबाव में कठपुतली बनकर रह गए। कुछ अधिकारियों ने अवैध मैरिज गार्डनों पर कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किए, परंतु राजनीतिक दबाव और कर्मचारियों की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण ये गार्डन बिना किसी रोक-टोक के संचालित हो रहे हैं। नियम के तहत नोटिस देकर खानापूर्ति की जाती है और नगर विकास कर से जुड़ी फाइलें लंबे समय से दबाकर रखी गई हैं। हाल ही में आए नए अधिशाषी अधिकारी ने अपनी दबंग कार्यशैली से इन अवैध गार्डनों पर विकास कर की वसूली के लिए कदम उठाए हैं। उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारियों से फाइलों का चार्ज लिया और दूसरे कर्मचारी को सौंपा, जो अब अवैध मैरिज गार्डनों के नामों की जांच करके वसूली के लिए नोटिस तैयार कर रहे हैं।

**बकाया कर वाले मैरिज गार्डन :** 1 चमन रिसोर्ट मैरिज गार्डन 2 चौहान वाटिका 3 राज पैलेस मैरिज गार्डन 4 कृष्ण मैरिज गार्डन 5 जमत खाना 6 राधिका मैरिज गार्डन 7 डोलिया मैरिज गार्डन 8 आशीर्वाद मैरिज गार्डन 9 अनमोल मैरिज गार्डन 10 मेधाँस मैरिज गार्डन 11 शगुन मैरिज गार्डन पर लाखो बकाया चल रहा है । अधिशाषी अधिकारी की सख्ती से इनसे बकाया वसूलने की संभावना है, जिससे नगर पालिका की आय में वृद्धि हो सकती है। हालांकि, अधिकारी की सख्त कार्यशैली के कारण पार्षदों और नगर पालिका अध्यक्ष का कार्यालय में आना लगभग बंद हो गया है, जिससे कस्बे में चर्चा का माहौल बना हुआ है। इसलिए कस्बे के नगरीय विकास कर्ता अधिकारी के जाने का इंतजार कार रहे है ताकि नगर विकास कर की फाइलें वापस धूल खाने लाग जाए। जानकारीनुसार अगर नगर पालिका क्षेत्र में एनटीपीसी से नगरीय विकास कर की वसूली की जाए तो पालिका को करोड़ों रुपए की आय हो सकती है। जिससे विकास कार्यों को पंख लग सकते हैं।

**विकास कर की शुरुआत और वर्तमान स्थिति :** साल 2007 में राज्य में नगरीय विकास कर लागू किया गया था, जिसका उद्देश्य नगर निकायों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना था। इसके तहत मैरिज होम, निजी अस्पताल, 300 वर्ग गज से अधिक आकार के आवासीय और 100 वर्ग गज से बड़े व्यावसायिक संस्थानों से कर वसूलना था। लेकिन नगर पालिका की उदासीनता के कारण इस कर से महज नाममात्र की ही वसूली हो पाई है। वर्तमान में अधिशाषी अधिकारी द्वारा बिना पंजीकरण के चल रहे मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और नगर में विकास कर जमा कराने के लिए होर्डिंग लगाए गए हैं। चेतावनी दी गई है कि यदि समय पर राशि जमा नहीं कराई गई तो गार्डनों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

## अतिवृष्टि से मकान ढहने के बाद दो माह से खुले में सो रहा परिवार

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( नि.स. )।** गणेशबाग के सामने अतिवृष्टि से मकान ढहने से पिछले दो माह से खुले में सो रहे मोहनलाल बैरागी के गरीब परिवार को न्याय दिलाने को लेकर बुधवार को पीड़ित परिवार के मकान से जिला कलेक्ट्रेट तक न्याय यात्रा निकाली और उपखण्ड अधिकारी एच डी सिंह को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया ।जिसमे मोहनलाल गोस्वामी के पीड़ित परिवार के साथ राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा भी शामिल हुये।

**नारेबाजी के साथ किया प्रदर्शन :** न्याय यात्रा में युवाओं ने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुये पीड़ित परिवार को सरकारी मुआवजा दिलवा कर राहत दिलवाने की मांग रखी। पीड़ित मोहनलाल बैरागी ने कहा कि पिछले 7 सितंबर को अतिवृष्टि से उनका मकान ढह गया था ।दो माह से वह सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते काटते थक चुके हैं लेकिन अभी तक परिवार को मुआवजा नहीं मिला है और मजबूरी में परिवार को खुले में ही सोना पड़ रहा है।

**तत्काल मुआवजा दिलवाया जाये-** न्याय यात्रा में राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले दो माह से अधिक समय से एक गरीब परिवार को खुले में सोना पड़ रहा है और नगर परिषद तहसील प्रशासन के द्वारा सर्वे होने के बावजूद पीड़ित परिवार को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि यह अमानवीय स्थिति है जिसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जा सकता है।आगामी 10 दिन में पीड़ित परिवार को मुआवजा नहीं मिला तो मजबूरन आंदोलन पर उतारू होना पड़ेगा। प्रशासन को पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा देकर राहत प्रदान करनी चाहिये।

**न्याय यात्रा में ये हुये शामिल :** न्याय यात्रा में पार्षद देवराज गोचर, पीड़ित परिवार के सदस्य राधेश्याम बैरागी गणेश बैरागी, कृष्ण सैनी, किशन नेखाड़ी, लोकेश गुर्जर, मयंक मीणा, दीपक कुमावत, रोहित सिंह, चंदन बैरागी, उदय सिंह,गौरव अरोड़ा, नरोत्तम महावर, विशाल महावर,ओम प्रकाश सैनी, निजाम अंसारी, तारा सिंह, मनोज कुमावत, हरिओम गुर्जर मानस सोलंकी,कुंदन सिंह सोलंकी, विजेंद्र सिंह,रवि मीणा आदि शामिल हुये।

## गुरु नानक देव जी के गुरपुरब के उपलक्ष्य पर सिख समुदाय ने निकाला नगर कीर्तन

महेश कुमार



**रामगंजमंडी ( बढ़ता राजस्थान )।** शहर में सुबह 6 बजे सिख समुदाय के लोगो ने सिख धर्म के संस्थापक व प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के गुरपुरब के उपलक्ष्य में बड़े ही प्यार व सत्कार के साथ नगर कीर्तन निकाला जिसमे संगत ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान पाइप बैंड पार्टी आकर्षक का केंद्र रही।

इस मौके पर रामगंज मंडी गुरुद्वारा से निकले कीर्तन जीप में पालकी साहिब को सजाया गया और उनके आगे पंज प्यारे हाथों में तलवार लेकर चलते हुए नजर आए। आगे महिलाएं व छोटे बच्चे सड़क पर झाड़ू से सफाई व फूलों की सेवा करते हुए चल रहे थे । पीछे संगत गुरूवाणी के पाठ कीर्तन करती चल रही थी। नगर कीर्तन का विभिन्न स्थानों पर सभी समुदाय के लोगो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से गुजरकर गुरुद्वारे पर समाप्त हुआ। जिसके पश्चात गुरु नानक देवजी के गुरपुरब के उपलक्ष्य पर गुरुद्वारा में अखंड पाठ साहिब रखा गया जिसकी समाप्ति गुरपुरब वाले दिन की जावेगी।

## मदनपुरा गांव में तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का समापन हुआ

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी ( महेश कुमार )।** चेचट तहसील के मदनपुरा गांव में स्थित सरस्वती शिशु बाल विद्यालय में तीन दिवसीय स्काउट गाइड के प्राथमिक कैंप का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्याप मोहन लाल धाकड़ ने बताया कि हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के जिला मुख्यालय कोटा में कार्यरत रोवर मनीष तिवारी और सुमित यादव के निर्देशन में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ट्रेनर ने विभिन्न प्रकार की तालियां, खेल, पैरेड, सलामी तथा गांठों को बांधना सिखाया। शिविर में विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला सिखाई गई। प्राथमिक चिकित्सा के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजमर्रा की चोट और बीमारियों से राहत के तरीके सिखाएं गए। स्काउट के नियम और इतिहास से अवगत करवाया गया। और झंडे तो बांधना सिखाया गया। शिविर के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शंभूसिंह सोलंकी उपस्थित रहे। वहीं अध्यक्षता सी बी यादव ने की। शिविर में 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर में वरिष्ठ अध्यापक तथा स्काउट गाइड प्रभारी सांवर लाल, सूरजमल बंजारा, छोटूलाल, शुभम, रीना, अनुराधा, सुनीता, चंदा, मनीषा, रानी सहित कई विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सवाई माधोपुर का उन्नयन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 57 फीसदी तक हुआ पूरा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** मंडल के सवाई रेलवे स्टेशन का उन्नयन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 43.2 करोड़ रुपये की लागत से तीव्र गति से किया जा रहा है। वर्तमान में स्टेशन का 57 फीसदी कार्य पूरा हो चुका हैं। सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन रणथम्भौर राष्ट्रीय पार्क के लिए प्रसिद्ध है। यह स्टेशन उन्नत यात्री सुविधाओं के कायाकल्प से एक आदर्श स्टेशन बन जाएगा। स्टेशनों के कार्य प्रगति का नियमित अन्तराल पर डीआरएम मनीष तिवारी द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा की जा रही है। इस स्टेशन का उन्नयन कार्य जून,2025 से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। स्टेशन नवीनीकरण एवं उन्नत यात्री सुविधाओं से युक्त होने पर स्थानीय आमजनता को लाभ एवं आर्थिक गतिविधियों के साथ पर्यटन में इजाफा होगा।

#### स्टेशन उन्नयन में शामिल कार्य

सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, प्रवेश द्वार, प्लेटफ़ॉर्म सतह को ऊँचा करना, प्लेटफ़ॉर्म कवर शेड, बाहरी लुक, द्वितीय प्रवेश द्वार, पार्किंग सुविधा, इंटीरियर सुधार कार्य, यात्री प्रतीक्षालय का उन्नयन, शौचालय नवीनीकरण, 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, रोशनी युक्त परिसर, प्रवेश पोर्च में लाईटिंग, स्टेशन बिल्डिंग पर आकर्षक रोशनी, वातानुकूलित यात्री प्रतीक्षालय, सामान्य श्रेणी यात्री प्रतीक्षालय, वाटर कूलर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, ट्रेन डिस्प्ले सिस्टम, कोच गाईडेंस सिस्टम, जीपीएस क्लाक, एलईडी टीवी, साइनेज बोर्ड इत्यादि।

## छावनी फ्लाई ओवर पर चलती कार में लगी आग, बोनट से धुआं उठता देख उतरा ड्राइवर, 15 मिनट तक उठती रही लपटें

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** कोटा में बुधवार सुबह छावनी फ्लाई ओवर पर चलती कार में आग लग गई। गनीमत रही कि आगजनी में कोई हताहत नहीं हुआ। फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। फायर बिग्रेड अधिकारी राकेश व्यास ने बताया- छावनी फ्लाईओवर पर जेस्ट डीजल कार में आग लगी थी। कार चालक कुनाल मिश्रा, कार से एरोड्राम से कोटडी की तरफ जा रहे थे। छावनी में उन्हें बोनट से धुआं निकलता दिखा। उन्होंने कार को रोका। इतने में कार से आग की लपटें उठने लगी। सूचना पर फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। 15 मिनट की मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया।

व्यास ने बताया- आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट सामने आया है।

# बारात लेकर जा रहे दूल्हों से मारपीट: पुरानी रंजिश को लेकर लाठी-डंडों से किया हमला

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** सैंपऊ थाना क्षेत्र के राजा का नगला गांव में मंगलवार शाम को बारात लेकर आगरा जा रहे दो दूल्हों की गांव के लोगों ने लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। मारपीट में दोनों दूल्हे घायल हो गए। दूल्हों के परिजन और रिश्तेदारों ने स्थानीय पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देख आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक राजा का नगला गांव निवासी सुभाष (24) पुत्र लक्खो और केशव (21) पुत्र लक्खो दोनों सगे भाइयों की बारात उत्तर प्रदेश के आगरा शहर जा रही थी। परिजन और रिश्तेदार दोनों दूल्हों की निकासी कर देवताओं की पूजा कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही मोंटी पुत्र मुकेश, सुमित पुत्र नीटू, सोनू पुत्र विजेंद्र, प्रिंस पुत्र नीटू, मुकेश पुत्र हरि सिंह एवं विजेंद्र ने घात लगाकर लाठी डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों द्वारा किए गए हमले से मांगलिक कार्यक्रम में अफरा तफरी मच गई। दोनों तरफ से लाठी डंडे एवं जमकर लात घुसे चले। आरोपियों द्वारा किए गए हमले में दोनों दूल्हे घायल हो गए। हमले में दूल्हों के कपड़े फट गए। कलंगी और मालाएं भी टूट गई। परिजन और रिश्तेदारों की भीड़ दूल्हों को साथ लेकर स्थानीय पुलिस थाने पहुंच गई। घटना से पुलिस को अवगत कराया गया। थाना प्रभारी गंभीर सिंह के निर्देशन में आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम भेजी गई हैं। दूल्हा सुभाष और केशव ने आरोपियों पर दो जंजीर, दो अंगूठी, 20 हजार की नकदी के साथ मोबाइल फोन लूटने का भी आरोप लगाया है।

# बेटी की शादी के लिए रखे गहने और रुपए चोरी: बारात में शामिल होने गया था परिवार, घर के पीछे से घुसे अंदर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मदीना कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया है। चोर पीछे के रास्ते घर में घुसे और बेटी की शादी के लिए रखे रुपए और चांदी के गहने चोरी कर ले गए। घर में मौजूद एक दुकान में भी चोरों ने गुटके और सिगरेट चोरी कर ली। पीड़ित दिव्यांग महिला सरोज पत्नी सुरेश ने बताया कि पति की मौत से बाद से ही वह घर में एक दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है। महिला ने बताया कि परिवार में एक शादी होने के चलते वह मंगलवार को बहरावती गांव में चली गई। पीछे से चोरों ने घर में घुसकर बेटी की शादी के लिए रखे 70 हजार रुपए और 6 जोड़ी चांदी की तोड़ियां चोरी कर ली। पीड़ित महिला ने बताया कि सुबह घर लौटने के बाद उन्हें चोरी की वारदात का पता चला। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। घर में चोरी की वारदात की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

# लापता छात्र को साइबर टीम ने किया डिटेन: 5 दिन पहले घर से स्कूल जाने के लिए निकला था, आगरा रेलवे स्टेशन पर मिला

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** 5 दिन पहले सीकर के स्कूल में पढ़ने वाला धौलपुर का छात्र लापता हो गया था। जिसकी सूचना परिजनों ने एसपी को दी। एसपी ने साइबर टीम का गठन किया। टीम ने छात्र को आगरा रेलवे स्टेशन से डिटेन कर लिया है। एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एक पीड़ित ने सूचना दी थी कि उनका 16 वर्षीय बेटा घर से सीकर के स्कूल में पढ़ने के लिए निकला था। जो ना तो स्कूल में ही पहुंचा ना ही वापस घर लौट कर आया। परिजनों द्वारा दी गई सूचना के बाद एसपी ने साइबर टीम के हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र कुमार और कॉन्स्टेबल नीलेंद्र सिंह को छात्र की तलाश में लगाया। जिस टीम ने बुधवार को छात्र को आगरा के केंट रेलवे स्टेशन से डिटेन करने में सफलता हासिल की है। एसपी ने बताया कि परिजनों ने घटना के 5 दिन बाद पुलिस को सूचना दी थी। जिसके बाद गठित की गई टीम ने महज 4 घंटे के भीतर ही छात्र को डिटेन कर लिया। एसपी ने बताया कि डिटेन किए गए छात्र को परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

# चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने 3 जगह रुकवाया बाल विवाह: 3 जगह से मिली थी शिकायत, पुलिस के साथ मौके पर पहुंची टीम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** देवउठनी एकादशी के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा लगातार मुहिम चलाई जा रही थी। जिसके चलते मंगलवार को चाइल्ड हेल्पलाइन को तीन जगह बाल विवाह होने की सूचना मिली। सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम मौके पर पहुंची और बाल विवाहों को रुकवाया। चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक हरवेंद्र शर्मा ने बताया कि देवउठनी एकादशी के मौके पर अबूझ सावों की भरमार रहती है। इस पर चाइल्ड हेल्पलाइन को विभिन्न माध्यमों से 3 जगह बाल विवाह होने की शिकायतें प्राप्त हुई। जिन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए विभिन्न विभागों और संबंधित थानों के साथ समन्वय कर कार्रवाई करते हुए बाल विवाहों को रुकवाया गया। उन्होंने बताया कि सरमथुरा थाना क्षेत्र में दो बहनों की शादी हो रही थी। जिसमें जांच के दौरान दोनों बहने नाबालिग पाई गई। जिस पर शादी को रुकवा दिया गया। वहीं दूसरी सूचना कंचनपुर थाना क्षेत्र में मिली। जहां दो बहनों की शादी हो रही थी। जिसमें से एक बहन नाबालिग और दोनों दूल्हे भी नाबालिग मिले। जिस शादी को रखवाकर पुलिस को सूचना दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक ने बताया कि तीसरी बाल विवाह की सूचना सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र में मिली। जिसमें परिजन मध्य प्रदेश से शादी कराने अपने रिश्तेदारों के यहां आए हुए हैं। जहां दुल्हन नाबालिग मिलने पर शादी को रुकवा दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान तहसीलदार बाड़ी, राजाखेड़ा और सरमथुरा, दिहौली थाना पुलिस, राजाखेड़ा थाना पुलिस, सोने का गुर्जा थाना पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन से सुपरवाइजर दीक्षा सैन, निशा कुशवाह, केस वर्कर अमन रावत, प्रशांत गौतम मौजूद रहे।

# एसडीआरएफ ने पार्वती नदी में डूबी युवती के शव को किया बरामद

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** ग्राम कैलाशपुरा के समीप पार्वती नदी में एक युवती के डूबने की सूचना पर एसडीआरएफ कंट्रोल रूम द्वारा एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू टीम प्रभारी 11 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ घटना स्थल पर पहुँचे। टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमांडेंट को बताया कि 12 नवम्बर को प्रात: समय ग्राम कैलाशपुरा के समीप पार्वती नदी में चार युवतियां नहाने गई थी जो गहरे पानी में जाने के कारण चारों युवतियां डूबने लगी।

# एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

## कार्यशाला में एसएमसी व एसडीएमसी तथा समुदाय की सक्रियता बढ़ाने पर दिया जोर

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में स्कूल विकास से जुडी एसएमसी एवं एसडीएमसी के सशक्तिकरण तथा समुदाय को जाग्रत करने को लेकर आज ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, एसएमसी और एसडीएमसी के अध्यक्ष एवं ग्रामीण क्षेत्र के पंचायत प्रसार शिक्षा अधिकारियो की एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन शहर के किला स्कूल में तहसीलदार उत्तम चंद बंसल के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीना की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कौशिक, कार्यक्रम प्रभारी एवं आरपी सुरेश भारद्वाज, मास्टर ट्रेनर प्रधानाचार्य विष्णु कुमार शर्मा एवं व्याख्याता भगवान सिंह मीना ने विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तहसीलदार उत्तम चंद बंसल ने कहा की किसी भी स्कूल के विकास में एसएमसी एवं एसडीएमसी टीम की मुख्य भूमिका होती है। अध्यक्ष सहित टीम सदस्य उस स्कूल के शिक्षा क्षेत्र के साथ भवन एवं वातावरण को अच्छा बनाने में अपना योगदान देते है ऐसे में उनकी सक्रियता जरूरी है। केवल कागजो में टीम काम करे वह ठीक नहीं है। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा ने कहा राजकीय विद्यालयों के सर्वांगीण विकास के लिए यह कार्यशाला उपयोगी है। बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए समुदाय का सहयोग जरूरी है। कार्यशाला में विशिष्ठ अतिथि के रूप में शहर की नगर पालिका के पार्षद संगीत शर्मा और ठाकुर रुकमपाल सिंह मौजूद रहे। जिन्होंने किसी भी समय उनके क्षेत्र के विद्यालय विकास के क्षेत्र में उनके द्वारा किसी भी प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यशाला में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिओम सिकरवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला सचिव भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा भगवान सिंह मीना एवं विभागीय अधिकारियों ने सम्मानित किया। इस दौरान पीईईओ राजकुमार उपाध्याय, भगवान दास शर्मा, राजेन्द्र सिंह बघेल,रामचरण मीणा, द्वारिका प्रसाद मीणा, विष्णु कुमार मीणा, रजनीश कुमार रावत, विनोद कुमार शर्मा, प्रतिभा तोमर, विजय राज लक्ष्मी, सत्यवती भारद्वाज, मुकेश कुमार अग्रवाल, पूरणमल महावर, अरविंद तिवारी, रामदास बघेला, रामदुलारे गोस्वामी, राजवीर मीणा, जोगेंद्र मीणा सहित अन्य मौजूद रहे।

# नव मतदाता की जागरूकता को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन

## अब नवीन मतदाता को निर्वाचन विभाग देगा एक वर्ष में चार मौके ; बंसल

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाता की जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया हुआ है। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत जहां मतदाता सूचियां को एक बार फिर से तैयार किया जा रहा है। वही नवीन मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए भी अभियान चलाया गया है। 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले यह नवीन मतदाता अपना नाम वोटर लिस्ट में दर्ज करा सके इसको लेकर बुधवार को शहर में स्कूल छात्रों की एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली रवाना करने से पूर्व स्कूल के समस्त टीचर्स और छात्रों को संबोधित करते हुए तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया की निर्वाचन विभाग और धौलपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन पर मतदाता की जागरूकता को लेकर 19 अक्टूबर से विशेष अभियान चल रहा है। यह अभियान 15 जनवरी तक चलेगा। जिसमें मतदाता सूचियां को एक बार फिर से अपडेट किया जा रहा है। वही नव मतदाता सूची में अपना नाम लिखा सके। इसको लेकर विशेष अभियान चलाया हुआ है। निर्वाचन विभाग द्वारा अब नवीन मतदाता के लिए एक साल में चार मौके दिए हैं।

जिसमें 1 जनवरी, 1 अप्रैल ,1 जुलाई और 1 अक्टूबर को विशेष अभियान रहेगा। इस दौरान 18 वर्ष आयु पूरी करने वाला कोई भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकेगा और आने वाले किसी भी चुनाव में मतदान से वंचित नहीं रहेगा। सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला से छात्रों की रैली रवानगी से पूर्व, उपखंड के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण प्रसाद मीणा, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक, प्रधानाचार्य हरिओम सिकरवार, व्याख्याता पुष्पेंद्र शर्मा, शिवशंकर गर्ग एवं अन्य टीचर्स के साथ जनप्रतिनिधि और स्कूल के छात्र मौजूद रहे।

# रोडवेज डिपो में तैनात सहायक यातायात निरीक्षक निलंबित: निलंबनकाल के दौरान दौसा आगार डिपो में देनी होगी उपस्थित

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के रोडवेज डिपो में तैनात सहायक यातायात निरीक्षक दिवाकर त्यागी को निलंबित कर दिया गया है। राजस्थान रोडवेज की कार्यकारी निदेशक यातायात डॉक्टर ज्योति चौहान ने आदेश जारी कर सहायक यातायात निरीक्षक को निलंबित किया है। निलंबन काल के दौरान उनका मुख्यालय दौसा आगार के कार्यालय में किया गया है। दो दिन पूर्व धौलपुर डिपो की आगरा की ओर से आ रही बस का भरतपुर डिपो की विजिलेंस टीम ने रास्ते में रुकवाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण में बस में 38 सवारियां बिना टिकट यात्रा करते हुए मिली। टीम द्वारा जब बस सारथी (परिचालक) से ईटीएम मशीन लेकर जांच की गई, तो बस में सवार 61 सवारियों में से केवल 23 यात्रियों के ही टिकट बनाए गए थे। निरीक्षण के दौरान ही बस सारथी (परिचालक) निरीक्षण टीम के हाथ से ईटीएम मशीन लेकर भाग गया। जिस मामले का आरोप बस सारथी (परिचालक) मनोज त्यागी पर लगाया गया था। घटना को लेकर बस सारथी मनोज त्यागी ने निरीक्षण के दौरान खुद को छुट्टी पर बताते हुए सहायक यातायात निरीक्षक दिवाकर त्यागी पर उसके खिलाफ षड्यंत्र का आरोप लगाया। मामले में रोडवेज डिपो के सहायक यातायात निरीक्षक दिवाकर त्यागी को निलंबित किया गया है। निलंबन काल में सहायक यातायात निरीक्षक का मुख्यालय दौसा आगार डिपो में रहेगा। जिसके खिलाफ विभाग द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी है।

# बाड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू: पोषण भी, पढ़ाई भी थीम पर दी जाएगी ट्रेनिंग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी में पोषण भी, पढ़ाई भी थीम पर आधारित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर का मूल उद्देश्य पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना एवं शाला पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी अर्पित श्रीवास्तव में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के अनुरूप आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए मार्गदर्शिका इंद्रधनुष 2 विकसित की गई है। जिसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था में पोषण के साथ-साथ शाला पूर्व शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया है। प्रशिक्षण शिविर में सेक्टर कंचनपुर फर्स्ट, कंचनपुर सेकेंड और खानपुर की कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिनको कुशल ट्रेनों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए मास्टर ट्रेनर रेखा शर्मा और अनुराधा शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के इस आयोजन में महिला पर्यवेक्षक अर्चना शर्मा, सुनीता शर्मा, लीला देवी गुर्जर और सीडीपीओ विभाग के अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में मामा-भांजे सहित 4 लोग घायल: शादी समारोह से लौट रहे थे वापस, ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर-करौली हाईवे पर बुधवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार मामा-भांजे सहित चार लोग घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की देखरेख में घायलों का इलाज किया जा रहा है।

अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों के परिजनों ने बताया कि ऑल्टो कार में सवार सभी लोग बाड़ी इलाके में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान धौलपुर-करौली हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार मामा शिवराम (40), भांजा शिवा (13) के साथ सविता (55) पत्नी बृजमोहन और नीतू (22) पत्नी इंद्रपाल घायल हो गए। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची।

अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों ने बताया कि सभी लोग बाड़ी में शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। जिनकी ऑल्टो कार को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए सभी लोगों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 2 महिलाओं की मौत:14 लोग घायल, 5 की हालत गंभीर, ट्रॉली में अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे सवार

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के बसेड़ी थाना क्षेत्र के बयाना मार्ग पर कोटरा गांव के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 2 महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में 14 लोग गंभीर घायल हो गए। 5 गंभीर घायलों की हालत होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया है। ट्रॉली में अधिकतर महिलाएं और बच्चे सवार थे। हादसे को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार सभी लोग कोट थाना क्षेत्र के गजनुआ गांव से बसेड़ी क्षेत्र के गांव रामपुर में भात देने आ रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर के ब्रेक लगाते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, तो वहीं 14 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही बसेड़ी थाना प्रभारी बृजेश मीणा मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को बसेड़ी अस्पताल भेजा। इस दौरान रास्ते में दो महिलाओं ने दम तोड़ दिया। वहीं 14 अन्य घायलों में से पांच लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद दोनों महिलाओं के शव बसेड़ी अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाए गए हैं। वहीं घायलों का बसेड़ी और जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पूरे मामले में घायलों को अस्पताल भेजने के बाद पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है। घायलों में ज्यादातर बच्चे और महिलाएं शामिल हैं।

**यह हुए घायल :** हादसे में गायत्री (35) पत्नी मलखान औस सुनीता (40) पत्नी राजेश की मौत हुई है। वहीं घायलों में हेमलता पत्नी रोहिताश, सुषमा पत्नी विजय सिंह, शशि पत्नी मनोबल, पिंकी पत्नी नरेश, नेहनी पत्नी उमेश, ओमवीर जाटव पुत्र तोफानी, अमरावती पत्नी करन सिंह, इंद्रा पत्नी गीतम, केसंति पत्नी हाकिम, सुनीता पत्नी राधे, जतिन पुत्र विजय सिंह, साक्षी पुत्री विजयसिंह, संगीता पुत्री नरेश और चंचल पुत्री राजेश घायल हुए है। जिन्हें इलाज के लिए बसेड़ी और धौलपुर के अस्पतालों में भेजा गया है।

# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार: देसी कट्टा और कारतूस बरामद

## वारदात को अंजाम देने की फिराक में था आरोपी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर की मनियां थाना पुलिस ने अवैध हथियारों को लेकर कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 315 बोर का देसी कट्टा और कारतूस बरामद किया है। आरोपी किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। जिसे वायरलैस मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। मनियां थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक मांगरोल रोड स्थित वायरलैस मोड़ पर अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। जो किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर हेड कॉन्स्टेबल प्रदुमन सिंह के नेतृत्व में एक टीम मौके पर पहुंची, जहां पुलिस ने अवैध हथियार के साथ घूम रहे युवक को दबोच लिया। तलाशी में पुलिस को युवक के पास से 315 बोर का देसी कट्टा और एक कारतूस मिला। एएसआई ने बताया कि अवैध हथियार के साथ पकड़े गए युवक रवि उर्फ कल्ला (26) पुत्र अशोक कुशवाहा निवासी खेरली थाना मनियां के पास अवैध हथियार मिलने पर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए युवक से पुलिस हथियार की खरीद फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। जिसे पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# सीकरी में अवैध खनन कर्ताओं पर खनिज विभाग ने कसा शिकंजा, 8270.5 टन स्टोन किया जब्त

बढ़ता राजस्थान

**डीग ।** डीग जिले के सीकरी उपखंड में स्थित बांसबुर्जा गांव में निरंतर खनन की गतिविधियां की जाती रही है। इस इलाके में अवैध रूप से खनन की शिकायतें लगातार सामने आ रही थी जिसके क्रम में खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा बांसबुर्जा स्थित खनन पट्टा/क्रेशर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनन पट्टा संख्या 237/08 एवं 233/08 द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर अवैध खनन किया जाना पाये जाने पर नियमानुसार मौका पंचनामा बनाया गया। मौका पंचनामा अनुसार खनन पट्टा संख्या 237/08 के पट्टाधारी द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर खनिज मैसेनरी स्टोन मात्रा 7208 टन का अवैध खनन कर निर्गमन किया गया, जिसके संबंध में नियमानुसार शास्ती राशि रू. 32,11,520.00 आरोपित की गई। खनन पट्टा संख्या 233/08 के पट्टाधारी द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर खनिज मैसेनरी स्टोन मात्रा 1062.50 टन का अवैध खनन कर निर्गमन किया गया, जिसके संबंध में नियमानुसार शास्ती राषि रू. 4,87,500.00 आरोपित की गई। मौके पर किये गये अवैध खनन/निर्गमन के संबंध में खनन पट्टाधारियों को नियमानुसार नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है। बता दें कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सभी अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देश है कि खनन गतिविधियों पर सतत् निगरानी रखी जाए।

# देश के भविष्य को शिक्षा के अवसरों से दिशा दिखाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा हिन्दुस्तान जिंक

## जिम्मेदार कार्पोरेट के रूप में कंपनी की परियोजनाओं से 2 लाख से अधिक होनहार लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान





**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** विश्व की प्रमुख जिंक, लेड और सिल्वर उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक देश के भविष्य बनने वाले बच्चों को शिक्षा से दिशा दिखाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हिंदुस्तान जिंक, एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में प्रदेश के 2 लाख से अधिक बच्चों को अपनी संचालित विभिन्न शिक्षा परियोजनाओं से उन्हें दिशा दिखाते हुए उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है। आज के बच्चे ही कल के भारत का भविष्य है एवं सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य मिल सके इस उद्धेश्य को पूरा करने के लिये प्रदेश के 7 जिलों के स्कूली छात्र छात्राओं को सर्वोत्तम शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने हेतु प्रयास किये जा रह है जिससे वें मजबूत राष्ट्र और बेहतर कल का निर्माण कर सकें।

**बालविकास परियोजना और नंद घर ने बदल दी आंगनवाडी की परिभाषा :** हिन्दुस्तान जिंक द्वारा बच्चों के समग्र विकास के लिये बाल विकास परियोजना का संचालन कर रहा है जिसके तहत् प्रदेश के पांच जिलों उदयपुर, सलूंबर, राजसमंद और चित्तौडगढ़, में 14 आगंनवाडी केंद्रों में आईसीडीएस विभाग के साथ मिलकर बच्चों के सर्वागींण विकास हेतु कार्य किया जा रहा है। परियोजना के तहत आंगनवाडी केन्द्रों पर समेकित बाल विकास योजना द्वारा प्रदत्त सभी 6 मुख्य सेवाओं को मजबूत करना है, जिसमे पोषक तत्वो से पूर्ण पूरक पोषाहार उपलब्ध करवाना, शाला पूर्व शिक्षा का सुचारू क्रियान्वयन, रेफरल सुविधाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बेहतर बनाते हुए समुदाय की भागीदारी को बढ़ाना और बुनियादी निर्माण में सहयोग करना है।

**शैक्षिक और खेलों के विकास पर बल :** कंपनी के शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत् विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। वर्तमान में 72 राजकीय विद्यालयों में 8 हजार से अधिक विद्यार्थी इससे लाभान्तिव हो रहे है इससे कार्यक्रम से विद्यालयों के बोर्ड परिणाम में भी सुधार हुआ हैं। शिक्षा संबल परियोजना में विगत 7 वर्षो में 55 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए है।

उंची उड़ान कार्यकम में शिक्षा संबल की नींव पर, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को राष्ट्रीय ख्यातिनाम इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश करने का अवसर प्रदान करन की कोचिंग दी जाती है । अब तक, 300 से अधिक छात्र इस कार्यक्रम से जुड़े हैं। हिंदुस्तान जिंक जिम्मेदार कॉरपोरेट के रूप में संचालन क्षेत्र के आस पास रहने वाले ग्रामीण और आदिवासी लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्यरत है। कंपनी भारत में शीर्ष 10 सीएसआर व्यय करने वालों में से है और वर्तमान में राजस्थान और उत्तराखंड के 3700 गांवो में 20 लाख लोग लाभान्वित हो रहे है।

# देवउठनी एकादशी ग्यारस मनाई

## दिसंबर तक करीब 6000 के आसपास होंगी शादियां

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** बुधवार को भरतपुर में देवउठनी एकादशी ग्यारस मनाई गई। स्वास्थ्य मंदिर के 15 दिन के सर्वे से जिले भर में करीब 1065 से अधिक शादियां है जो कि गांव, कस्बे, शहर व तहसील स्तर पर है भरतपुर के सभी छोटे बड़े मैरिज होम, धर्मशाला, होटल आज फुल बुक है। महिलाओं ने बुधवार शाम को गन्ने और सिंघाड़े की पूजा कर एकादशी मनाई व घर के आगे दीपक जलाए गए। हिंदू मान्यता के अनुसार बुधवार से देव सोकर उठ गए हैं अब देव जागे हैं जिससे शादियों का सीजन शुरू हो जाएगा जो की दिसंबर तक चलेगा ।दिसंबर तक करीब 6000 के आसपास शादियां होंगी। महिला सेवा इकाई की अध्यक्ष अंजना सोनी ने बताया कि स्वास्थ्य मंदिर के सर्वे में पाया कि सामूहिक विवाह सम्मेलनों द्वारा भी शादियां की जा रही है जिसमें करीब डेढ़ सौ से अधिक शादियों की जिम्मेदारी सम्मेलन द्वारा हो रही है जहां की गरीब कन्याओं की शादी भी होंगी। स्वास्थ्य मंदिर भी प्रतिवर्ष की भांति तीसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन स्वास्थ्य मंदिर आश्रम महाराजसर पर करेगा जिसमें वह ग्यारह गरीब कन्याओं की शादी भामाशाहों की सहयोग से करेगा। जो परिवार आर्थिक रूप से शादी करने मे सक्षम नहीं है वह स्वास्थ्य मंदिर रणजीत नगर आकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। स्वास्थ्य मंदिर और महिला सेवा इकाई प्रतिवर्ष करीब 11 लड़कियों की सामूहिक विवाह सम्मेलन द्वारा शादी व करीब 40 से अधिक लड़कियों की शादी में जरूर की सामग्री प्रदान कर मदद करते रहते हैं।

# प्रब्धकारिणी कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जस्टिस एनके जैन फाउण्डेशन की ओर सम्मान समारोह 15 को

बढ़ता राजस्थान

**श्रीमहावीरजी, हिंडौन सिटी।** प्रब्धकारिणी कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन फाउण्डेशन ट्रस्ट की ओर से 15 नवम्बर को भट्टारकजी की नसियां स्थित तोतूका सभागार में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाली 108 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य दिलीप शिवपुरी ने बताया कि न्यायमूर्ति स्व. जेपी जैन की 50वीं पुण्य तिथि एवं 108वीं जयंती के अवसर पर प्रातः 10 बजे से आयोजित इस सम्मान समारोह में विधि, ज्योतिष, वकालात, चिकित्सा, शिक्षा, प्रशासनिक सेवा, पत्रकारिता, साहित्य, पर्वतारोहण, कला—संस्कृति, खेल, वास्तुकला, इंजीनियरिंग एवं समाज सेवा सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, इस अवसर पर एक स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। ट्रस्टी रमेश अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म भूषण से सम्मानित एवं प्रसिद्ध समाज सेवी डॉ. डीआर मेहता होंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की कई जानी—मानी हस्तियां भी उपस्थित रहेंगी। ट्रस्टी श्री सुरेश जैन ने बताया कि जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन फाउण्डेशन ट्रस्ट का गठन मानवीय मूल्यों से प्रेरित कार्यों को आगे बढ़ाने तथा समाज के जरूरतमंद वर्गों को मुख्यधारा में लाने तथा इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष जस्टिस नगेंद्र कुमार जैन ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर गतिविधियों का निस्वार्थ भाव के साथ आयोजन किया जाता रहेगा।

# दो मंदिरों से चांदी के छत्र सहित अन्य सामान ले गए चोर

## लोगों में आक्रोश, पुलिस जुटी जांच में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सदर थाना इलाके में चोरों ने रात को दो मंदिरों को निशाना बना डाला। चोर यहां से करीब दो लाख रुपए के चांदी के छत्र, नगदी सहित अन्य सामान ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार हसनपुरा शांति नगर में स्थित शिव और हनुमान मंदिर में देर रात चोर घुसे और मंदिर से पांच चांदी के छत्र, सोने की बाली, मुकुट, नगदी सहित अन्य सामान ले गए। घटना का पता सुबह श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने पर लगा। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में भक्तजन जमा हो गए। घटना कीजानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थानाधिकारी बलवीर सिंह ने बताया कि चोरों ने एक शिव परिवार मंदिर और हनुमान मंदिर को निशाना बनाया है। चोर यहां से करीब 1.70 लाख रुपए का सामान ले गए। मामले की छानबीन की जा रही है।

# पिकअप से आठ क्विंटल से अधिक अवैध डोडा चूरा जब्त

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** जिला विशेष शाखा टीम व बेगू थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक पिकअप से 802 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा को जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु समस्त थानाधिकारियों व जिला विशेष टीम को विशेष दिशा-निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जिला विशेष शाखा टीम को सूचना मिली कि बेगू थाना क्षेत्र में आवलहेड़ा तिराहा कर तरफ एक पिकअप जिसमे अवैध अफीम डोडाचूरा भरा हुआ होकर आ रही है। टीम ने तत्काल इसकी सूचना बेगू थाना पुलिस को दी, जिस पर थानाधिकारी रविन्द्र चारण पुलिस निरीक्षक जाप्ते सहित आवलहेड़ा तिराहा पर पहुंच नाकाबंदी की। इसी दौराने एक पिकअप आयी। पिकअप चालक के द्वारा नाकाबन्दी स्थल से थोड़ा दूर पहले रोककर पिकअप की लाईट बन्द कर अन्धेरा का फायदा उठाकर पिकअप को छोड़कर भाग गया। जिसकी खेतो व आस पास जंगल मे काफी तलाश की गई मगर अंधेरा व सुनसान जगह होने से उक्त भागे हुये पिकअप चालक का कोई पता नही चला। पिकअप की नियमानुसार तलाशी ली तो गाड़ी में 39 कट्टों में भरा हुआ कुल 802 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा मिला। पुलिस ने पिकअप के चालक की आस-पास तलाश की, किंतु कोई जानकारी नहीं मिल पायी। पुलिस ने नियमानुसार पिकअप व अवैध अफीम डोडाचूरा को जब्त कर लिया है। पुलिस थाना बेगू पर पिकअप चालक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अग्रीम अनुसंधान जारी है।

# सेवा केंद्र पर मनाई देवउठनी ग्यारस

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय सेवा केंद्र संचालिका राज योगिनी आशा दीदी ने बताया की पौराणिक कथाओं में कहा गया है देवउठनी ग्यारस के दिन तुलसी जी की पूजा करने से विष्णु जी प्रसन्न होते हैं। अर्थात इस दिन सभी ने अपने-अपने नाम से देव प्रज्वलित किया और तुलसी जी को चुनरि अर्पित की। उन्होंने बताया कि आज का दिन सभी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।

# अग्रेश्वर महादेव मंदिर में अनुकूल प्रसादी का हुआ वितरण

## ठाकुर जी को विभिन्न व्यंजनों एवं फलों की छप्पन भोग की सुंदर झांकी सजाकर रिझाया



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर के खिरनी घाट स्थित प्राचीन मंदिर में श्री अग्रेश्वर महादेव के प्रांगण में अन्नकूट प्रसादी का भव्य आयोजन श्री अग्रवाल सभा श्री अग्रवाल भवन समिति महाराज श्री अग्रसेन शोभा यात्रा समिति एवं अग्रवाल जन चेतना मंच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। अग्रवाल सभा के महामंत्री विनोद सिंघल एवं भवन समिति के महामंत्री विष्णु लोहिया ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष गोपाष्टमी में पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गायों का पूजन कर हल्दी के थापे लगाए गए साड़ी उढ़ाई गई। पंडित प्रेमी शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। गायों को गुड एवं चारा हरी सब्जी खिलाकर आरती कराई गई। तथा सभी वेद पाठी मां पालकों को भोजन कराकर दक्षिणा दी गई। मंदिर प्रांगण में भव्य फूल बंगला एवं रोशनी की सजावट कराई गई। ठाकुर जी को विभिन्न व्यंजनों एवं फलों की छप्पन भोग की सुंदर झांकी सजाकर रिझाया गया। मंदिर प्रांगण मैं भक्त जनों को अन्नकूट प्रसादी चावल बाजरा कड़ी मिक्स सब्जी खीर पापड़ लड्डू मठरी की प्रसादी 1500 भक्तों ने बैठकर पाई एवं सांय को दोनों में वितरित की गई।

# रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू



बढ़ता राजस्थान

**केशवरायपाटन ( सुनील मेघवाल )।** केशवरायपाटन रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के चलते प्रशासन ने अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है। यहां दुकानदार गत चालीस साल से थड़ी लगाकर जीवन यापन कर रहे हैं।

बुधवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग,पुलिस एवं नगर पालिका प्रशासन ने ओवर ब्रिज निर्माण कार्य शुरू होने से इन अस्थाई दुकानदारों को अतिक्रमण मानकर हटाना शुरू कर दिया ।जिससे इन दुकानदारों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वार्ड पार्षद हरजीत केवट,राकेश नामा, भाजपा नेता पवन चौहान, ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गणेश गुर्जर ने प्रशासन की कार्यवाही को अनुचित बताते हुए कहा कि ओवरब्रिज निर्माण के नाम पर दुकानदारों को हटाने की जगह पर शुगर मिल दीवार के किनारे पीछे कर दिया जाता तो निर्माण कार्य में भी बाधा नहीं आती ओर रोजगार भी यथावत रहता। भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव मलिक ने बताया कि उक्त दुकानदारों की समस्या से प्रशासन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन भेजकर अवगत करवाया गया है।

# भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा पूतना वध और उनके बाल रूप की कथा का वर्णन किया

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** रावतभाटा के श्री राम मंदिर झालरबावड़ी में चल रही भागवत कथा में पंडित राजेंद्र शास्त्री महाराज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण द्वारा पूतना वध और उनके बाल रूप की कथा का वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण गोपियों को गोकुल से मथुरा दूध और दही बेचने जाने से रोकने के लिए मार्ग में मटकी फोड़ दिया करते थे, क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि जो दूध बछड़ों के लिए है, वह मथुरा में बिके। आचार्य ने इन्द्र के क्रोधित होने पर ब्रज में मूसलधार वर्षा के कारण मचे हाहाकार का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि उस समय भक्तवत्सल भगवान श्रीकृष्ण ने गायों और ग्वालों की रक्षा के लिए अपनी एक उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। पर्वत के ऊपर सुदर्शन चक्र घूमता रहा, और जो भी पानी बरसा वह भाप बनकर उड़ गया।

# जिला कलक्टर ने किया उपखण्ड भरतपुर के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

## कार्मिकों के अनुपस्थित पाये जाने पर नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने उपखण्ड भरतपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित राजीव गांधी सेवा केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन कर पाई गई कमियों के संबंध में तत्काल कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये।

जिला कलक्टर ने राजीव गांधी सेवा केन्द्र ऊँदरा, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय चिकसाना, राजीव गांधी सेवा केन्द्र पीपला, राजीव गांधी सेवा केन्द्र हथैनी एवं राजीव गांधी सेवा केन्द्र चिकसाना के निरीक्षण के दौरान भवनों पर ताला लगा मिलने एवं स्टाफ के अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकसाना के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने वाले चिकित्सा अधिकारी एवं कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में संबंधित पटवारी मुख्यालय पर उपस्थित नहीं पाये जाने पर संबंधित को स्पष्टीकरण प्रस्तुत किये जाने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने ग्राम नगला हाथी में उच्च प्राथमिक विद्यालय के नवीन निमार्णाधीन भवन का अवलोकन कर प्रगतिरत कार्यों का जायजा लिया एवं कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कराये जाने हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने इस दौरान रीको कार्यालय क्षेत्र में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये एवं रीको औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया व प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कर उद्योग स्थापित करने में रीको एवं उद्योग विभाग समन्वय से कार्य करें।

# राज्य स्तरीय महाविद्यालय कराते प्रतियोगिता के लिए जयशंकर टाईगर क्लब के खिलाड़ियों का चयन

## मार्शल आर्ट को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनना चाहिए : नेशनल चैंपियन विकास बघेला

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय कराते प्रतियोगिता जी.आई.एम.टी कॉलेज अग्रसेन नगर में प्राचार्य ज्योतिं तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित हुई जिसमें किला स्थित जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें लवली माहौर, मंजीत सिंह, प्रीति सिंह का राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में चयन हुआ। महाराजा सूरजमल विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय कराते प्रतियोगिता के मुख्य पर्यवेक्षक नेशनल कराते एवं ताइक्कांडो चैंपियन विकास बघेला ने कहा कि सिर्फ किताबी ज्ञान हमारे व्यक्तित्व को पूरा नहीं करता हमें इसके लिए खेलकूद और मार्शल आर्ट को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनना ही चाहिए। भरतपुर कराते संघ सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने कहा कि खेल प्रतिभा तो बहुत हैं उनको तराशने की आवश्यकता है। इस अवसर पर नेशनल कराते चैंपियन नेहा शर्मा, टाईगर क्लब सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर, भरतपुर ताइक्कांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा, धौलपुर माता प्रसाद टाईगर क्लब के कराते प्रशिक्षक विनीत शर्मा, पी जी कॉलेज के शारीरिक प्रशिक्षक संजय सोलंकी, बॉक्सिंग एन आई एस कोच कुलदीप कुंतल, जी.आई.एम.टी कॉलेज शारीरिक प्रशिक्षक मनीष चाहर, नेशनल यूनिवर्सिटी चैंपियन दीक्षा सिंह, यतिन माहोर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से श्रीमद्भागवत कथा के आचार्य रसिक महाराज का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. )।** बुधवार को भरतपुर डी ब्लॉक, रनजीत नगर स्थित पार्क में मुख्य यजमान सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी राजीव पालीवाल व पुष्पा देवी की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के आचार्य परम पूज्य रसिक महाराज का वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में ब्राहमण समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से माला, साफा, दुपट्टा पहनाकर एवं बांके बिहारी जी महाराज का प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया । कथा में सुदामा चरित व रुक्मिणी विवाह के महत्व का वर्णन किया।

श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कौशलेश शर्मा ने बताया कि श्रीमद्भागवत ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है । कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, समाजसेवी नेत्रपाल सारस्वत, राज.रोडवेज संघ के संभागीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा, श्री ब्राह्मण समाज,तिलक नगर के अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, समता आंदोलन के सक्रिय सदस्य अशोक शर्मा आदि ने भी आचार्य रसिक जी महाराज का सम्मान किया। मुख्य यजमान सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी राजीव पालीवाल व पुष्पा देवी सहित समस्त पालीवाल परिवार ने सभी अतिथि विप्र-बंधुओं का धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया ।

# शाहीन अफरीदी फिर नंबर-1 वनडे बॉलर बने

## बाबर बैटिंग रैंकिंग में टॉप पर बरकरार; टी-20 में सूर्या को एक स्थान का नुकसान



**नई दिल्ली।**

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी आईसीसी वनडे बॉलिंग रैंकिंग में फिर से नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। आईसीसी ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। बाबर आजम बैटिंग रैंकिंग में टॉप पर बरकरार है। इसके साथ ही वनडे बैटिंग और बॉलिंग रैंकिंग में टॉप पर पाकिस्तानी खिलाड़ी हैं। वहीं टी-20 बैटिंग रैंकिंग में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को एक स्थान का नुकसान हुआ है।

अफरीदी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया अफरीदी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने तीन मैचों में 3.76 की इकोनॉमी रेट से 8 विकेट लिए थे। अफरीदी ने इस प्रदर्शन की बदौलत ही रैंकिंग में तीन स्थानों की छलांग लगाई है। उन्होंने केशव महाराज को टॉप स्थान से हटाया। महाराज को दो पायदान का नुकसान हुआ है। वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि राशिद खान दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

अफरीदी ने इससे पहले पिछले साल भारत में हुए आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के दौरान नंबर-1 बॉलिंग रैंकिंग हासिल की थी।

रऊफ को 14 स्थान का फायदा अफरीदी के अलावा उनके साथी गेंदबाज हारिस रऊफ को भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन का रैंकिंग में फायदा मिला है। वह 14 पायदान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह रऊफ की वनडे करियर की बेस्ट रैंकिंग है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में वे टॉप विकेट टेकर थे। उन्होंने 5 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की थी और 10 विकेट लिए थे। वह प्लेयर ऑफ द सीरीज थे।

बैटिंग रैंकिंग में टॉप-8 तक कोई बदलाव नहीं हुआ है ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके घर में अच्छे प्रदर्शन का फायदा आईसीसी रैंकिंग में न केवल पाकिस्तानी गेंदबाजों को मिला है, बल्कि बल्लेबाजों को भी मिला है। नए कप्तान मोहम्मद रिजवान दो पायदान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रिजवान ने 3 वनडे मैचों की सीरीज में 74 की औसत से 74 रन बनाए हैं।

नबी वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में टॉप पर अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी वनडे ऑलराउंडर्स की लिस्ट में टॉप पर बरकरार है। वहीं जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा भी दूसरे स्थान पर कायम हैं। राशिद खान को एक स्थान का फायदा हुआ है। वे तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

टी-20 में सूर्या को एक स्थान का नुकसान टी-20 की बैटिंग रैंकिंग में सूर्यकुमार को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह दूसरे से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं इंग्लैंड के फिल साल्ट (दूसरे) और जोस बटलर (छठे) और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज निकोलस पूरन (10वें) सभी ने कैरेबियाई दौरे पर चल रही सीरीज के पहले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर टॉप-10 में पहुंच गए हैं।

वहीं साउथ अफ्रीका की जोड़ी रीजा हेंड्रिक्स और ट्रिस्टन स्टब्स को भारत के खिलाफ चल रहे टी-20 सीरीज में अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला है। हेंड्रिक्स दो स्थान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर और स्टब्स 12 स्थान ऊपर चढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी-20 बॉलिंग रैंकिंग में आदिल राशिद टॉप पर बरकरार टी-20 बॉलिंग रैंकिंग में इंग्लैंड के गेंदबाज आदिल राशिद टॉप पर बरकरार हैं। जबकि श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा चार स्थानों की छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के गेंदबाज अकील हुसैन को भी रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है।

# केएल राहुल ने कहा : आईपीएल के अगले सीजन में ऐसी टीम से खेलना चाहता हूं जहां आजादी मिले; एलएसजी ने रिलीज किया

**नई दिल्ली।**

लखनऊ सुपरजाएंट्स ने आईपीएल के मेगा ऑक्शन से पहले अपने कप्तान केएल राहुल को रिलीज कर दिया। स्टार स्पोर्ट्स ने 12 नवंबर को केएल राहुल का एक इंटरव्यू पब्लिश किया।

राहुल ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत के दौरान कहा, मैं नई तरह से शुरुआत करना चाहता हूं। मैं अपने ऑप्शन देखना चाहता था और उस जगह खेलना चाहता हूं जहां मुझे थोड़ी आजादी मिल सके। उन्होंने आगे कहा, कभी-कभी आपको दूर जाकर अपने लिए कुछ अच्छा तलाशने की जरूरत पड़ती है।

राहुल ने कहा, आप गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी टीमों को देखें, ये सभी जीतते हैं या हारते हैं, हर समय वे वास्तव में संतुलित दिखते हैं। साथ ही ड्रेसिंग रूम भी काफी शांत होता है। यह एक ऐसी चीज है जो एक खिलाड़ी के रूप में मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि अगर ऐसा होता है, तो यह सभी खिलाड़ियों को प्रदर्शन करने का सबसे अच्छा मौका देता है।

लखनऊ ने राहुल को रिलीज किया आईपीएल के मेगा ऑक्शन-2024 के लिए सभी 10 टीमों ने 31 अक्टूबर को प्लेयर्स के रिटेंशन की लिस्ट जारी कर दी थी। एलएसजी ने अपने कप्तान केएल राहुल को रिलीज कर दिया था। टीम ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें निकोलस पूरन, मयंक यादव, आयुष बडोनी, मोहसिन खान और रवि बिश्नोई शामिल हैं।


पिछले साल लीग स्टेज से बाहर हो गई थी एलएसजी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम आईपीएल -2024 के सीजन में प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी थी। टीम 14 में से 7 मैच ही जीत सकी थी और लीग स्टेज की पॉइंट्स टेबल में 7वें नंबर पर फिनिश किया था।

आईपीएल -2024 के दौरान राहुल पर गुस्सा हो गए थे संजीव गोयनका आईपीएल -2024 सीजन के दौरान एक मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 10 विकेट से हरा दिया था। इसके बाद एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका और केएल राहुल का एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में संजीव गोयनका गुस्से में नजर आ रहे थे।



# पोंटिंग बोले- गंभीर तुनक मिजाज और चिड़चिड़े : गौतम ने कहा था- रिकी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पर ध्यान दें, भारत से उन्हें क्या लेना-देना

**पर्थ।**



22 नवंबर से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग के बीच जुबानी जंग जारी है। अब पोंटिंग को तुनक मिजाज वाला कहा है। इतना ही नहीं, वे गंभीर के बयान को हंसी में टाल गए।

11 नवंबर, सोमवार को भारतीय कोच के बयान के बाद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने न्यूज-7 से हंसते हुए कहा- मैं प्रतिक्रिया पढ़कर हैरान था, लेकिन कोच गौतम गंभीर को जानता हूं। वे थोड़ा तुनक मिजाज (प्रिक्ली कैरेक्टर) के हैं। इसलिए मुझे इसमें ज्यादा हैरानी नहीं हुई कि उन्होंने कुछ कहा।

2 दिन पहले गौतम गंभीर ने कोहली का बचाव करते हुए कहा था कि पोंटिंग ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पर ध्यान दें, उन्हें भारतीय क्रिकेट से क्या लेना-देना है। इससे पहले पोंटिंग ने विराट कोहली की फॉर्म पर चिंता जाहिर की थी।

कहा- अगर वे मेरे पास आते हैं, तो हाथ मिलाऊंगा जब एंकर ने पोंटिंग से पूछा कि अगर वे गंभीर से मिलते हैं, तो क्या वे उनसे हाथ मिलाएंगे, तो पोंटिंग ने मजाक में कहा, अगर वे मेरे पास आते हैं, तो हां। मुझे उनसे ऐसी उम्मीद नहीं है। हमारे बीच एक-दूसरे के खिलाफ काफी इतिहास रहा है। मैंने वास्तव में उन्हें दिल्ली कैपिटल्स में कोचिंग दी है और वे काफी चिड़चिड़े स्वभाव के हैं।

अपने बयान पर सफाई भी दी, कहा- मैंने कटाक्ष नहीं किया था यहां पोंटिंग ने कोहली पर अपने पुराने बयान पर सफाई दी। उन्होंने कहा- यह किसी भी तरह से उन (कोहली) पर कटाक्ष नहीं था। मैंने वास्तव में यह कहकर उन्हें याद किया कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन किया है और वे यहां वापस आने के लिए एक्साइटेड होंगे...अगर आप विराट से पूछें, तो मुझे यकीन है कि वे थोड़ा चिंतित होंगे कि वह पिछले वर्षों की तरह शतक नहीं बना पाए हैं।

पोंटिंग ने हालिया बयान पर कहा था- कोहली की फॉर्म चिंता का विषय है, क्योंकि पिछले 5 वर्षों में यह भारतीय बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में केवल दो शतक लगा पाया है। उन्होंने इसके साथ ही कहा था कि यह स्टार बल्लेबाज वापसी करने में सक्षम है और इसके लिए ऑस्ट्रेलिया से बेहतर कोई दूसरी जगह नहीं हो सकती है।

# ब्रेट ली की रोहित-कोहली को सलाह

## बोले- बीजीटी से पहले क्रिकेट से दूर रहें; न्यूजीलैंड के खिलाफ फेल रहे थे दोनों खिलाड़ी



**नई दिल्ली।**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बैटर विराट कोहली को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले सलाह दी है। ब्रेट ली ने रोहित और कोहली को कुछ समय के लिए क्रिकेट से दूर रहने के लिए कहा है।


हाल ही में खेली गई न्यूजीलैंड सीरीज में दोनों बल्लेबाज फेल रहे थे। भारत को इस टेस्ट सीरीज में 3-0 से हार मिली थी। इसके बाद दोनों की काफी आलोचना की गई थी। ब्रेट ली ने कहा, 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में एक फ्रेश शुरुआत करनी चाहिए, जिसके लिए दोनों को कुछ समय के लिए क्रिकेट से दूर रहना चाहिए। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारत कुछ ज्यादा ही हावी होने की कोशिश कर रहा था ब्रेट ली ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, सीरीज शुरू होने से पहले चर्चा हो रही थी कि न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत 3-0 से जीतेगा। मैंने भी 3-0 की भविष्यवाणी की थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भारत की बल्लेबाजी को लेकर बहुत सारे सवाल उठ रहे हैं। मुझे लगता है कि भारत कुछ ज्यादा ही हावी होने की कोशिश कर रहा था, ऐसे शॉट खेल रहा था जो उसकी सामान्य क्रिकेट शैली से अलग थे।

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज रोहित पर नई गेंद से हमला करेंगे उन्होंने आगे कहा, अगर आप हिटमैन (रोहित) और किंग कोहली को देखें तो उन्होंने सीरीज में 90-90 रन बनाए। यह उनके जैसे खिलाड़ी के रन नहीं है। वे उससे कहीं बेहतर खिलाड़ी हैं। जब आप लगातार रन नहीं बनाते हैं, तो दबाव बन सकता है। मुझे लगता है कि अब विराट और रोहित अपनी तकनीक पर काम करें, तरोताजा हो जाएं, जितना हो सके क्रिकेट से दूर रहें और फिर ऑस्ट्रेलिया जाकर मैदान पर उतरें, क्योंकि मैं आपसे वादा कर सकता हूं, ये ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज रोहित पर नई गेंद से हमला करेंगे।

# प्रतिबंध के बाद अल्जारी जोसेफ की विंडीज टीम में वापसी

## कप्तान शाई होप से बहस की थी; रसेल चोटिल, शमर स्प्रिंगर को मौका



इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 0-2 से पीछे चल रही वेस्टइंडीज टीम में तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ की वापसी हो गई है। इसके अलावा शमर स्प्रिंगर को मौका दिया गया है। जोसेफ 2 मैचों के प्रतिबंध से वापसी कर रहे हैं, जबकि शमर को चोटिल आंद्रे रसेल की जगह टीम में शामिल किया गया है।

जोसेफ को मैच के दौरान कप्तान शाई होप से बहस करने के लिए बैन किया गया था। विंडीज की टीम ने सीरीज का पहला मैच 8 विकेट से और दूसरा मैच 7 विकेट से गंवाया था। सीरीज का तीसरा मैच 14 नवंबर को ग्रोस आइलेट में खेला जाएगा।

आंद्रे रसेल की टखने में चोट मिली जानकारी के अनुसार आंद्रे रसेल के बाएं टखने में चोट हैं। इस वजह से वे बाकी के तीन मुकाबले से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बताया कि रसेल 9 नवंबर को ब्रिजटाउन में पहले मैच के दौरान इंजर्ड हुए। उनकी जगह ऑलराउंडर शमर स्प्रिंगर लेंगे। स्प्रिंगर के शामिल होने से कप्तान पॉवेल के पास होंगे विकल्प स्प्रिंगर के शामिल होने से टीम के पास बॉलिंग में विकल्प भी उपलब्ध हो गया है। स्प्रिंगर ने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने अब तक अपने दो मैचों में 25 रन देकर 1 और 24 रन देकर 1 विकेट लिया है।

# इन स्पिनर्स पर बरस सकता है करोड़ों रुपये, इस लिस्ट में 3 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल

**नवंबर का महीना क्रिकेट और आईपीएल फैंस के लिए किसी त्योहार से कम नहीं होने वाला है। दरअसल, इसी महीने की 24 और 25 तारीख को साऊदी के जेद्दा में दुनिया भर के कई खिलाड़ियों के नाम पर बोली लगेगी। इसके लिए सभी फ्रेंचाइजीस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं इस मेगा ऑक्शन से पहले सभी 10 टीमें रिटने किए गए खिलाड़ियों की सूची बीसीसीआई को सौंप चुका है। लेकिन कई खिलाड़ी ऐसे भी रहे जिनका आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन रहा लेकिन उन्हें टीमों ने रिलीज कर दिया।**

जहां यूजवेंद्र चहल, आर अश्विन, वॉशिंगटन सुंदर और हरप्रीत बरार समेत 7 स्पिनर्स पर आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में करोड़ों की बोली लग सकती है। इस सूची में तीन विदेशी स्पिनर यानी न्यूजीलैंड के मिचेल सैंटनर, अफगानिस्तान के नूर अहमद और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा भी शामिल हैं।



### युजवेंद्र चहल

आईपीएल इतिहास में युजवेंद्र चहल सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज हैं। वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 7.84 की इकॉनमी और 22.45 अब तक 205 मैच में 160 विकेट लिए हैं। वह राजस्थान रॉयल्स के साथ 2022 से जुड़े थे, लेकिन इस बार फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज कर दिया। युजवेंद्र चहल आईपीएल में इससे पहले 2014 से 2021 तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा रहे थे।

### आर अश्विन

रविचंद्रन अश्विन आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में छठे नंबर पर हैं। उन्होंने 7.12 की इकॉनमी और 29.83 के औसत से अब तक 212 मैच में 180 विकेट झटके हैं। अश्विन 2022 से राजस्थान रॉयल्स से जुड़े थे, लेकिन इस बार फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज कर दिया। अश्विन इससे पहले सीएसके, राइजिंग सुपर जायंट्स, किंग्स इलेवन पंजाब और दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल चुके हैं।

### वाशिंगटन सुंदर

वाशिंगटन सुंदर आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्टी में 99वें नंबर पर हैं। उन्होंने 7.54 की इकॉनमी और 35.81 के औसत से अब तक 60 मैच में 37 विकेट लिए हैं। वाशिंगटन सुंदर आईपीएल 2022 से सनराइजर्स हैदराबाद के साथ जुड़े थे, लेकिन इस बार फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज कर दिया। वाशिंगटन सुंदर आईपीएल में इससे पहले राइजिंग पुणे सुपरजायंट और आरसीबी के लिए भी खेल चुके हैं।

### वानिंदु हसरंगा

वहीं वानिंदु हसरंगा आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में 103वें नंबर पर हैं। उन्होंने 8.13 की इकॉनमी और 21.37 के औसत से अब तक 26 मैच में 35 विकेट लिए हैं। वानिंदु हसरंगा आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ जुड़े थे, लेकिन चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। इस बार फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज कर दिया। इससे पहले वो आरसीबी से जुड़े थे।

### हरप्रीत बरार

आईपीएल 2023 में पंजाब किंग्स हरप्रीत बरार खेले थे लेकिन इस बार प्रीति जिंटा की टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया। हरप्रीत बरार ने आईपीएल इतिहास में काफी विकेट लिए हैं, वह ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में 136वें नंबर पर हैं। उन्होंने 7.91 की इकॉनमी और 35.80 के औसत से अब तक 41 मैच में 25 विकेट अपने नाम किए हैं। आईपीएल 2019 से आईपीएल 2024 तक वो पंजाब के साथ ही थे। इसके अलावा हरप्रीत 233 रन भी बना चुके हैं।

### नूर अहमद

नूर अहमद ने आईपीएल इतिहाल में 8.04 की इकॉनमी और 27.46 के औसत से अब तक 23 मैच में 24 विकेट झटके हैं। नूर अहमद आईपीएल 2023 से 2024 तक गुजरात टाइटंस का हिस्सा रहे। फ्रेंचाइजी ने उन्हें इस बार मेगा ऑक्शन से पहले रिलीज कर दिया।

### मिचेल सैंटनर

वहीं मिचेल सैंटनर ने आईपीएल इतिहास में 6.92 की इकॉनमी और 28.13 के औसत से अब तक 18 मैच में 15 विकेट झटके हैं। मिचेल सैंटनर आईपीएल 2018 से 2024 तक सीएसके का हिस्सा रहे। हालांकि, फ्रेंचाइजी ने उन्हें इस मेगा ऑक्शन से पहले ही रिलीज कर दिया। इस नीलामी में कई फ्रेंचाइजी उन्हें खरीदने के लिए ऊंची बोली लगा सकती हैं।

# मुनाफ पटेल दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग कोच बने

## हेमंग बदानी टीम के हेड कोच होंगे; वेणुगोपाल राव क्रिकेट डायरेक्टर बने

**नई दिल्ली।**



पूर्व तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल को दिल्ली कैपिटल्स का गेंदबाजी कोच बनाया गया है। हेमंग बदानी टीम के हेड कोच, जबकि वेणुगोपाल राव क्रिकेट के डायरेक्टर बने हैं। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार रात को इसका ऐलान किया।

पटेल का पहली बार कोचिंग रोल में दिखाई देंगे। उन्होंने 2018 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। मुनाफ रिवर्स स्विंग और सटीक यॉर्कर के लिए जाने जाते थे। वे 2011 का वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। टीम ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराते हुए वर्ल्ड कप जीता था। मुनाफ ने मुंबई इंडियंस के साथ 2013 में आईपीएल भी जीता।

पटेल ने जेम्स होप्स की जगह ली मुनाफ पटेल दिल्ली की फ्रेंचाइजी में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेम्स होप्स की जगह ली है। डीसी ने होप्स का साथ जुलाई 2024 में छोड़ दिया था।

इससे पहले रिकी पोंटिंग ने फ्रेंचाइजी का साथ छोड़ा था। पिछले सीजन में सौरव गांगुली भी फ्रेंचाइजी के साथ थे। उन्हें जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स का नया क्रिकेट डायरेक्टर बनाया गया है।

अक्षर पटेल टीम के कप्तान बन सकते हैं फ्रेंचाइजी ने मेगा ऑक्शन से पहले अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ट्रिस्टन स्टब्स और अभिषेक पोरेल को रिटेन किया है। अक्षर पटेल अगले सीजन के लिए टीम के कप्तान बनाए जा सकते हैं। डीसी ने ऋषभ पंत को रिलीज किया है।

# अपनी डायट में शामिल करें ये चीजें, नहीं होगी प्रोटीन की कमी



**पूरे दिन काम करने के लिए शरीर को ऊर्जा की जरूरत होती है और इसके लिए जरूरी होता है प्रोटीन। यह सच है कि अंडे और मीट में प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि शाकाहारी लोग प्रोटीन की जरूरत को पूरा नहीं कर सकते। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अंडे और मीट के अलावा और कई ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिसमें प्रोटीन की मात्रा बहुत अधिक होती है। इन खाद्य पदार्थों को डायट में शामिल करके आप प्रोटीन की कमी को दूर कर सकते हैं।**

**दलिया :** प्रोटीन से भरपूर दलिया नाश्ते का हेल्दी विकल्प है। इसमें प्रोटीन के साथ ही फाइबर, मैंगनीज, मैग्नीशियम और विटामिन बी1 भी पाया जाता है। जिससे पूरे दिन काम करने के लिए शरीर को भरपूर ऊर्जा मिलती है।

**ब्रोकली :** विशेषज्ञों के मुताबिक, इस हरी सब्जी में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही इसमें विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर और पोटैशियम होता है और कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है। जिससे वजन घटाने वालों के लिए भी यह अच्छा विकल्प है।

**बादाम :** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, रोजाना बादाम भिगोकर सुबह खाली पेट खाएं, इससे शरीर को पर्याप्त प्रोटीन मिल जाता है। इसके अलावा बादाम में फैट, विटामिन और मिनरल पर्याप्त मात्रा में होता है। रोजाना बादाम खाने से सेहत अच्छी रहती है।

**राजमा :** राजमा को शाकाहारी मीट भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। राजमा स्वाद के साथ ही सेहत से भी भरपूर होता है। राजमा को आप सब्जी, सलाद या सूप में मिलाकर खा सकते हैं। राजमा की सब्जी बहुत स्वादिष्ट बनती है।

**दाल :** दाल-चावल भारतीय भोजन का अहम हिस्सा है और यह बहुत ही सेहतमंद भी होता है। डायट विशेषज्ञों के मुताबिक, दालें शाकाहारी प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत हैं। अरहर, मूंग, मसूर, चना, उड़द सभी तरह की दालों में हाई प्रोटीन होता है, तो रोजाना दाल को अपनी डायट में ज़रूर शामिल करें।

**दूध :** कैल्शिम के साथ ही दूध प्रोटीन का भी अच्छा स्त्रोत है। यदि आप प्रोटीन की कमी से बचना चाहते हैं, तो रोजाना एक ग्लास दूध पीएं। यदि आप डायटिंग कर रहे हैं या वजन घटाना चाहते हैं तो आप सोया मिल्क का सेवन कर सकते हैं, इसमें भी प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है।

**पनीर :** दूध के अलावा दूध से बने पनीर में भी भरपूर प्रोटीन होती है और पनीर लगभग सबको पसंद आता है। आप पनीर की सब्जी, परांठा, पुलाव कुछ भी बना सकते हैं। बड़ों से लेकर बच्चों तक को इसका स्वाद बहुत भाता है, तो इसे डायट में शामिल करके आप प्रोटीन की कमी को पूरा कर सकते हैं। इसे आप सलाद में भी मिला सकते हैं।

**पालक :** विशेषज्ञों का कहना है कि पौष्टिक तत्वों से भरपूर पालक प्रोटीन का अच्छा स्रोत है। पालक का सूप बनाने के अलावा आप इसकी सब्जी, दाल, पुलाव आदि भी बना सकते हैं। पालक बड़ों और बच्चों दोनों के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**गेहूं का आटा :** आटे से चपाती के अलावा, परांठा, हलवा आदि कई चीज़ें बनाई जाती है। आटे में कार्बोहाइड्रेट के साथ ही प्रोटीन भी भरपूर मात्रा में होता है। इसके अलावा इसमें विटमिन-बी, जिंक, आयरन और मैग्नीशियम आदि भी पाए जाते हैं।

## बंद नाक होने पर बरतें जरूरी सावधानी

**जब नाक में जमाव या नाक किसी द्रव से भरी हुई होती है तो इस स्थिति को नाक बंद होना कहते हैं। यह कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं है पर हां यह किसी समस्या का लक्षण हो सकता है, जैसे कि साइनस। इसके अलावा सर्दी जुकाम भी नाक बंद होने के पीछे कारण बन सकते हैं। ऐसे में लोग घरेलू उपचार की मदद से रुकी हुई नाक को खोलने की कोशिश करते हैं। लेकिन कभी-कभी स्थिति गंभीर हो सकती है।**

### बंद नाक के कारण

बता दें कि जब नाक के अंदर कोई द्रव भर जाता है या सूजन आ जाती है तब नाक बंद हो जाती है। अगर उदहारण की बात करें तो सर्दी जुकाम आदि के कारण नाक बंद हो जाते हैं। ये समस्याएं नाक से से जुड़ी है जो जल्दी ठीक भी हो जाती हैं। लेकिन अगर नाक एक हफ्ते तक ठीक ना हो तो हो सकता है कि आपको स्वास्थ्य समस्या है।

- नाक में कैंसर यानी नाक के मार्ग में ट्यूमर का बनना।
- किसी रासायनिक पदार्थ के संपर्क में आ जाना।
- एलर्जी के कारण।
- साइनस संक्रमण जो कि लंबे समय तक है उसके कारण।
- नाक की बीच की दीवार पर टेढ़ा हो जाने के कारण

इस प्रकार की समस्या गर्भावस्था के दौरान भी हो सकती है। ऐसे में यह पहली तिमाही के अंत में लक्षण नजर आते हैं। चूंकि हार्मोन उतार-चढ़ाव के कारण नाक बंद हो जाती है यह बदलाव नाक की झिल्ली को प्रभावित कर नाक में सूखापन, सूजन या खून बहने जैसी समस्या को पैदा कर सकते हैं।

### नाक बंद के लक्षण

- बहती हुई या रुकी हुई नाक
- साइनस में दर्द के कारण
- नाक में सूखापन
- सांस लेने में दिक्कत
- नाक के आसपास लालिमा
- नाक के आसपास सूजन आ जाना

कई बार नाक बंद होने पर घरेलू उपाय काम नहीं आते ऐसे में अगर स्थिति ज्यादा दर्दनाक है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। क्योंकि ऐसी स्थिति में मेडिकल उपचार की जरूरत होती है। अगर 10 दिन तक नाक बंद रहे तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। इसके अलावा तीन या अधिक दिन तक तेज बुखार होने पर डॉक्टर को दिखाएं। अगर हरे रंग का नाक से द्रव निकले तब भी डॉक्टर से सलाह जरूर करें।

### नाक बंद होने के घरेलू उपचार

- भाप माध्यम से नाक को साफ करें। सबसे पहले एक बड़े बर्तन में पानी भरें और उसे गर्म करें। गर्म करने पर जब भाप निकलनी शुरू हो जाए तो तौलिये से सिर को ढक लें और गहरी सांस लेना शुरू करें। इस बात का ध्यान रखें कि भाप तौलिए से बाहर ना जा पाए।
- अदरक से नाक साफ कर सकते हैं क्योंकि इसके अंदर सूजनरोधी गुण पाए जाते हैं जो बलगम से भरे नाक को साफ कर सकते हैं। आप अदरक का प्रयोग हर्बल चाय के रूप में कर सकते हैं।

## क्या आप भी हैं आंखों की समस्या से परेशान ? तो बस अपनाएं ये पांच फूड्स...

**आज के समय में ज्यादातर लोगों की लाइफस्टाइल में दिनभर कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम करना जरूरी सा हो गया है। वहीं, कुछ लोग अपना ज्यादा से ज्यादा समय फोन का इस्तेमाल करने में भी बिता देते हैं। ऐसे में आंखों की संबंधित समस्या होना आम बात है। फोन, लैपटॉप या अन्य तरह की टेक्नोलॉजी जिनसे आंखों पर जोर पड़े वो हानिकारक साबित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार लगातार स्क्रीन देखने से आंखों की सेहत बिगड़ती है, साथ ही नजर कमजोर होती है। इसके अलावा खानपान में की गई लापरवाही भी आंखों की कमजोरी का कारण हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि समय रहते हमें अपनी आंखों की देखभाल कर लेनी चाहिए।**



**आंखों को होने वाले नुकसान से बचाएंगे ये टिप्स :**

- अगर आपका काम दिनभर कंप्यूटर या लैपटॉप पर ही रहता है तो ऐसे में अपनी पलकों को बीच-बीच में झपकाते रहें। लगातार स्क्रीन को देखना आंखों के लिए नुकसानदायक हो सकता है।
- आंखों की एक्सरसाइज करें।
- दो से तीन घंटे में अपनी आंखों को कुछ मिनट के लिए जरूर बंद करके उन्हें आराम दें।
- सोने से करीब दो घंटे पहले फोन, कंप्यूटर या लैपटॉप का इस्तेमाल न करें।
- आंखों को रोजाना ठंडे पानी से जरूर धोएं
- अपनी उंगलियों की मदद से आंखों की हल्के-हल्के मालिश करें।

**सौंफ :** सौंफ न सिर्फ हमारी त्वचा के लिए लाभदायक है बल्कि इससे हमारी आंखों की सेहत भी अच्छी होती हैं। सौंफ का इस्तेमाल जड़ी बूटियों में भी किया जाता है, जो हमारे स्वास्थ के लिए अच्छा होता है। इतना ही नहीं, सौंफ के सेवन से मोतियाबिंद को धीमा किया जा सकता है। साथ ही आंखों की सेहत को भी अच्छा बनाया जा सकता है। इसके लिए थोड़ी सी सौंफ, 1 कप बदाम और 1 चम्मच चीनी को मिक्सी में पीसकर पेस्ट तैयार कर लें। इसके बाद एक गिलास दूध में इस पेस्ट को मिलाकर सेवन कर सकते हैं।

**सोयाबीन :** सोयाबीन के सेवन करने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। इसमें मौजूद प्रोटीन हमारे आंखों के लिए भी बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। जो व्यक्ति अपनी आंखों की समस्या से परेशान रहता है, उसे सोयाबीन का सेवन जरूर करना चाहिए। इससे आंखों की संबंधित समस्या कम हो सकती है, साथ ही आंखों की रोशनी भी बढ़ती है। इसका सेवन पानी में भिगोने के बाद ही करें। आप इसके स्नैक्स या सब्जी भी बनाकर सेवन कर सकते हैं।

**बादाम का दूध :** बादाम का दूध सेहत के लिए काफी अच्छा होता है। इससे आंखों की संबंधित समस्या को दूर किया जाता है। इसके सेवन से आंखों की रोशनी को बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए आप हफ्ते में 3 से 4 बार बादाम का दूध पी सकते हैं। इसमें विटामिन ई, ओमेगा 3 फैटी और एंटीऑक्सिडेंट मौजूद होता है।

**हरी सब्जियां :** विशेषज्ञों के अनुसार आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए हरी सब्जियों का सेवन करना भी काफी अच्छा साबित होता है। इसमें काफी मात्रा में आयरन पाया जाता है, जो आंखों के लिए अच्छा साबित होता है। इसका सेवन करने से सेहत को भी लाभ हो सकता है। आप हरी सब्जियों को सलाद या व्यंजन बनाकर भी सेवन कर सकते हैं।

**गाजर :** गाजर के सेवन से हमें कई तरह के लाभ होते हैं। ये आंखों से संबंधित हर समस्या को दूर करता है। इसके अलावा आंखों की रोशनी भी बढ़ाता है। गाजर का सेवन कई तरह से किया जा सकता है। आप इसे कच्चा या सब्जी के तौर पर भी सेवन कर सकते हैं। अगर आप रोजाना गाजर का सेवन करेंगे तो आप आंखों की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

**आंवला :** आंवला का सेवन करने से बाल, त्वचा व अन्य तरह की समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। ये आंखों को सेहतमंद बनाएं रखने में भी मददगार साबित होता है। आंवला में मौजूद विटामिन सी आंखों के रेटिना कोशिकाओं के कामकाज को सुधारता है, साथ ही स्वस्थ कोशिकाओं को बढ़ता है। इतना ही नहीं आंवला के सेवन से इम्यूनिटी सिस्टम को भी मजबूत बनाया जा सकता है। आंवला का लाभ पाने के लिए आधे कप पानी में कुछ चम्मच आंवले के रस के मिलाकर सेवन करें। आप दिन में 2 बार इसका सेवन कर सकते हैं।

## आंखों से पानी आने (लैक्रिमेशन) की समस्या है तो आपके काम आएंगे ये आसान घरेलू उपाय

**क्या आप लैक्रिमेशन के नाम से अवगत हैं? आंखों से पानी आने या आंसू निकलने की समस्या को ही लैक्रिमेशन कहा जाता है। यह समस्या ज्यादातर ज्यादा टीवी देखने, आंखों को बार-बार छूने, एलर्जी, हर्पीज, कोल्ड या फ्लू, आंखों में आई ड्रॉप डालने से होती है। वैसे तो यह एक सामान्य समस्या है लेकिन इसके बढ़ने पर कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। लैक्रिमेशन होने पर आपको अपने खान-पान का ध्यान रखना चाहिए। शराब और धूम्रपान जैसी चीजों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। धूल, मिट्टी और प्रदूषण से अपनी आंखों का बचाव करना जरूरी है। इस समस्या को कुछ घरेलू उपायों की मदद से ठीक भी किया जा सकता है।**



### लैक्रिमेशन में फायदेमंद गीला कपड़ा

आंखों में धूल, मिट्टी चले जाने पर हम अकसर आंखों को हाथ या उंगुलियों से रगड़ने लगते हैं। जिससे आंखों पर संक्रमण हो जाता है। इसलिए आंखों को हमेशा इस तरह रगड़ने से बचना चाहिए। इसकी जगह पर आप एक गीले कपड़े से आंखों की सफाई करें। इससे आंखों की सफाई करने पर आंखें अच्छे से साफ हो जाएंगी और इंफेक्शन होने का खतरा भी कम हो जाएगा।

### खीरे से भी होता है फायदा

आंखों में सूजन होने या आंखों से पानी आने पर खीरा का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए आप खीरे को स्लाइस में काट लें। स्लाइस को 20 मिनट के लिए आंखों पर रख दें। इससे आंखों को काफी आराम मिलेगा। इसके साथ ही खीरा आंखों की सूजन और दर्द को भी कम करने में मदद करेगा।

### लैक्रिमेशन में नमक का पानी है लाभकारी

लैक्रिमेशन के लिए नमक का पानी फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए आप एक गिलास पानी में थोड़ा सा नमक मिला लें। अब एक कपड़े लें और इस पानी से आंखों की सिकाई करें। इससे आंखों में खुजली की समस्या से राहत मिलेगी और आंखों से पानी नहीं आएगा। नमक में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, जिससे लैक्रिमेशन की समस्या में राहत मिलती है। नमक के पानी से आंखें साफ होती है और आंखों से पानी आने की समस्या ठीक होती है।

### कैस्टर ऑयल भी है फायदेमंद

लैक्रिमेशन को ठीक करने के लिए कैस्टर ऑयल भी बेहद फायदेमंद होता है। इसे आंखों पर लगाने से बहुत आराम मिलता है। इसके लिए आप रूई को कैस्टर ऑयल में भिगोकर निचोड़ लें। अब इसे अपनी आंखों पर रखकर आराम कर लें। कुछ देर तक इसे ऐसे ही रहने दें, इससे आंखों में पानी आने की समस्या में आराम मिलेगा। इसके अलावा आप नारियल तेल से भी लैक्रिमेशन को ठीक कर सकते हैं।

### लैक्रिमेशन में हर्बल टी है सहायक

आंखों से आने की समस्या में राहत पाने के लिए आप हर्बल टी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप टी बैग को पानी में भिगोएं और फिर इसे अपनी आंखों पर रखकर आराम करें। इससे आंखों की सिकाई भी की जा सकती है। इससे आपको लैक्रिमेशन में काफी आराम मिलेगा। इस समस्या से निजात पाने के लिए आप ऐसा कुछ दिनों तक रोजाना कर सकते हैं।

### ठंडे दूध से भी ठीक हो सकता है लैक्रिमेशन

लैक्रिमेशन के लिए दूध का इस्तेमाल करना भी फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए ठंडे दूध में रूई को भिगो लें। इसे अपनी आंखों पर लगाएं और आराम से लेट जाएं। इसे रोजाना करने से आंखों से पानी आने की समस्या ठीक होगी। साथ ही आंखों में जलन भी नहीं होगी।

## गुलाब की पंखुड़ी के सेवन और उपयोग से आपकी सेहत को होते हैं बहुत सारे बेहतर फायदे

**गुलाब हर घर की शोभा बढ़ाता है। उसकी खुशबू ना केवल मन मोह लेती है बल्कि गुलाब का फूल धार्मिक महत्व भी रखता है। गुलाब की पंखुड़ियां हमारे शरीर को कई तरीकों से फायदा पहुंचा सकती हैं। संक्रमण से बचाव करना हो या कब्ज की परेशानी दूर करनी हो गुलाब की पत्तियां बेहद उपयोगी हैं।**

**गुलाब की पंखुड़ियों के फायदे :** बता दें कि गुलाब के अंदर विटामिन सी, विटामिन ए, सोडियम, कैल्शियम, आयरन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, कैलोरी, शुगर आदि पाया जाता है।

**अनिद्रा की समस्या को करें दूर :** बता दें कि जो लोग सही से नहीं सो पाते या जो लोग पूरी रात करवट बदलती रहते हैं ऐसे लोगों को इनसोम्निया हो जाता है। इनसोम्निया यानी अनिद्रा की समस्या। ऐसे में बता दें कि गुलाब की पत्तियों के अंदर अनिद्रा को दूर करने के गुण पाए जाते हैं। ऐसे में अच्छी नींद पाने के लिए आप गुलाब की पंखुड़ियों का सेवन कर सकते हैं।

**यूटीआई यानी यूरिनरी ट्रैक्ट इनफेक्शन करें दूर :** यूरिनरी ट्रैक्ट इनफेक्शन यानी यूटीआई की समस्या से ग्रस्त लोग गुलाब की पंखुड़ियों का इस्तेमाल इस समस्या को दूर करने में कर सकते हैं। बता दें कि गुलाब के पंखड़ियों के अंदर एंटीबैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं जो यूरिनरी ट्रैक्ट इनफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं। मूत्र मार्ग से संक्रमण को दूर भगाने में यह बेहद उपयोगी है। लेकिन ध्यान दें कि इस पर अभी और शोध चल रहा है।

**पलकों की सूजन कम करें :** बता दें कि गुलाब की पत्तियां पलकों की सूजन को कम करने में बेहद कारगर हैं। यह तो हम सभी जानते हैं कि गुलाब जल से आंखों की बीमारी को दूर करने में राहत मिलती है लेकिन क्या आप जानते हैं कि गुलाब की पंखुड़ियां पलकों की सूजन को दूर करने में भी उपयोगी है। ऐसे में आपको सबसे पहले गुलाब के फूलों को पीसना होगा और पलकों पर लगाना होगा। ऐसा करने से पलकों की सूजन दूर होती है और आंखों का भारीपन भी दूर होता है।

**डिप्रेशन की समस्या को दूर करें गुलाब की पंखुड़ी :** बता दें कि मानसिक बीमारी डिप्रेशन के कारण व्यक्ति की सोचने समझने की क्षमता पर प्रभाव पड़ता है। ध्यान दें कि गुलाब के पत्तियों के अंदर एंटीडिप्रेसेंट गुण मौजूद होते हैं जो न केबल तनाव को दूर करते हैं बल्कि डिप्रेशन को भी खत्म करते हैं।

**कब्ज की समस्या से मिले छुटकारा :** कब्ज की समस्या को दूर करने में गुलाब की पंखुड़ी बेहद उपयोगी है। जैसा हमने पहले भी बताया कि गुलाब के पंखुड़ी के अंदर फाइबर पाया जाता है और फाइबर कब्ज की समस्या को दूर करने में बेहद उपयोगी है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि गुलाब की पंत्तियां कब्ज की समस्या से छुटकारा दिला सकते हैं। बता दें कि इसके उपयोग से पाचन क्रिया को भी अच्छा बनाया जा सकता है।

**संक्रमण को दूर करने में उपयोगी :** बता दें कि गुलाब की पंखुड़ियों के अंदर विटामिन सी पाया जाता है जो इम्यून सिस्टम के लिए बेहद उपयोगी है।

विटामिन सी से संक्रमण को दूर किया जा सकता है। अगर शरीर में कोई संक्रमण फैला हुआ भी है तो यह उसे रोकने में मदद करता है ऐसे में आप गुलाब की पंखुड़ियों का इस्तमेला करके शरीर को संक्रमण से बचा सकते हैं।

**काले घेरे और मुहांसों से लड़े गुलाब की पंखुड़ियां :** मुहांसों की समस्या को जड़ से खत्म करने में गुलाब की पत्तियां उपयोगी हैं। जैसा हमने पहले भी बताया कि इसके अंदर विटामिन सी पाया जाता है। साथ ही इसके अंदर एंटी ऑक्सीडेंट गुण भी मौजूद होते हैं जो मुहांसों को दूर कर सकते हैं साथ ही चेहरे पर मौजूद लाल निशान से भी छुटकारा दिलाते हैं। वहीं अगर आप आंखों के नीचे काले घेरे से परेशान हैं तो इस समस्या से लड़ने में गुलाब की पत्तियां आपके काम आ सकते हैं। उसके अंदर पाए जाने वाले विटामिन सी आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। आप लोग गुलाब की पत्तियों का सेवन सुबह और रात दोनों समय कर सकते हैं। वहीं आप गुलाब की पंखुड़ियों का गुलकंद या गुलाब की पंखुड़ियों का अर्क या आप गुलाब की पंखुड़ियों को डायरेक्ट भी खा सकते हैं।



### गुलाब की पंखुड़ियों के नुकसान :

- बता दें कि गुलाब की पंखुड़ियों को कीटनाशक दवाओं के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में इसका अधिक सेवन स्वास्थ्य को भी खराब कर सकता है।
- इसके अंदर भरपूर मात्रा में पाए जाने वाला सोडियम हाई ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है। ऐसे गुलाब की पंखुड़ियों के अधिक सेवन से बचना चाहिए।
- अगर गुलाब की पंखुड़ियों के अधिक सेवन से सिरदर्द, मतली आदि समस्या हो सकती है।
- गुलाब की पंखुड़ियों के अंदर शुगर ही पाया जाता है ऐसे में मधुमेह के रोगी इसके सेवन से बचें।



शिक्षक केवल सफलता का रास्ता बता सकता है, लेकिन उस रास्ते पर चलना आपको ही पड़ेगा।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# सरकारों में दम हो तो जाति आधारित आरक्षण बंद करे

## रामभद्राचार्य बोलें- हमने सवर्ण में जन्म लेकर पाप किए है क्या? प्रतिभाओं में आरक्षण नहीं होना चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित श्रीराम कथा के सातवें दिन बुधवार को कथावाचक रामभद्राचार्य महाराज ने राम भरत मिलाप का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुनकर कई श्रोता भावुक हो गए। भरत प्रसंग सुनाते हुए रामभद्राचार्य ने कहा- भरत जी निषाद राज से कहते है- हे मित्र मुझे अर्थ नहीं चाहिए धर्म नहीं चाहिए, काम या मनोवांछित विषय नहीं चाहिए। यहां तक की मुझे मोक्ष भी नहीं चाहिए। मुझे चाहिए क्या। मुझे जन्म चाहिए और जितनी बार जन्म लू सीताराम जी के चरण में मेरा प्रेम बना रहे। ऐसा त्याग देखकर कैकयी का पासा पूरी तरीके से पलट गया। यहीं से भगवान राम को मनाने भरत चित्रकूट के लिए गए। उन्होंने कहा- क्या लीला है भगवान की।

चित्रकूट में आज भी भरत जी की सीसकन सुनाई देती है। भरत जी के आंसुओं से चित्रकूट में कई मनोरम झरने बन गए। हमारा भारत भरत का भारत है। यह सब देखकर निषाद राज समझ गए कि भरत जी राम जी से युद्ध करने तो नहीं जा रहे। उन्हीं में से एक वृद्ध ने कहा- कौन युद्ध करेगा। कैसे युद्ध होगा। कौन हारेगा कौन जितेगा। भरत जी युद्ध करेंगे क्या! नहीं ऐसा कभी नहीं होगा। आज छोटी छोटी जातियों में हमारे राजनेता समाज को बांट रहे है। मैंने कहा है सरकारों में अगर दम हो तो जाति के आधार पर आरक्षण बंद किया जाए। आर्थिक आधार पर आरक्षण हो अपने आप जाति प्रथा समाप्त हो जाएगा।

# खींवसर बोले-मुंडन करना पड़ा तो तिरुपति जाकर करवाऊंगा : कहा- दौसा-चौरासी में टक्कर, पांच सीटें जीतेंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/नागौर।** स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर अपने बयान पर कायम है। खींवसर सीट हारने पर दाढ़ी मूंछ मुंडवाने वाले बयान पर खींवसर ने कहा कि प्राण जाए पर वचन न जाए, वह करना पड़ेगा तो मैं तिरुपति में जाकर करूंगा । हालांकि इसकी नौबत नहीं आएगी। हम 100 प्रतिशत जीत रहे है। दरअसल, प्रदेश की सात सीटों पर उपचुनाव के तहत बुधवार को वोटिंग हो रही है। इनमें खींवसर विधानसभा क्षेत्र भी है। बुधवार को वे खींवसर में बूथ नंबर 131 पर प्रीति कुमारी सिंह के साथ वोट डालने पहुंचे। यहां मीडिया से बातचीत में कहा- हम कम से कम 5 सीट जीत रहे है। उन्होंने कहा-दौसा और चौरासी सीट ,दौसा थोड़ा टाइट है। एक आदिवासी सीट चौरासी टाइट है। झुंझुनू हमारा निकल रहा है, उनियारा निकल रहा है, खींवसर निकल रहा है सलूंबर निकल रहा है। पांच सीट तो हमारी पक्की है दो पर टक्कर है।

**बोले-जो ट्रेंड दिख रहा है, उसके अनुसार हमारी जीत-** गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि जो ट्रेंड दिख रहे है और जो चुनाव का माहौल है हमारी जीत है। खींवसर के चुनाव पर उन्होंने कहा कि 10 महीने का कार्यकाल एक मुद्दा है। दूसरा खींवसर में एक ही परिवार के सभी लोग खड़े होते हैं । कभी भाई चुनाव लड़ता है, कभी खुद चुनाव लड़ते हैं, कभी वाइफ चुनाव लड़ रही है। इससे पार्टी की इंटरनल डेमोक्रेसी खत्म हो जाती है ।

# हाईकोर्ट ने सार्वजनिक रास्तों पर पार्किंग पर लगाई रोक

## जयपुर की हाड़ौता पंचायत ने भारी चारा वाहनों के लिए जारी किया था टैंडर, सीएस सहित 16 को नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** हाईकोर्ट ने नेशनल हाईवे-52 पर जयपुर जिले की ग्राम पंचायत हाड़ौता द्वारा जारी पार्किंग टैंडर में हाईवे और सार्वजनिक रास्तों पर चारा वाहनों की पार्किंग पर रोक लगा दी हैं। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस आशुतोष मिश्रा की खंडपीठ ने यह रोक रामेश्वर प्रसाद व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए लगाई। साथ ही चारागाह भूमि पर पार्किंग टैंडर देने पर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि चौमूं तहसील की ग्राम पंचायत हाड़ौता ने नेशनल हाईवे-52 से लगती हुई सार्वजनिक भूमि, चारागाह भूमि, सर्विस लेन और सड़क पर अवैध रूप से चारामंडी बनाने और राज्य के बाहर से आने वाले भारी चारा वाहनों की पार्किंग के लिए 25 जुलाई को टैंडर जारी कर दिया। इसके कारण चौमूं से वीर हनुमान सामोद जाने वाले मार्ग सहित अन्य सार्वजनिक रास्तों पर यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न होने लगी है। वहीं, भारी चारा वाहनों की पार्किंग से स्थानीय निवासियों को आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट बोला-अफसर जज नहीं बन सकते

## प्रॉपर्टी तोड़ने से पहले 15 दिन का नोटिस, वीडियोग्राफी जरूरी; अफसर दोषी तो निर्माण कराएगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** घर सबका सपना होता है, ये बरसों का संघर्ष है और सम्मान की निशानी। अगर घर गिराया जाता है तो अधिकारी को साबित करना होगा कि यही आखिरी रास्ता था। अफसर खुद जज नहीं बन सकते। बुलडोजर एक्शन पर फैसला सुनाते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यह कमेंट किया।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने बुलडोजर एक्शन पर पूरे देश के लिए 15 गाइडलाइन जारी कीं।

अदालत ने कहा कि अगर घर गिराने का फैसला ले लिया गया है तो 15 दिन का समय दिया जाए। घर गिराने की कार्रवाई की वीडियोग्राफी जरूरी है। अगर कोई अफसर गाइडलाइन का उल्लंघन करता है तो वो अपने खर्च पर दोबारा प्रॉपर्टी का निर्माण कराएगा और मुआवजा भी देगा। अपना घर हो, अपना आंगन हो, इस ख्वाब में हर कोई जीता है। इंसान के दिल की ये चाहत है कि एक घर का सपना कभी न छूटे। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में लगातार बुलडोजर एक्शन के बाद जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में



याचिका लगाई थी। आरोप लगाया था कि बीजेपी शासित राज्यों में मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है और बुलडोजर एक्शन लिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने दलील दी थी कि कोर्ट अपने फैसले से हमारे हाथ ना बांधे। किसी की भी प्रॉपर्टी इसलिए नहीं गिराई गई है, क्योंकि उसने अपराध किया है। आरोपी के अवैध अतिक्रमण पर कानून के तहत एक्शन लिया गया है।

### बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट के 4 फाइनल कमेंट

**1. हर** आदमी का सपना एक घर, क्या छीन सकते हैं जस्टिस बीआर गवई बोले, एक आदमी हमेशा सपना देखता है कि उसका आशियाना कभी ना छीना जाए। हर एक का सपना होता है कि सिर पर छत हो। क्या अधिकारी ऐसे आदमी की छत ले सकते हैं, जो किसी अपराध में आरोपी हो? आरोपी हो या फिर दोषी हो, क्या उसका घर बिना तय प्रक्रिया का पालन किए गिराया जा सकता है?

**2. अधिकारी** जज नहीं, फैसला नहीं कर सकते कौन दोषी सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर कोई व्यक्ति सिर्फ आरोपी है, ऐसे में उसकी प्रॉपर्टी को गिरा देना पूरी तरह असंवैधानिक है। अधिकारी यह तय नहीं कर सकते हैं कि कौन दोषी है, वे खुद जज नहीं बन सकते हैं कि कोई दोषी है या नहीं। यह सीमाओं को पार करना हुआ।

**3. गलत** नीयत वाले एक्शन पर अफसर को बख्शा ना जाए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर कोई अधिकारी किसी व्यक्ति का घर इसलिए गिराता है कि वो आरोपी है, यह गलत है। अधिकारी कानून अपने हाथ में लेता है तो एक्शन लिया जाना चाहिए। मनमाना और एकतरफा एक्शन नहीं ले सकते। अफसर ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए एक सिस्टम हो। अधिकारी को बख्शा नहीं जा सकता है।

**4. घर** गिराना आखिरी रास्ता, यह साबित करना होगा जस्टिस गवई ने कहा, एक घर सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने का मसला है। ये सिर्फ एक घर नहीं होता है, यह बरसों का संघर्ष है, यह सम्मान की भावना देता है। अगर घर गिराया जाता है तो अधिकारी को साबित करना होगा कि यही आखिरी रास्ता था।

# दिल्ली में कोहरा, 8 फ्लाइट्स जयपुर डायवर्ट हुई

## मुंबई, हैदराबाद, पुणे और बेंगलुरु जैसे शहरों से आ रही थी फ्लाइट्स

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** देश में नवंबर के दूसरे सप्ताह में सर्दी ने दस्तक दें दी है। मौसम परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर एयर ट्रैफिक पर नजर आ रहा है। दिल्ली में बढ़ती सर्दी के साथ कोहरे की वजह से लगातार दिल्ली की फ्लाइट्स का डायवर्जन जयपुर एयरपोर्ट पर किया जा रहा है। बुधवार को अब तक दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली 8 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट की जा चुकी है। इसकी वजह से 1000 से ज्यादा पैसेंजर को जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होना पड़ा।

दरअसल, बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर बदलते मौसम की वजह से विजिबिलिटी काफी कम हो गई। इसके बाद अलग-अलग समय पर दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट्स अपने निर्धारित वक्त पर लैंड नहीं हो पाई।

वहीं, कोलकाता,चेन्नई, हैदराबाद, पुणे और बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली 8 फ्लाइट को आखिरी वक्त पर जयपुर डायवर्ट किया गया था। इनमें से 7 फ्लाइट्स ने मौसम साफ होने के बाद एक बार फिर दिल्ली के लिए उड़ान भर ली है। तो वहीं एक फ्लाइट जल्द ही रवाना होने वाली है।

### इन फ्लाइट को किया गया जयपुर डाइवर्ट

- एयर इंडिया की कोलकाता से दिल्ली फ्लाइट एआई -703
- एयर इंडिया की चेन्नई से दिल्ली फ्लाइट एआई - 440
- एयर इंडिया की हैदराबाद से दिल्ली फ्लाइट एआई - 559
- अकासा एयर की हैदराबाद से दिल्ली फ्लाइट क्यूपी - 1405
- स्पाइसजेट की पुणे से दिल्ली फ्लाइट एसजी - 8937
- स्पाइसजेट की बेंगलूरु से दिल्ली फ्लाइट एसजी - 136
- एयर इंडिया की बेंगलूरु से दिल्ली फ्लाइट एआई - 804
- एयर इंडिया की पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट एआई - 852

बता दें कि दिल्ली और एनसीआर के इलाके में बुधवार सुबह मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही आसमान ने धुंध की ओढ़ली। ऐसे में खराब मौसम और कम विजिबिलिटी के कारण दिल्ली एयरपोर्ट से कुल 8 फ्लाइट को जयपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया।

# एसीबी के छापे के बाद रीडर, एसएचओ सस्पेंड

## थाने-क्वार्टर से मिले थे 5.71 लाख; नोटों से भरे लिफाफों पर लिखे थे केस नंबर



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( एजेंसी )।** भरतपुर के महिला थाने में एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई के बाद एसएचओ और रीडर को निलंबित कर दिया गया है। मंगलवार को कार्रवाई के दौरान एसीबी को थाने से 4 लाख 54 हजार रुपए बरामद हुए थे। इसके अलावा एसएचओ के सरकारी आवास की तलाशी के दौरान 1 लाख 17 हजार रुपए मिले थे। कार्रवाई के दौरान एसीबी के एसीपी अमित सिंह ने बताया- परिवादियों से शिकायत मिली थी कि महिला थाने में रिश्वत ली जा रही है। इसके बाद मंगलवार को महिला थाने में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जो देर रात तक जारी रहा।

### पैसों से भरे लिफाफों पर लिखे थे केस नंबर

एसीबी टीम ने जब रीडर जयसिंह की अलमारी की तलाशी ली गई तो उसमें कई लिफाफे मिले। लिफाफों के अंदर रुपए थे और ऊपर केस नंबर लिखा हुआ था। अलमारी से कुल 15 लिफाफे मिले। इनमें 4 लाख 54 हजार रुपए थे।

### एसएचओ के सरकारी क्वार्टर पर भी मिला कैश

टीम ने एसएचओ के सरकारी क्वार्टर पर सर्च ऑपरेशन चलाया। जहां से एसीबी टीम को 1 लाख 17 हजार रुपए मिले। एसएचओ और रीडर से पैसों के बारे में पूछा, लेकिन दोनों में से कोई भी संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। भरतपुर एसीबी ने इसकी सूचना जयपुर अधिकारियों को दी। घटना के बाद सभी जरूरी चीजें जब्त कर ली गई हैं। भंवर सिंह 2025 के मार्च महीने में सेवानिवृत्त होने वाले है।

# हेलिपैड पर चेकिंग, शिंदे बोले-कपड़े हैं, यूरिन पॉट नहीं : ईसी अफसरों की चेकिंग से नाराज उद्धव ने कहा था- मेरा यूरिन पॉट भी चेक कर लें

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के पालघर में कोलगांव हैलिपेड पर बुधवार को इलेक्शन कमीशन के अधिकारियों ने सीएम एकनाथ शिंदे के सामान की चेकिंग की। अधिकारियों ने शिंदे के बैग, ब्रीफकेस और दूसरे सामान को जांचा। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। शिंदे ने अधिकारी से कहा- कपड़े हैं.. अधिकारी ने हां में सिर हिलाया। इसके बाद शिंदे ने कहा- कपड़े हैं, यूरिन पॉट बगैरह नहीं है। शिंदे का यह कमेंट उद्धव के बयान पर तंज माना जा रहा था। दरअसल, 11 और 12 नवंबर को हैलिपेड पर 2 बार उद्धव ठाकरे के भी सामान की जांच हुई थी। तब उद्धव ने इसका वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कहते नजर आ रहे थे- मेरा बैग चेक कर लीजिए। चाहे तो मेरा यूरिन पॉट भी चेक कर लीजिए, लेकिन अब मुझे मोदी के बैग चेक करते हुए भी आप लोगों का वीडियो चाहिए। वहां आप अपनी पूंछ मत झुका देना। शिंदे के अलावा बुधवार को पुणे में केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले के हेलिकॉप्टर की भी जांच की गई। इससे पहले मंगलवार को लातूर में ईसी ने नितिन गडकरी के बैग की चेकिंग की गई थी।

# पुष्कर मेला : 11 करोड़ का घोड़ा आया

## दावा- यह देश का सबसे ऊंचा; ऊंचाई 72 इंच, धोरों पर बनाया राम-मंदिर और देवमाली गांव

बढ़ता राजस्थान

पुष्कर। इंटरनेशनल पुष्कर फेयर में मोहाली (पंजाब) से आए घोड़े की 11 करोड़ की बोली लगी है। दावा है कि ये देश का सबसे ऊंचा घोड़ा है। इस घोड़े का नाम कर्मदेव है। इसके पिता द्रोणा और दादा शानदार और परदादा आलीशान है। कर्मदेव की ऊंचाई 72 इंच और उम्र 4 साल तीन महीने है।

मोहाली से आए घोड़ा विक्रेता गुरु प्रताप सिंह गिल ने बताया- उनके वीर स्टड फार्म में 82 घोड़े हैं। पुष्कर मेले में वे 30 घोड़े लेकर आए हैं। कर्मवीर के अलावा महंगे घोड़ों में ब्रह्मदेव भी है। इसकी 11 करोड़ कीमत पिछले साल लग चुकी। इसकी हाइट 70 इंच है और पंचकल्याणक है। कर्मवीर और ब्रह्मदेव दोनों की कीमत 11-11 करोड़ लग चुकी है, लेकिन वे इसे बेचना नहीं चाहते। जब ढाई साल



के थे तो दोनों ही जोधपुर का रंसी शो जीत चुके हैं।

इस मेले में बने बड़े-बड़े सैंड आर्ट भी सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। बालू के धोरों पर... बेहतरीन बालू कला शैली लोगों को हैरान कर रही है। इन कलाकृतियों को पुष्कर के ग्रामीण इलाके में रहने वाले अजय रावत ने बनाई हैं।

# पीएम ने 12 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए

## दरभंगा एम्स की नींव रखी, 3 रेलवे स्टेशन, बायपास का लोकार्पण

### बोले-आंखों का अस्पताल भी बन रहा

बढ़ता राजस्थान

**दरभंगा ( एजेंसी )।** पीएम मोदी ने बुधवार को दरभंगा से 12 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए। प्रधानमंत्री ने दरभंगा एम्स की नींव रखी। शोभन बायपास में 187 एकड़ जमीन पर 750 बेड वाला राज्य का दूसरा एम्स बनेगा। सरकार ने 2019-20 में दरभंगा में एम्स की स्वीकृति दी थी।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने नवनिर्मित तीन रेलवे स्टेशन समेत 389 करोड़ की लागत से बने दरभंगा रेलवे बायपास लाइन का भी लोकार्पण किया। पीएम मोदी ने जिन तीन नए रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया, उनमें काकरघाटी रेलवे स्टेशन, दिल्ली मोड़ के पास दरभंगा बायपास हॉल्ट और शीसो रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

12 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू करने के बाद प्रधानमंत्री ने शोभन बायपास पर सभा को संबोधित किया। उन्होंने मैथिली में अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने मंच से शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। कहा, शारदा सिन्हा जी ने छठ की महिमा को अपने गीतों से पूरी दुनिया में पहुंचाया। मैं मिथिला की धरती की बेटी, बिहार कोकिला शारदा सिन्हा को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।



**पुरानी सोच और अप्रोच दोनों को बदला-**पीएम ने नीतीश सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि हमारे देश में सबसे बड़ी आबादी गरीब और मध्यम वर्ग की है। बीमारी भी इसी वर्ग को प्रभावित करती है। घर में कोई बीमार पड़ता है तो पूरा परिवार संकट में आ जाता है। जब तक नीतीश जी सरकार में नहीं आए थे, तब तक गरीबों की समस्या को लेकर किसी को कोई चिंता नहीं थी। एनसरकार ने पुरानी सोच और अप्रोच दोनों को बदला।

**नीतीश बोले- हाथ उठाकर पीएम का अभिवादन कीजिए-**इससे पहले नीतीश कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी हमारी सोच से बेहतर एम्स बनवाएंगे। उन्होंने लोगों से हाथ उठाकर प्रधानमंत्री का अभिवादन करने को कहा। नीतीश कुमार ने कहा, 2003 में पहली बार वाजपेयी जी की सरकार ने पटना एम्स बनाने का फैसला लिया था। दरभंगा एम्स बनने के बाद लोगों को फायदा होगा। इलाके का विस्तार होगा। दरभंगा मेडिकल कॉलेज का विस्तार करेंगे। इसमें 2500 बेड की व्यवस्था करेंगे।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com